निष्पक्ष एवं निर्भीक हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स




पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते सीएम हेमंत सोरेन

• बोकारो, गुरुवार 16 जुलाई 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 60 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

## सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गिरिडीह।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो चचेरे भाइयों समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार पचंबा-जमुआ मुख्य मार्ग पर पथलनावाडीह के पास बुधवार को हुए सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान पचंबा थाना क्षेत्र के हरिचक निवासी 27 वर्षीय प्रभात स्वर्णकार के रूप में हुई है। प्रभात की स्कूटी सामने एक टेंपो को पलटते देख ब्रेक लगाने के कारण अनियंत्रित होकर गिर गई थी। जानकारी के अनुसार प्रभात स्वर्णकार बुधवार को अपनी स्कूटी से हरिचक स्थित अपने घर से राजधनवार जा रहे थे तभी हादसे का शिकार हो गये। वहीं जिले के तिसरी थाना क्षेत्र में बुधवार को एक सड़क हादसे में दो चचेरे भाइयों की मौत हो गई। यह घटना तिसरी-गांवा मुख्य मार्ग पर भुराई मध्य विद्यालय के पास हुई जहां एक बोलेरो और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। मृतकों की पहचान गुम्मी राउत टोला निवासी 25 वर्षीय विवेक राउत (पिता स्व. विजेंद्र राउत) और प्रिंस राउत (पिता विजय राउत) के रूप में हुई है। दोनों आपस में चचेरे भाई थे और तिसरी के दक्षिणी क्षेत्र के जिला परिषद सदस्य रामकुमार राउत के रिश्तेदार बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार दोनों युवक तिसरी चौक से अपनी बाइक से अपने घर गुम्मी लौट रहे थे। इसी दौरान गांव की ओर से आ रही एक काले रंग की बोलेरो ने उन्हें सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों युवक करीब 20 फीट ऊपर उछलकर दूर जा गिरे। हादसे में बाइक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

### मुख्यमंत्री ने पथ निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# संकीर्ण सड़कों का होगा चौड़ीकरण : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को झारखंड मंत्रालय में पथ निर्माण विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में अधिकारियों की कार्यशैली पर कड़ा रुख अपनाते हुए लंबित सड़क, फ्लाईओवर और पुल-पुलिया परियोजनाओं को लेकर सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वर्षों से लंबित परियोजनाओं को हर हाल में गति दी जाए और प्रमुख कार्यों को आगामी दो माह के भीतर पूरा किया जाए अन्यथा संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों के विरुद्ध विभागीय कार्यवाही की जाएगी। बैठक में पिछले पांच वर्षों की विभागीय उपलब्धियों, निर्माणाधीन एवं पूर्ण परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने कार्यों में हो रही देरी और लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि जनता की सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता है और गुणवत्ता से किसी भी तरह का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विभाग को निर्देश दिया कि राज्य की सभी सड़क एवं पुल परियोजनाओं का डिजिटल डेटाबेस तैयार कर जियो-टैगिंग अनिवार्य की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परियोजना की लागत, समय-सीमा और प्रगति का पूरा विवरण ऑनलाइन उपलब्ध होना चाहिए, ताकि निगरानी, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि नियमित मॉनिटरिंग से परियोजनाओं में देरी की पहचान समय रहते होगी और आम लोगों को बेहतर सड़क सुविधाएं मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्हें लगातार सोशल मीडिया, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के माध्यम से खराब सड़कों, गड्ढों, जलजमाव और निर्माण कार्यों में अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई करें और शिकायतों के निस्तारण का अद्यतन रिकॉर्ड भी रखें। उन्होंने कहा कि बारिश के मौसम में खराब सड़कें दुर्घटनाओं का कारण बनती हैं, इसलिए गड्ढों की मरम्मत, जल निकासी व्यवस्था और सड़क गुणवत्ता सुधार को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री ने विभाग को निर्देश दिया कि जहां भी संकीर्ण सड़कें यातायात में बाधा बन रही हैं वहां चौड़ीकरण और सुदृढ़ीकरण का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। साथ ही सभी निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने पुल-पुलियों के किनारों को मजबूत बनाने, जल निकासी की समुचित व्यवस्था करने और निर्माण कार्यों की नियमित समीक्षा करने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने राजधानी रांची सहित राज्य के विभिन्न जिलों में वर्षों से लंबित सड़क एवं फ्लाईओवर परियोजनाओं पर विशेष चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि ऐसी परियोजनाओं को प्राथमिकता देकर जल्द पूरा किया जाए ताकि लोगों को यातायात संबंधी परेशानियों से राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने सोलर साइकिल ट्रैक सहित अन्य नई परियोजनाओं की भी समीक्षा करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निर्माण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य सचिव अविनाश कुमार, पथ निर्माण विभाग के सचिव सुनील कुमार, अभियंता प्रमुख प्रवीण जयंत भेंगरा और विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।




### संक्षिप्त समाचार

## बैंक ऑफ बड़ौदा पर धोखाधड़ी का आरोप

**जमशेदपुर (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के गोलमुरी थाना क्षेत्र में स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा पर 40 लाख रुपए की धोखाधड़ी का आरोप लगा है। सिधु रोड निवासी बदल कुमार कुंडु ने बैंक के शाखा प्रबंधक और संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ गोलमुरी थाना में प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है। उन्होंने निवेश में धोखाधड़ी और गबन का आरोप लगाया है। बदल कुमार कुंडु के अनुसार वर्ष 2020 में बैंक अधिकारियों ने उन्हें म्यूचुअल फंड में निवेश के लिए प्रेरित किया था। उनके भरोसे पर कुंडु ने वर्ष 2020 से अब तक लगभग 40 लाख रुपये का निवेश किया।

## एंबुलेंस नहीं मिलने से छात्रा की मौत

**गुमला (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कथित लापरवाही के कारण 9वीं कक्षा की छात्रा शिवानी कुमारी (15) की मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों और स्थानीय लोगों में स्वास्थ्य विभाग के खिलाफ भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। परिजनों का आरोप है कि समय पर न तो एंबुलेंस उपलब्ध कराई गई और न ही ऑक्सीजन की व्यवस्था की गई जिसके कारण छात्रा की जान चली गई।

## घर के बाहर खड़ी कार में लगाई आग

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के बेंगाबाद मेन बाजार स्थित सर्कस मैदान के पास मंगलवार देर रात अज्ञात अपराधियों ने घर के बाहर खड़ी मारुति सुजुकी फ्रॉन्क्स कार को आग लगा दी। देखते ही देखते वाहन धू-धू कर जलने लगा। स्थानीय लोगों ने आग की लपटें उठती देख शोर मचाया और मौके पर जुटने लगे लेकिन तब तक आग काफी फैल चुकी थी। इस घटना ने बाजार क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

## रिम्स में अब 250 सीटों पर होगा नामांकन

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड में मेडिकल के क्षेत्र में करियर बनाने वालों के लिए बड़ी खुशखबरी है। नेशनल मेडिकल कमिशन (एनएमसी) ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स), रांची में एमबीबीएस की सीटों को बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। एनएमसी द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार रिम्स में एमबीबीएस की सीटों की संख्या 180 से बढ़ाकर अब 250 कर दी गई है। इसका मतलब यह है कि राज्य के सबसे बड़े सरकारी मेडिकल कॉलेज में अब डॉक्टरों की पढ़ाई के लिए सीधे 70 सीटें बढ़ गई हैं। राहत की बात यह है कि इसी चालू शैक्षणिक सत्र से ही बढ़ी हुई सभी 250 सीटों पर विद्यार्थियों का नामांकन लिया जाएगा।

# प्रस्तावित एलिवेटेड रोड पर सियासी संग्राम

### सांसद ढुल्लू महतो और विधायक अरूप चटर्जी ने किया शक्ति प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**धनबाद।** निरसा में प्रस्तावित एलिवेटेड रोड परियोजना को लेकर बुधवार को सियासी पारा चरम पर रहा। भाजपा और भाकपा (माले) ने अलग-अलग पदयात्राएं और जनसभाएं आयोजित कर अपनी राजनीतिक ताकत का प्रदर्शन किया। एक ओर सांसद ढुल्लू महतो समर्थकों के साथ सड़क पर उतरे तो दूसरी ओर विधायक अरूप चटर्जी ने भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ मार्च निकाला। दोनों कार्यक्रमों के मद्देनजर पूरे इलाके में भारी पुलिस बल की तैनाती रही। एलिवेटेड रोड निर्माण को लेकर भाजपा की पदयात्रा निरसा कोटा के समीप से शुरू होकर हाथबाड़ी तक पहुंची। पदयात्रा के बाद आयोजित सभा में सांसद ढुल्लू महतो ने परियोजना को क्षेत्र के विकास के लिए जरूरी बताते हुए राज्य सरकार और स्थानीय विधायक पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक अरूप चटर्जी विकास कार्यों में बाधा डाल रहे हैं और जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। उधर भाकपा (माले) विधायक अरूप चटर्जी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने निरसा स्थित पार्टी कार्यालय से पदयात्रा निकाली। यह मार्च देवियाना मोड़ के आगे तक गया जहां सभा आयोजित की गई। अपने संबोधन में विधायक ने एलिवेटेड रोड परियोजना में कथित अनियमितताओं का मुद्दा उठाया और कहा कि जनता के हितों से समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि परियोजना का ठेका भाजपा से जुड़े लोगों को मिला है और निर्माण कार्य में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही है। दोनों दलों की सभाएं लगभग एक ही समय पर और करीब आधा किलोमीटर की दूरी पर आयोजित हुईं। संभावित तनाव को देखते हुए प्रशासन पूरी तरह सतर्क रहा। संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया और पूरे कार्यक्रम पर वरिष्ठ अधिकारियों की नजर बनी रही। हालांकि दोनों कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुए। सांसद ढुल्लू महतो ने कहा कि विधायक अरूप चटर्जी विकास विरोधी राजनीति कर रहे हैं और एलिवेटेड रोड निर्माण में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना अनुमति कार्यक्रम आयोजित कर सरकार के खिलाफ आंदोलन किया जा रहा है। सांसद ने प्रशासन से मामले में उचित कार्रवाई की मांग करते हुए माले पर भी तीखा राजनीतिक हमला बोला। एलिवेटेड रोड का मुद्दा अब केवल विकास परियोजना तक सीमित नहीं रह गया है बल्कि यह निरसा की राजनीति का बड़ा केंद्र बन चुका है। बुधवार को हुए शक्ति प्रदर्शन ने साफ संकेत दे दिया है कि आने वाले दिनों में इस मुद्दे पर राजनीतिक टकराव और तेज होने की संभावना है।

## हाईटेक बिल्डर्स पानस रियल्टर्स और दयानंद मोदी ग्रुप के ठिकानों पर छापा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची में बुधवार को आयकर विभाग ने रियल एस्टेट कारोबार से जुड़े दो बड़े समूहों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक साथ कई ठिकानों पर छापेमारी की। आयकर विभाग की जांच टीम ने पानस रियल्टर्स और दयानंद मोदी ग्रुप से जुड़े आवासीय एवं व्यावसायिक परिसरों में पहुंचकर दस्तावेजों की गहन जांच शुरू की। कार्रवाई के दौरान संबंधित परिसरों में आने-जाने पर निगरानी रखी गई और बाहरी लोगों के प्रवेश पर भी रोक लगाई गई। सूत्रों के अनुसार आयकर विभाग की टीम वित्तीय लेनदेन, आयकर रिटर्न, निवेश, संपत्ति खरीद-बिक्री और डिजिटल रिकॉर्ड की जांच कर रही है। कई स्थानों से कंप्यूटर, लैपटॉप, हार्ड डिस्क और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को खंगाला गया। बैंक खातों और अन्य वित्तीय दस्तावेजों का भी मिलान किया जा रहा है। फिलहाल जांच जारी है और विभाग ने आधिकारिक रूप से किसी बरामदगी या कथित कर चोरी की राशि का खुलासा नहीं किया है। इसलिए कार्रवाई के अंतिम निष्कर्ष जांच पूरी होने के बाद ही सामने आएंगे। बताया जा रहा है कि यह कार्रवाई आयकर अधिनियम के तहत प्राप्त सूचनाओं और प्रारंभिक जांच के आधार पर की जा रही है। विभाग यह पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि कारोबार से संबंधित सभी आय और निवेश का सही विवरण कर विभाग को उपलब्ध कराया गया था या नहीं। जांच के दौरान कई दस्तावेजों का मिलान किया जा रहा है तथा संबंधित लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। आयकर विभाग की इस कार्रवाई से रियल एस्टेट क्षेत्र में पूरे दिन हलचल बनी रही। संबंधित परिसरों के बाहर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रही और विभागीय अधिकारी देर शाम तक जांच में जुटे रहे। अधिकारियों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही किसी प्रकार की आधिकारिक जानकारी साझा की जाएगी।

## पूर्व एनडीए प्रत्याशी अजहर इस्लाम के घर पर प्रशासन का छापा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पाकुड़।** जिले के सदर प्रखंड के जानकीनगर गांव में पाकुड़ पुलिस ने बुधवार को पूर्व एनडीए प्रत्याशी अजहर इस्लाम के घर पर छापेमारी की। छापेमारी में पाकुड़ नगर, मुफस्सिल और मालपहाड़ी ओपी की पुलिस शामिल रही। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार गौरव ने छापेमारी की पुष्टि की है। जानकारी के मुताबिक मुफस्सिल थाने की पुलिस कल एक जमीन विवाद की जांच करने पहुंची थी, इसी दौरान पूर्व आजसू उम्मीदवार अजहर इस्लाम, उनके सहयोगियों और पुलिस के बीच झड़प हो गई। इसके बाद मुफस्सिल थाने में पदस्थापित पुलिस अवर निरीक्षक रामदुलार सिंह के लिखित बयान के आधार पर कांड संख्या 96/26 में अजहर इस्लाम, अली अकबर, अजहर के पर्सनल निजी सुरक्षा, सहयोगी और मजदूर को अभियुक्त बनाया गया है। पुलिस ने अजहर इस्लाम के खिलाफ अनुमंडल दंडाधिकारी द्वारा लगाए गए निषेधाज्ञा का उल्लंघन करने, झूठे केस में फंसाने की धमकी देने और अभद्र व्यवहार करते हुए धक्का-मुक्की करने का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज की है। इस मामले में पुलिस ने अजहर इस्लाम, उनके पिता अली अकबर और अन्य की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी की है। घटना के बाद श्रम अधीक्षक भी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंची और वहां से कुछ बाल मजदूरों का रेस्क्यू किया।

## पिस्का और मुरी रेलवे स्टेशनों का लोकार्पण कल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** रांची रेल मंडल के पिस्का और मुरी रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के बाद अब इन दोनों स्टेशनों के लोकार्पण की तैयारियां अंतिम चरण में है। दोनों स्टेशनों का उद्घाटन 17 जुलाई को प्रस्तावित है। रेलवे प्रशासन ने इस अवसर को यादगार बनाने के लिए व्यापक तैयारियां शुरू कर दी हैं। उद्घाटन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ेंगे। इधर मुख्यमंत्री और राज्यपाल को भी आमंत्रित किया गया है। दोनों स्टेशनों पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों, स्कूली बच्चों और आम लोगों की भागीदारी के साथ कार्यक्रम आयोजित करने की योजना है। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत विकसित किए गए पिस्का और मुरी रेलवे स्टेशन अब आधुनिक सुविधाओं से लैस हो गया है। यात्रियों को बेहतर अनुभव देने के लिए स्टेशन भवन का नया स्वरूप तैयार किया गया है। स्टेशन परिसर में आधुनिक प्रतीक्षालय, पेयजल, स्वच्छ शौचालय, दिव्यांग यात्रियों के लिए अनुकूल सुविधाएं, बेहतर प्रकाश व्यवस्था, आकर्षक प्रवेश द्वार, यात्री सूचना प्रणाली और अन्य मूलभूत सुविधाएं विकसित की गई हैं। रेलवे का कहना है कि इन स्टेशनों के विकसित होने से आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के यात्रियों को भी सीधा लाभ मिलेगा। रांची रेल मंडल ने उद्घाटन समारोह को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। स्टेशन परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन, सजावट और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए अधिकारियों को अलग-अलग जिम्मेदारियां भी सौंपी गई हैं। इस संबंध में रांची रेल मंडल की डीसीएम श्रेया सिंह ने बताया कि 17 जुलाई को पिस्का और मुरी रेलवे स्टेशन का लोकार्पण प्रस्तावित है। उद्घाटन कार्यक्रम को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। दोनों स्टेशनों को आधुनिक यात्री सुविधाओं से सुसज्जित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री और राज्यपाल को भी आमंत्रित किया गया है। हमारा प्रयास है कि यह समारोह स्थानीय लोगों के लिए भी यादगार बने और यात्रियों को बेहतर सुविधाओं का लाभ मिले।

## स्टोन मार्क ब्राउन शुगर के साथ दो गिरफ्तार

**लोहरदगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिला पुलिस ने नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब पांच लाख रुपये मूल्य की 25 ग्राम स्टोन मार्क ब्राउन शुगर के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को वाहन जांच अभियान के दौरान कुडू थाना क्षेत्र से पकड़ा गया। पुलिस ने दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। अब पुलिस इस बात की गहन जांच कर रही है कि इस अवैध कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा पकड़े गए आरोपी ब्राउन शुगर की खेप किसे सप्लाई करने जा रहे थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान चंदवा थाना क्षेत्र निवासी स्वर्गीय अजय प्रसाद के पुत्र अक्षत कुमार तथा अरुण मिस्त्री के पुत्र रोहित कुमार के रूप में हुई है।


### नई दिल्ली स्थित भारत मंडपम में उद्योग मंत्री ने किया झारखंड पवेलियन का उद्घाटन

# बुनकरों को बाजार से जोड़कर बढ़ाएंगे रोजगार : मंत्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**रांची/नई दिल्ली।** देश की राजधानी नयी दिल्ली स्थित भारत मंडपम में आयोजित भारत टेक्स 2026 के दौरान झारखंड पवेलियन का उद्घाटन करते हुए राज्य के उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कहा कि झारखंड की पहचान केवल राज्य की सीमाओं तक सीमित नहीं रहनी चाहिए बल्कि देश और दुनिया तक पहुंचनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य की समृद्ध हस्तकरघा और वस्त्र विरासत को वैश्विक मंच पर स्थापित कर बुनकरों और कारीगरों के लिए नए अवसर सृजित करना चाहती है। मंत्री ने कहा कि जब राज्य में रोजगार के अवसर बढ़ेंगे तो युवाओं को रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा और झारखंड के आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी। संजय प्रसाद यादव ने कहा कि भारत टेक्स 2026 झारखंड के पारंपरिक वस्त्र उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण मंच है। इस आयोजन के माध्यम से बुनकरों और कारीगरों को नए व्यावसायिक अवसर मिलेंगे तथा राज्य का वस्त्र उद्योग वैश्विक मूल्य श्रृंखला से जुड़ेगा। झारखंड पवेलियन में राज्य के छह जीआई टैग प्राप्त हस्तकरघा उत्पादों का प्रदर्शन किया गया जिसने देश-विदेश से आए खरीदारों और आगंतुकों का ध्यान आकर्षित किया। भारत टेक्स 2026 वस्त्र एवं परिधान उद्योग की संपूर्ण मूल्य श्रृंखला के लिए व्यापार, निवेश, नवाचार, नीतिगत संवाद और रणनीतिक साझेदारी का प्रमुख वैश्विक मंच बन चुका है। यह आयोजन भारत की वस्त्र एवं फैशन उद्योग में बढ़ती वैश्विक भूमिका, सतत विकास, तकनीकी नवाचार और अंतरराष्ट्रीय व्यापार को नई दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। कार्यक्रम में उद्योग विभाग के निदेशक विशाल सागर, अपर सचिव प्रीति सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। आयोजन में देश-विदेश के निर्माता, निर्यातक, वैश्विक खरीदार, निवेशक, नीति-निर्माता, अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल, स्टार्टअप, प्रौद्योगिकी प्रदाता तथा हस्तशिल्प एवं हस्तकरघा क्षेत्र से जुड़े बड़ी संख्या में कारीगरों ने भाग लिया।




# उसरी नदी से पाइपलाइन के जरिए पानी उठाव का विरोध

## पथ निर्माण विभाग कार्यालय के समक्ष धरना की चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** उसरी नदी से पाइपलाइन के माध्यम से पानी उठाकर बालमुकुंद फैक्ट्री तक पहुंचाने के कथित प्रयास का विरोध एक बार फिर तेज हो गया है। भाकपा (माले) नेता राजेश सिन्हा ने आरोप लगाया कि फैक्ट्री प्रबंधन लगातार उसरी नदी से पानी ले जाने की योजना पर काम कर रहा है। विरोध होने पर कुछ समय के लिए कार्य रोक दिया जाता है, लेकिन बाद में फिर से काम शुरू कर दिया जाता है। राजेश सिन्हा ने कहा कि गंगापुर गांव के समीप उसरी नदी में पाइप जोड़कर करीब दो किलोमीटर दूर स्थित फैक्ट्री तक पानी पहुंचाने की तैयारी की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि विरोध करने वाले ग्रामीणों को





पुलिस कार्रवाई और मुकदमे की धमकी देकर दबाव बनाने की कोशिश की जाती है उन्होंने कहा कि यह केवल पानी उठाव का मामला नहीं, बल्कि पर्यावरण और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा का मुद्दा है। इस मामले में सभी सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और राजनीतिक दलों को एकजुट होकर आगे आने की जरूरत है। उन्होंने फैक्ट्री प्रबंधन पर मजदूरों के साथ अभद्र व्यवहार, मारपीट, अचानक नौकरी से हटाने तथा प्रदूषण संबंधी नियमों की अनदेखी करने के भी आरोप लगाए।राजेश सिन्हा ने बताया कि लगभग तीन महीने पहले भी इसी तरह पाइपलाइन बिछाने का प्रयास किया गया था। उस समय भाकपा (माले) ने पथ निर्माण विभाग से सड़क काटने की अनुमति का आधार पूछा था। विभाग ने सड़क से संबंधित अनुमति की बात स्वीकार की, लेकिन नदी में पाइप डालने की कोई स्वीकृति नहीं होने की जानकारी दी थी। उन्होंने दावा किया कि विभागीय अधिकारियों ने ग्रामीणों के समक्ष लिखित रूप से भी यह स्वीकार किया था कि नदी में पाइप डालने की अनुमति नहीं दी गई है। इसके बावजूद अब फिर से वही कार्य शुरू होने का आरोप लगाया गया है।उन्होंने कहा कि इस मामले की जानकारी पथ निर्माण विभाग एवं अनुमंडल पदाधिकारी को दे दी गई है। पहले रोड मार्च कर विरोध दर्ज कराया गया था और अब पथ निर्माण विभाग कार्यालय के समक्ष धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। साथ ही पर्यावरण मंत्री, मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ), झारखंड राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, वन विभाग, गिरिडीह के सांसद, विधायक तथा अन्य जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों को भी लिखित शिकायत भेजी जाएगी राजेश सिन्हा ने गिरिडीह की जनता से अपील करते हुए कहा कि उसरी नदी और प्राकृतिक संसाधनों की रक्षा के लिए सभी को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी, ताकि नदी को नुकसान पहुंचाने वाली किसी भी योजना को रोका जा सके।

# लर्निंग लाइसेंस शिविर में सड़क सुरक्षा का दिया गया पाठ, यातायात नियमों के पालन का दिलाया संकल्प

## गावों में आयोजित शिविर में 80-90 आवेदकों ने लिया हिस्सा, हेलमेट, सीट बेल्ट और सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति किया गया जागरूक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिला परिवहन विभाग की ओर से



बुधवार को गावों में आयोजित नवशिक्षु चालक अनुज्ञप्ति लर्निंग लाइसेंस शिविर के दौरान सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

शिविर में लाइसेंस बनवाने पहुंचे सभी प्रशिक्षुओं को सुरक्षित वाहन संचालन के लिए आवश्यक नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। इस दौरान प्रशिक्षुओं को हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नहीं करने तथा सभी यातायात संकेतों और नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित किया गया। अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षित वाहन संचालन केवल स्वयं की सुरक्षा ही नहीं, बल्कि अन्य सड़क उपयोगकताओं की सुरक्षा के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। साथ ही प्रशिक्षुओं को वैध ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के बाद ही वाहन चलाने और जिम्मेदार एवं अनुशासित चालक बनने का संकल्प भी दिलाया गया शिविर में लगभग 80 से 90 इच्छुक आवेदकों ने नवशिक्षु चालक अनुज्ञप्ति लर्निंग लाइसेंस के लिए आवेदन किया और सड़क सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं।

## संक्षिप्त समाचार

### खिरोध पुल निर्माण की गुणवक्ता पर फिर उठे सवाल

**तिसरी/गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** तिसरी प्रखंड की गूमगी पंचायत में मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत निमार्णाधीन खिरोध पुल एक बार फिर विवादों में है। फाउंडेशन में पहले सामने आई हनीकॉम्बिंग (कंक्रीट में खाली जगह बनने) की शिकायत के बाद संबंधित हिस्से की मरम्मत कर दोबारा निर्माण कराया गया था। अब पुल की ऊपरी सतह पर दरार दिखाई देने से ग्रामीणों ने निर्माण गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाते हुए निष्पक्ष तकनीकी जांच की मांग की है ग्रामीणों का कहना है कि पुल निर्माण शुरू होने के समय से ही कार्य की गुणवत्ता को लेकर लगातार आपत्तियां उठाई जाती रही हैं। उनका आरोप है कि फाउंडेशन में आई तकनीकी खामी के बाद सुधारात्मक कार्य तो किया गया, लेकिन अब ऊपरी हिस्से में दरार दिखने से आशंका और बढ़ गई है। ग्रामीणों की मांग है कि निर्माण सामग्री, कार्य की गुणवत्ता और दरार के कारणों की स्वतंत्र तकनीकी जांच कराई जाए, ताकि यह स्पष्ट हो सके कि निर्माण स्वीकृत मानकों के अनुरूप हुआ है या नहीं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है वर्षों के आंदोलन के बाद मिली थी पुल की सौगात खिरोध और आसपास के गांवों के लोगों ने वर्षों तक पुल निर्माण के लिए संघर्ष किया था। ग्रामीणों ने चुनाव के दौरान "पुल नहीं तो वोट नहीं" का नारा देते हुए आंदोलन भी चलाया था। लंबे प्रयासों के बाद मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना के तहत पुल की स्वीकृति मिली, जिससे लोगों में खुशी थी। लेकिन अब निर्माण गुणवत्ता को लेकर उठ रहे सवालों ने इस खुशी पर चिंता की परत डाल दी है रिंकू बरनवाल ने की कार्रवाई की मांग



जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बरनवाल ने आरोप लगाया कि पुल निर्माण में घटिया गुणवत्ता का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि निर्माण में इस्तेमाल हो रहे बालू में मिट्टी की मात्रा अधिक है, सरियों में जंग लगी हुई है और सीमेंट का उपयोग भी मानकों के अनुरूप नहीं किया जा रहा। उन्होंने दावा किया कि कुछ दिन पहले इससे संबंधित वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया था। रिंकू बरनवाल ने जिला प्रशासन और राज्य सरकार से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषी पाए जाने पर संबंधित ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग की है जांच रिपोर्ट का इंतजार फिलहाल पुल की सतह पर दिखाई दी दरार को लेकर क्षेत्र में चर्चा तेज है। निर्माण एजेंसी या संबंधित विभाग की ओर से अभी तक कोई आधिकारिक तकनीकी रिपोर्ट जारी नहीं की गई है। ऐसे में दरार की वास्तविक वजह और निर्माण की गुणवत्ता का सही आकलन विभागीय एवं तकनीकी जांच के बाद ही सामने आ सकेगा।

### तिसरी में बोलेरो-बाइक की भीषण टक्कर, दो युवकों की मौत, पुलिस ने बोलेरो जब्त किया

**तिसरी/गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** गिरिडीह जिले के तिसरी थाना क्षेत्र के पालमो गांव के पास बुधवार को बोलेरो और बाइक के बीच हुई भीषण टक्कर में दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में शोक की लहर दौड़ गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार,



तिसरी के राउतडीह निवासी 20 वर्षीय प्रिंस यादव पिता विजय यादव एवं 20 वर्षीय विवेक यादव पिता विरेंद्र यादव बाइक से तिसरी चौक से सामान खरीदकर अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान विपरीत दिशा से तेज रफ्तार में आ रही एक बोलेरो ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवक करीब 20 फीट दूर जाकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे में प्रिंस यादव की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल विवेक यादव को ग्रामीणों और तिसरी थाना पुलिस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिसरी पहुंचाया गया। वहां इलाज के दौरान उसने भी दम तोड़ दिया घटना की सूचना मिलते ही दोनों युवकों के परिजन अस्पताल पहुंचे। दो-दो युवकों की मौत की खबर सुनते ही अस्पताल परिसर में चीख-पुकार मच गई और माहौल गमगीन हो गया।घटना के बाद तिसरी थाना पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त बाइक और बोलेरो को जब्त कर लिया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है तथा दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### कटिहार रेल मंडल में डीआरयूसीसी की 89वीं बैठक

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटिहार रेल मंडल को और अधिक आधुनिक, सुरक्षित तथा यात्री-अनुकूल बनाने की दिशा में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में 89वीं मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक किरेंद्र नरह एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक मनोज कुमार सिंह ने किया। बैठक में मंडल के सभी प्रमुख विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ डीआरयूसीसी के 14 सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में कटिहार मंडल के रेल परिचालन, राजस्व वृद्धि, यात्री सुविधाओं के विस्तार और अमृत भारत



स्टेशन योजना के तहत विभिन्न स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। अधिकारियों ने विकास योजनाओं की प्रगति से समिति को अवगत कराया, वहीं सदस्यों ने यात्रियों से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों को मजबूती से उठाया। वही इस सत्र की अंतिम बैठक में स्वच्छता,पेयजल, प्रतीक्षालय, पार्किंग, सुरक्षा व्यवस्था, यात्री सूचना प्रणाली, स्टेशन परिसर के सौंदर्यीकरण तथा आधारभूत संरचना को बेहतर बनाने जैसे विषयों पर गंभीर चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने विभिन्न स्टेशनों पर यात्रियों को हो रही समस्याओं और सुविधाओं के विस्तार को लेकर कई व्यावहारिक सुझाव दिए। संबंधित अधिकारियों ने सभी सुझावों पर शीघ्र कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए कहा कि यात्रियों की सुविधा रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में सदस्यो द्वारा कटिहार मंडल के स्टेशनों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने, यात्री सुरक्षा को और मजबूत बनाने तथा गुणवत्तापूर्ण रेल सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए चल रही योजनाओं में तेजी लाई जाएगी।

# उपायुक्त ने पर्यटन विकास प्राधिकार गठन की तैयारी के दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** जिले के अधिसूचित 'ए' श्रेणी के पर्यटन स्थलों के समग्र विकास और बेहतर प्रबंधन की दिशा में जिला प्रशासन ने पहल तेज कर दी है। इसी क्रम में उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में पर्यटन विकास प्राधिकार (टूरिज्म डेवलपमेंट अथॉरिटी) के गठन को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक में राज्य सरकार के दिशा निदेर्शों के अनुरूप पर्यटन विकास प्राधिकार के गठन की प्रक्रिया, उसकी संरचना, दायित्वों एवं कार्यों पर विस्तृत चर्चा हुई। साथ ही अधिसूचित पर्यटन स्थलों के



विकास, प्रभावी प्रबंधन और आधारभूत सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की गई उपायुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राधिकार गठन से संबंधित सभी आवश्यक सूचनाएं एवं अभिलेख निर्धारित समय सीमा के भीतर उपलब्ध कराएं। उन्होंने शीघ्र प्रस्ताव तैयार कर अग्रेतर कार्रवाई के लिए पर्यटन विभाग, झारखंड, रांची को भेजने का भी निर्देश दिया बैठक में इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि पर्यटन विकास प्राधिकार के गठन से जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों का योजनाबद्ध एवं सतत विकास सुनिश्चित होगा। इससे पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, आधारभूत संरचना मजबूत होगी और स्थानीय स्तर पर पर्यटन गतिविधियों को बढ़ावा मिलने के साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे बैठक में जिला खेल पदाधिकारी सह जिला पर्यटन नोडल पदाधिकारी, संबंधित अंचल अधिकारी एवं अन्य विभागीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# भी वी सिटी हॉस्पिटल में लगा निःशुल्क मेडिकल जांच शिविर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शहर के सिहोडीह स्थित नया पुल के समीप वी सिटी हॉस्पिटल में प्रत्येक माह की तरह इस माह भी निशुल्क मेडिकल जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों की लिवर फंक्शन टेस्ट (एलएफटी), प्लेटलेट सहित अन्य आवश्यक स्वास्थ्य जांच निःशुल्क की गई।शिविर के दौरान कुल 55 मरीजों की मुफ्त जांच कर उन्हें चिकित्सकीय परामर्श भी दिया गया। अस्पताल प्रबंधन के अनुसार इस पहल का उद्देश्य लोगों को समय रहते स्वास्थ्य जांच और उचित इलाज के प्रति जागरूक करना है अस्पताल के प्रबंध निदेशक डॉ. ए.के. वर्मा ने कहा कि वर्तमान समय में फास्ट फूड के बढ़ते सेवन के कारण लिवर संबंधी बीमारियों का खतरा लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उपचार नहीं मिलने से मरीज की स्थिति गंभीर हो सकती है, जिससे बड़े अस्पतालों में इलाज भी चुनौतीपूर्ण हो जाता है। इसलिए लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच करानी चाहिए डॉ. वर्मा ने बताया कि वी सिटी हॉस्पिटल में पिछले दो वर्षों से लगातार निशुल्क लिवर जांच शिविर आयोजित किया जा रहा है और आगे भी यह सेवा जारी रहेगी, ताकि अधिक से अधिक मरीज इसका लाभ उठा सकें शिविर को सफल बनाने में अस्पताल के चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों का सराहनीय योगदान रहा।

# क्षेत्रीय ताइक्वांडो में स्कूल के छात्रों ने 5 पदक जीतकर बढ़ाया मान

## राजगीर में आयोजित प्रतियोगिता में छात्रों का शानदार प्रदर्शन, पीयूष कुमार राय का अखिल भारतीय प्रतियोगिता के लिए चयन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, बरगंडा के विद्यार्थियों ने 11-12 जुलाई को राजगीर के हसनपुर स्थित पी.टी.जे.एस. सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित 37वीं क्षेत्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता-2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल पांच पदक जीतकर गिरिडीह का नाम रोशन किया प्रतियोगिता में पीयूष कुमार राय ने स्वर्ण पदक, ज्ञान शौर्य बर्मन एवं रिशु राज मंडल ने रजत पदक, जबकि ईशांत साहू और दिग्याशा वर्मा ने कांस्य पदक अपने नाम किया।प्रतियोगिता में सफलता के बाद मंगलवार को विद्यालय परिसर में आयोजित विशेष सम्मान समारोह में सभी पदक विजेताओं को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय



के प्रधानाचार्य आनंद कमल ने दीप प्रज्वलित कर किया। शंखनाद के बीच खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।प्रधानाचार्य आनंद कमल ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ खेल और संस्कार को समान महत्व दिया जाता है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय खेल आचार्य प्रसून जी के कुशल मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत को दिया। कार्यक्रम का संचालन करते हुए आचार्य अजित मिश्र ने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी केवल शैक्षणिक क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि खेल, कला और अन्य गतिविधियों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता पीयूष कुमार राय का चयन 14 से 17 नवंबर तक नैनीताल में आयोजित होने वाली अखिल भारतीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए हुआ है, जहां वे गिरिडीह जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# नेत्रहीन विधवा महिला ने लगाई उपायुक्त से गुहार, पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जे और जान से मारने की धमकी का लगाया आरोप

## नेत्रहीन महिला ने आवेदन देकर कब्जा हटाने, निष्पक्ष जांच और सुरक्षा की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** महुआटांड़ थाना क्षेत्र की रहने वाली एक विधवाऔर नेत्रहीन महिला ने अपनी पुश्तैनी जमीन पर जबरन कब्जा किए जाने और विरोध करने पर जान से मारने की धमकी मिलने का आरोप लगाते हुए उपायुक्त से न्याय की गुहार लगाई है। महिला ने आवेदन देकर मामले की निष्पक्ष जांच कर जमीन को कब्जामुक्त कराने तथा दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है आवेदन के अनुसार, महुआटांड़ निवासी तारा देवी, पति स्व. शनिचर महतो ने बताया कि उनके नाम पर मौजा महुआटांड़ के खाता संख्या 24, रकबा 5 एकड़ 25 डिसमिल, खाता संख्या 23, प्लॉट संख्या 106 व 180, रकबा 32.8 डिसमिल तथा प्लॉट संख्या 104 व 116, रकबा 26 डिसमिल भूमि दर्ज है। महिला का कहना है कि उक्त जमीन का ऑनलाइन लगान वर्ष 2024-25 तक जमा किया गया है तारा देवी ने आरोप लगाया कि उनके चाचा एवं अन्य परिजनों ने परिवार के सदस्यों के साथ मिलकर उनकी जमीन और घर पर जबरन कब्जा कर लिया है। विरोध करने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है और जमीन बेचने का प्रयास करने पर संभावित खरीदारों को भी धमकाकर भगा दिया जाता है महिला ने यह भी आरोप लगाया है कि कब्जाधारियों ने उनका पुराना घर तोड़कर नया मकान बना लिया है, जिसके कारण वह वर्तमान में जंगल में झोपड़ी बनाकर रहने को मजबूर हैं आवेदन में उपायुक्त से मांग की गई है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर जमीन एवं घर को अवैध कब्जे से मुक्त कराया जाए, ताकि वह अपनी जमीन बेचकर अपने और अपनी पुत्री का जीवनयापन कर सकें तथा भविष्य में पुत्री का विवाह सम्मानपूर्वक कर सकें।

# प्लास्टिक मुक्त बाजार का संदेश, इनरव्हील क्लब सनशाइन ने चलाया स्वच्छता अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** शहर के बड़ा चौक क्षेत्र में इनरव्हील क्लब ऑफ गिरिडीह सनशाइन ने स्वच्छता एवं प्लास्टिक मुक्त बाजार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जागरूकता अभियान चलाया। अभियान के तहत सब्जी विक्रेताओं और खाद्य सामग्री बेचने वाले ठेला संचालकों को प्लास्टिक का उपयोग छोड़ने तथा स्वच्छता अपनाने के लिए प्रेरित किया गया क्लब की अध्यक्ष राखी झुनझुनवाला के नेतृत्व में सदस्यों ने 50 कपड़े के थैले वितरित किए और विक्रेताओं से ग्राहकों को भी कपड़े का थैला इस्तेमाल करने के लिए जागरूक करने की अपील की। इस दौरान दुकानदारों एवं ठेला संचालकों को ब्लीचिंग पाउडर भी दिया गया तथा



अपने कार्यस्थल और आसपास नियमित रूप से उसका छिड़काव कर साफ-सफाई बनाए रखने की सलाह दी गई।अभियान के दौरान बाजार परिसर और नालियों में भी ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव किया गया। क्लब सदस्यों ने कूड़ा-कचरा इधर-उधर नहीं फेंकने, स्वच्छ वातावरण बनाए रखने और संक्रमण से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया, ताकि बाजार आने वाले ग्राहकों को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण उपलब्ध हो सके इस अवसर पर क्लब की आईपीपी कविता राजगढ़िया, ट्रेजरर रश्मि गुप्ता, एग्जीक्यूटिव मेंबर पूनम केडिया और मनीषा कपिस्वे सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

# 19 जुलाई को झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा में 11,400 अभ्यर्थी होंगे शामिल

## उपायुक्त ने अधिकारियों को दिए कदाचारमुक्त, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण परीक्षा संचालन के निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जएसएससी) द्वारा आयोजित झारखंड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा-2024 के सफल, निष्पक्ष और कदाचारमुक्त आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं।

इस संबंध में बुधवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त रामनिवास यादव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई बैठक में उपायुक्त ने परीक्षा कार्य में प्रतिनियुक्त सभी अधिकारियों एवं कर्मियों को आपसी समन्वय, अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्व निभाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा की



पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।उपायुक्त ने केंद्राधीक्षकों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि परीक्षा संचालन के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या आने पर संबंधित नोडल पदाधिकारी से तत्काल संपर्क कर उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी अधिकारियों से परीक्षा को पूरी सतर्कता और कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न कराने का आह्वान किया, ताकि सभी अभ्यर्थियों को समान और निष्पक्ष अवसर मिल सके बैठक में बताया गया कि परीक्षा 19 जुलाई 2026 को तीन पालियों में आयोजित होगी। पहली पाली सुबह 8:30 से 10:30 बजे, दूसरी पाली 11:30 से 1:30 बजे तथा तीसरी पाली 3:30 से 5:30 बजे तक चलेगी जिले में परीक्षा के लिए 25 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहां लगभग 11,400 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सुरक्षित, शांतिपूर्ण और निष्पक्ष संचालन के लिए प्रशासन ने सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं सुरक्षा तैयारियां पूरी कर ली हैं।बैठक में पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार, उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी, अपर समाहर्ता वैभव कुमार सिंह, जिला शिक्षा पदाधिकारी विनय कुमार, आईएएस प्रशिक्षु, सभी केंद्राधीक्षक एवं परीक्षा संचालन से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

# बिना पारिश्रमिक ई-केवाईसी नहीं करेंगे राशन दुकानदार, हड़ताल की चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** राज्य सरकार द्वारा सरकारी राशन दुकानदारों को राशन वितरण के साथ-साथ ई-केवाईसी समेत अन्य अतिरिक्त कार्य सौंपे जाने का फेयर प्राइस शॉप डीलर्स एसोसिएशन, झारखंड ने विरोध किया है। एसोसिएशन का कहना है कि इन कार्यों के लिए किसी प्रकार के पारिश्रमिक का प्रावधान नहीं किया गया है। ऐसे में राशन दुकानदार बिना भुगतान के ई-केवाईसी का कार्य नहीं करेंगे। संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि दुकानदारों पर दंडात्मक कार्रवाई की गई तो राज्य के सभी 25,400 राशन दुकानदार हड़ताल पर चले जाएंगे। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग के सचिव से मुलाकात के बाद एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव ज्ञानदेव झा ने कहा कि एक ओर राशन दुकानदारों का



13 माह का कमीशन बकाया है, वहीं दूसरी ओर बिना किसी पारिश्रमिक के ई-केवाईसी कराने का निर्देश दिया जा रहा है, जो उचित नहीं है। उन्होंने मांग की कि प्रत्येक ई-केवाईसी के बदले कम से कम 20 रुपये का भुगतान सुनिश्चित किया जाए, तभी दुकानदार यह कार्य करेंगे। ज्ञानदेव झा ने कहा कि यदि सरकार एक माह के भीतर इस संबंध में सकारात्मक निर्णय नहीं लेती है तो राज्य के राशन दुकानदार ई-केवाईसी का कार्य नहीं करेंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि इसके बावजूद किसी दुकानदार पर दंडात्मक कार्रवाई की गई तो एसोसिएशन न्यायालय की शरण लेगा। उन्होंने बताया कि विभागीय सचिव ने उनकी मांगों पर सकारात्मक विचार का आश्वासन दिया है। यदि सरकार की ओर से कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जाता है तो एसोसिएशन की बैठक में आगे की रणनीति तय की जाएगी। साथ ही जिला एवं प्रखंड स्तर पर सरकार को ज्ञापन सौंपने और आंदोलन की रूपरेखा तैयार करने की प्रक्रिया भी जारी है।

## झारखंड में कमजोर पड़ा मानसून, 15 जुलाई तक 41 फीसदी कम बारिश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में इस वर्ष मानसून की रफ्तार अब तक उम्मीद के अनुरूप नहीं रही है। राज्य में 1 जून से 15 जुलाई 2026 के बीच औसतन 197.7 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि इस अवधि में सामान्य वर्षा 336.6 मिमी होनी चाहिए थी। इस प्रकार अब तक राज्य में 41 प्रतिशत वर्षा की कमी दर्ज की गई है। मौसम केंद्र के आंकड़ों के अनुसार, राज्य के अधिकांश जिलों में सामान्य से कम वर्षा हुई है। वहीं, किसी भी जिले में सामान्य से 20 प्रतिशत या उससे अधिक वर्षा दर्ज नहीं की गई, इसलिए कोई भी जिला अतिरिक्त वर्षा की श्रेणी में नहीं है। इस अवधि में दुमका राज्य का एकमात्र जिला रहा, जहां वर्षा सामान्य श्रेणी में दर्ज की गई। यहां सामान्य की तुलना में 16 प्रतिशत कम वर्षा हुई, जो मौसम विभाग के मानकों के अनुसार सामान्य श्रेणी में आती है।

# झारखंड में अफीम की खेती रोकने के लिए मास्टर प्लान लागू, सीआईडी-एनसीबी की संयुक्त निगरानी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस की ओर से अवैध अफीम की खेती के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में लगातार सफलता मिल रही है। वर्ष 2024 से 2026 के बीच राज्य में 65 हजार एकड़ से अधिक क्षेत्र में लगी अवैध अफीम की फसल नष्ट की गई है। अब आगामी अफीम सीजन में खेती पर पूरी तरह रोक लगाने के उद्देश्य से नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) और सीआईडी ने संयुक्त रूप से मास्टर प्लान तैयार किया है। सीआईडी ने अफीम प्रभावित जिलों में प्री-कल्टीवेशन अभियान शुरू किया है। इसके तहत उन क्षेत्रों और खेतों का सत्यापन किया जा रहा है, जहां पूर्व में अवैध अफीम की खेती होती थी या जहां फसल नष्ट की गई थी। अभियान का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि इन इलाकों में दोबारा अफीम की खेती की तैयारी न हो। सीआईडी के निर्देशानुसार रांची, खूंटी, हजारीबाग, चतरा, पलामू, लातेहार, पश्चिम सिंहभूम (चाईबासा) और सरायकेला-खरसावां जिलों को अभियान में शामिल किया गया है। संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों (एसपी) को पिछले वर्ष दर्ज अफीम से जुड़े मामलों की समीक्षा करने, वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने तथा फरार आरोपियों के विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई तेज करने का निर्देश दिया गया है। अभियान के तहत प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम भी चलाया जाएगा। लोगों को बताया जाएगा कि अवैध अफीम की खेती दंडनीय अपराध है और इसमें संलिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में दिल्ली में हुई बैठक में भी नशीले पदार्थों की तस्करी और अवैध अफीम की खेती पर प्रभावी नियंत्रण के लिए कई अहम निर्देश जारी किए गए थे। बरसात समाप्त होने के बाद अफीम की बुवाई की संभावना को देखते हुए एनसीबी सैटेलाइट तकनीक के माध्यम से निगरानी कर रहा है, जबकि सीआईडी की टीमें जमीनी स्तर पर गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। सीआईडी पिछले दो वर्षों में अफीम तस्करी के मामलों में गिरफ्तार आरोपियों की वर्तमान स्थिति का भी आकलन कर रही है। यह पता लगाया जा रहा है कि कौन आरोपी अभी जेल में हैं, कौन जमानत पर बाहर हैं और बाहर रहने वाले आरोपियों की वर्तमान गतिविधियां क्या हैं, ताकि अवैध नेटवर्क पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

# रिम्स में एमबीबीएस की 250 सीटों को एनएमसी की मंजूरी, नए सत्र से होगा दाखिला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि के रूप में नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने राजेंद्र आयुर्विज्ञान संस्थान (रिम्स), रांची में एमबीबीएस की सीटों की संख्या 180 से बढ़ाकर 250 करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। इसके साथ ही चालू शैक्षणिक सत्र से रिम्स में 250 छात्रों का नामांकन किया जाएगा। इस निर्णय से राज्य के विद्यार्थियों को मेडिकल शिक्षा के अधिक अवसर मिलेंगे। स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग ने सीट वृद्धि के लिए केंद्र सरकार और एनएमसी को आवश्यक प्रस्ताव, अनुपालन रिपोर्ट तथा अन्य जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराए थे। विभाग ने बढ़ी हुई सीटों के अनुरूप फैकल्टी, छात्रावास, कक्षाओं, प्रयोगशालाओं और अन्य आधारभूत सुविधाओं की भी समीक्षा की। इसी क्रम में पहले एमजीएम मेडिकल कॉलेज,




जमशेदपुर में एमबीबीएस सीटें 100 से बढ़ाकर 150 की गई थीं और अब रिम्स में यह संख्या बढ़ाकर 250 कर दी गई है। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने इसे झारखंड के स्वास्थ्य और चिकित्सा शिक्षा क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि राज्य सरकार चिकित्सा शिक्षा के विस्तार और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि रिम्स की आधारभूत सुविधाओं और व्यवस्थाओं में तेजी से सुधार किया जा रहा है तथा आने वाले समय में संस्थान नए स्वरूप में दिखाई देगा। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि सरकार का लक्ष्य राज्य के विद्यार्थियों को झारखंड में ही गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराना है। उन्होंने बताया कि सीटों में वृद्धि के साथ राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप फैकल्टी, आधुनिक उपकरण, प्रयोगशालाओं, छात्रावास और अन्य आवश्यक संसाधनों का भी विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में राज्य के अन्य मेडिकल कॉलेजों में भी एमबीबीएस और पीजी सीटों की संख्या बढ़ाई जाएगी। रिम्स के प्रभारी निदेशक डॉ. डी.के. सिन्हा ने एनएमसी की मंजूरी को संस्थान और पूरे राज्य के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि यह राज्य सरकार, स्वास्थ्य विभाग और रिम्स प्रशासन के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि एनएमसी के सभी मानकों का पालन करते हुए विद्यार्थियों को बेहतर चिकित्सा शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, एमजीएम मेडिकल कॉलेज और रिम्स में एमबीबीएस सीटों की संख्या बढ़ने से राज्य के विद्यार्थियों को मेडिकल शिक्षा के लिए बाहर जाने की आवश्यकता कम होगी। साथ ही आने वाले वर्षों में झारखंड को अधिक संख्या में प्रशिक्षित डॉक्टर मिलेंगे, जिससे स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूती मिलेगी।

# धूमधाम से मनाया गया एनसीसी स्थापना दिवस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** 3/13 कंपनी, बिहार बटालियन एनसीसी, राम लखन सिंह यादव कॉलेज के तत्वावधान में एनसीसी स्थापना दिवस देशभक्ति, अनुशासन एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में बड़े ही गरिमामय ढंग से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत एनसीसी कैडेटों द्वारा निर्धारित परेड गठन के साथ हुई। तत्पश्चात सभी कैडेटों ने सामूहिक रूप से एनसीसी गीत, राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान का गायन किया। इसके बाद एनसीसी के आदर्शों एवं मूल्यों को आत्मसात करने के उद्देश्य से सभी कैडेटों ने एनसीसी शपथ ग्रहण की तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता, अनुशासन, सामाजिक सेवा एवं सदैव राष्ट्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर




पर महाविद्यालय के एएनओ लेफ्टिनेंट डॉ. विवेक कुमार ने कहा कि एनसीसी केवल वर्दी पहनने का नाम नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, समर्पण, नेतृत्व और राष्ट्रभक्ति का जीवंत प्रतीक है। एनसीसी प्रत्येक कैडेट को कठिन परिस्थितियों में धैर्यपूर्वक निर्णय लेने, टीम भावना के साथ कार्य करने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करना सिखाती है। उन्होंने कहा कि आज के युवा ही भारत के भविष्य के निर्माता हैं और एनसीसी उन्हें एक जिम्मेदार, अनुशासित एवं सशक्त नागरिक बनने का अवसर प्रदान करती है। कैडेटों को प्रशिक्षण के प्रत्येक अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहिए तथा अपने उत्कृष्ट आचरण और कार्यों से महाविद्यालय, समाज और राष्ट्र का गौरव बढ़ाना चाहिए।इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी, बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट, छात्र-छात्राएँ एवं अन्य गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने एनसीसी के गौरवशाली इतिहास को याद करते हुए संगठन की उपलब्धियों की सराहना की तथा युवाओं को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

## एक नजर

### नशा मुक्ति व बाल विवाह निषेध पर छात्रों ने निकाली जागरूकता रैली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय बैरांव में बुधवार को नशा मुक्ति एवं बाल विवाह निषेध को लेकर सामाजिक जागरूकता रैली सह नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता के निर्देशन में निकली रैली में छात्र-छात्राओं ने गांव में भ्रमण कर लोगों को जागरूक किया। रैली के समापन पर बच्चों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर नशे और बाल विवाह के दुष्परिणामों का प्रभावी संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक विनय कुमार गुप्ता ने कहा कि नशे की लत और मोबाइल का अत्यधिक उपयोग युवा पीढ़ी के शारीरिक व मानसिक विकास के लिए गंभीर खतरा बनता जा रहा है। उन्होंने बताया कि नशा कैंसर, हृदय, फेफड़े, लिवर, किडनी व मानसिक रोगों सहित कई गंभीर बीमारियों का कारण बनता है। साथ ही इससे पारिवारिक कलह, आर्थिक संकट, शिक्षा पर प्रतिकूल प्रभाव, सड़क दुर्घटनाएं और अपराध जैसी सामाजिक समस्याएं भी बढ़ती हैं। उन्होंने विद्यार्थियों और ग्रामीणों से नशे से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाने की अपील की। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिका सुनीता कुमारी (प्रथम), शिक्षक यतीश पाठक सहित बसंत नारायण ज्योति, सांसद कुमार राम, प्रशांत कुमार तिवारी, प्रीति ऊषा, कंचन कुशवाहा एवं अतुल अनुराग का सराहनीय योगदान रहा।

### गोष्ठी में विद्यालय संचालन और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** शिक्षा विभाग के निर्देश पर बुधवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित बहुउद्देशीय भवन में दो पालियों में विद्यालय प्रधानों की गुरु गोष्ठी आयोजित की गई। इसमें प्रखंड के प्राथमिक, मध्य एवं उच्च विद्यालयों के प्रधान शिक्षक और प्रधानाध्यापकों ने भाग लिया। गुरु गोष्ठी में विद्यालय संचालन में प्रधानाध्यापक की भूमिका, शैक्षणिक नेतृत्व, विद्यालय प्रबंधन तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि प्रधानाध्यापक केवल विद्यालय का प्रमुख ही नहीं, बल्कि कुशल प्रशासक, प्रबंधक और शैक्षणिक गतिविधियों का नेतृत्वकर्ता होता है। उसे प्रशासनिक, शैक्षणिक और वित्तीय कार्यों के साथ शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं समुदाय के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना चाहिए। बैठक में लर्निंग आउटकम्स आधारित शिक्षण पर विशेष जोर दिया गया। बताया गया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लक्ष्य बच्चों में निर्धारित अधिगम प्रतिफलों की शत-प्रतिशत प्राप्ति है। इसके लिए कक्षावार लर्निंग आउटकम्स कैलेंडर एवं बुकलेट के अनुरूप शिक्षण कार्य करने, पाठ पढ़ाने के बाद बच्चों को पर्याप्त अभ्यास कराने तथा कार्यपुस्तिकाओं का नियमित उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। दोनों पालियों की गुरु गोष्ठी का संचालन चंद्रशेखर प्रसाद साहू, विनय कुमार गुप्ता, विकास कुमार विश्वास एवं राजीव रंजन कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में लेखापाल अविनाश कुमार, डेटा एंट्री ऑपरेटर विपिन कुमार, नीरज पांडेय और अमित कुमार ने सहयोग किया।

### वाहन जांच में चोरी की बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** रिसियप थाना पुलिस ने थाना मोड़ के समीप चलाए गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान झारखंड के पलामू जिले के हुसैनाबाद (जपला) थाना क्षेत्र के दंगवार गांव निवासी बिट्टू कुशवाहा पिता-लल्लू सिंह के रूप में हुई है। रिसियप थानाध्यक्ष संजीत राम ने बताया कि वाहन जांच के दौरान संदिग्ध अवस्था में आ रहे मोटरसाइकिल सवार को रोककर कागजात मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पूछताछ में पता चला कि मोटरसाइकिल चोरी की है। इसके बाद पुलिस ने वाहन जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।


**पूर्व रेलवे**

**नीलामी आमंत्रण सूचना**

मंडल रेल प्रबंधक (वाणिज्य), पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा हावड़ा मंडल के तहत स्टेशनों पर 05 वर्ष की अवधि के लिए 05 कैंटीन के माध्यम से कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी के लिए **ई-ऑक्शन लीजिंग मॉड्यूल** के माध्यम से **www.ireps.gov.in** का संदर्भ लें। नीलामी का विवरण निम्नानुसार है: **ऑक्शन कैटलॉग सं.: कैंटीन-जुलाई-20, क्रम सं., लॉट सं./कैटेगरी, विवरण** निम्नानुसार हैं: **एए/1, एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एचपीएल-एसटीजीईएन-95-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल)**, 05 वर्ष के लिए कैंटीन का निर्माण, परिचालन एवं रखरखाव (हरिपाल स्टेशन, सर्कुलेटिंग एरिया), **अंतिम तिथि/समय:** 28.07.2026 को 13.30 बजे; **एए/2, एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एनकेएल-एसटीजीईएन-94-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल)**, 05 वर्ष के लिए कैंटीन का निर्माण, परिचालन एवं रखरखाव (नालिकुल स्टेशन, सर्कुलेटिंग एरिया), **अंतिम तिथि/समय** : 28.07.2026 को 13.40 बजे; **एए/3, एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एजेड-एसटीजीईएन-91-26-1(एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल)**, 05 वर्ष के लिए कैंटीन का निर्माण, परिचालन एवं रखरखाव (आजिमगंज स्टेशन, पार्किंग के पास), **अंतिम तिथि/समय** : 28.07.2026 को 13.50 बजे; **एए/4, एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-एएमबीजी-एसटीजीईएन-93-26-1 (एमआईएससी -स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल)**, 05 वर्ष के लिए कैंटीन का निर्माण, परिचालन एवं रखरखाव (आरामबाग स्टेशन, सर्कुलेटिंग एरिया), **अंतिम तिथि/समय** : 28.07.2026 को 14.00 बजे; **एए/5, एमएसएस-एचडब्ल्यूएच-केक्यूयू-एसटीजीईएन-86-26-1 (एमआईएससी-स्टैटिक-सर्विसेस-स्टैटिक जनरल)**, 05 वर्ष के लिए कैंटीन का निर्माण, परिचालन एवं रखरखाव (कामारकुंडु स्टेशन), **अंतिम तिथि/समय** : 28.07.2026 को 14.10 बजे। **रेट यूनिट:** वार्षिक लाइसेंसिंग शुल्क (क्रम सं. एए/1 से एए/5 के लिए)। **न्यूनतम वृद्धि (%)**: 0.2 (क्रम सं. एए/1 से एए/5 के लिए)। **ईएमडी** : 10% (क्रम सं. एए/1 से एए/5 के लिए)।

HWH-218/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**विशेष सीमित निविदा सूचना**

चीफ रोलिंग स्टॉक इंजीनियर/कोचिंग, यांत्रिक विभाग, पूर्व रेलवे, 17 एन.एस. रोड, फेयरली प्लेस सूचीबद्ध फर्मों से निम्नलिखित कार्य के लिए "एकल पैकेट प्रणाली" के तहत मुहरबंद निविदा आमंत्रित करते हैं।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सूचीबद्ध फर्मों के ज़रिए पूर्व रेलवे की निर्दिष्ट ट्रेनों में दो वर्ष (730 दिन) की अवधि के लिए बेहतर ऑन-बोर्ड सर्विसेस (ओबीएचएस और लिनन वितरण) |
| 2 | कार्य स्थल | पूर्व रेलवे (हावड़ा और सियालदह मंडल) |
| 3 | कार्य की अवधि | दो वर्ष (730 दिन) |
| 4 | कार्य का अनुमानित मूल्य | रु. 40,03,34,778.52 (जीएसटी सहित) |
| 5 | बयाना राशि (ऑनलाइन) | रु.21,51,700/- एफए एंड सीएओ, पूर्व रेलवे, कोलकाता के पक्ष में |
| 6 | निविदा प्रपत्र का मूल्य | शून्य |
| 7 | निविदा कागजातों की उपलब्धता | वेबसाइट www.ireps.gov.in |
| 8 | निविदा कागजातों की उपलब्धता की तिथि और समय | दिनांक 04.08.2026 को 14.50 बजे तक उपलब्ध |
| 9 | निविदा की अंतिम तिथि और समय | दिनांक 04.08.2026 को 15.00 बजे |
| 10 | निविदा के खुलने की तिथि और समय | दिनांक 04.08.2026, 15.30 बजे से। यदि निविदा खोलने की तिथि पर छुट्टी हो या कोई अन्य कारण हो, तो निविदा अगले कार्यदिवस पर खोली जाएगी। |
| 11 | निविदा के खुलने का स्थान | पूर्व रेलवे मुख्यालय, फेयरली प्लेस, यांत्रिक विभाग, पहली मंज़िल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001 |

**संख्या एमसी/385/रिफॉर्म ओबीएचएस-01/26 दिनांक : 15.07.2026**

MISC-104/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: एनआईटी/02/26/37, दिनांक: 13.07.2026,** प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, 17, नेताजी सुभाष रोड, दूसरी मंजिल, फेयरली प्लेस, कोलकाता-700001, पूर्व रेलवे के द्वारा निम्नलिखित सामानों की आपूर्ति हेतु ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं:

**(क) क्रम सं.; निविदा सं.; विवरण; बयाना राशि** निम्नानुसार हैं : **(1) 19261683,** एलिमेंट फिल्टर आदि, रु.6,21,090/- **(2) 10262567,** मास्टर कंट्रोलर आदि, रु. 5,62,770/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 27.07.2026, **समय :** 13.30 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 हेतु) **(3) 10261044,** लोकोमोटिव के लिए एयर कंवेक्टर (कैब हीटर) आदि, रु.4,69,500/- **(4) 10262437,** ट्रैक्शन मोटर के लिए होल्डर, रु. 3,24,080/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 28.07.2026, **समय :** 13.30 बजे (क्रम सं. 3 एवं 4 हेतु) **(5) 11261017,** बॉल जॉइंट ट्रैक्शन लीवर, रु. 4,24,080/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 17.08.2026, **समय :** 13.30 बजे **(6) 10261091बी,** हाई टेंसाइल ट्रांजिशन सी.बी. कपलर की व्यवस्था, रु.3,56,480/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 04.08.2026, **समय :** 13.30 बजे **(7) 06261653,** क्यूआर कोड थर्मल पेपर टिकट के साथ एटीवीएम का क्रय आदि, रु. 4,15,660/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 30.07.2026, **समय :** 13.30 बजे **(8) 20261046,** बोल्सटर सस्पेंशन के लिए मॉडिफाइड हैंगर, रु.1,45,060/- **(9) 20261850ए,** बोगी माउंटेड के लिए सिलेंडर बॉडी, रु.3,08,480/-, **(10) 20263033,** फिक्स्ड लूवर शटर टॉप लूवर शटर असेंबली फिक्स्ड के साथ बॉडी साइड विंडो असेंबली, रु.2,30,320/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 05.08.2026, **समय :** 13.30 बजे (क्रम सं. 8, 9 एवं 10 हेतु) **(11) 20261730,** सिंगल पीस लुकआउट ग्लास, मटेरियल पॉलीकार्बोनेट ग्लास, रु. 1,30,590/- **(12) 20261049,** रबिंग पैड कम्प्लीट, रु. 1,54,740/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 06.08.2026, **समय :** 13.30 बजे (क्रम सं. 11 एवं 12 हेतु) **(13) 20261539,** लोको और ईएमयू हेतु स्ट्रेनर टाइप 'आई' के लिए सिंटर्ड ब्रॉन्ज फिल्टर एलिमेंट 50 माइक्रोन, रु.1,06,970/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 05.08.2026, **समय :** 13.30 बजे **(14) 11261609,** लैटरल बम्प स्टॉप, रु.1,41,590/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 17.08.2026, **समय :** 13.30 बजे **(15) 14261102,** कॉलिंग ऑन एलईडी सिग्नल लाइटिंग यूनिट, 110 वो. एसी, मौजूदा सीएलएस हाउसिंग में रेट्रोफिटेबल एवं एसी लेड ईसीआर के साथ सक्षम, आरडीएसओ स्पेसि. नं. आरडीएसओ/एसपीएन/153/2023 (रिव 5.0) के अनुसार, रु. 1,18,380/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 29.07.2026, **समय :** 13.30 बजे **(16) 15255138ए,** रेडियल ड्रिलिंग मशीन आदि की आपूर्ति, संस्थापन एवं आरंभ, रु.1,32,380/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 04.08.2026, **समय :** 13.30 बजे **(17) 20261027,** सेकंडरी एयर स्प्रिंग सस्पेंशन के लिए वर्टिकल डैंपर, रु.9,71,180/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 17.08.2026, **समय :** 13.30 बजे **(18) 20261128,** आईसीएफ ड्रॉ. नं./स्पेसि. नं. आईसीएफ/एसके-6-4-035 अल्फा ऑल्ट. जेड/5 आदि के तहत एयर फिल्टर का क्रय, रु.2,42,490/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 05.08.2026, **समय :** 13.30 बजे **(19) 20261063,** सेमी परमानेंट कपलर एंड बी, रु. 5,60,320/-**निविदा खुलने की तिथि:** 20.08.2026, **समय :** 13.30 बजे **(20) 15255031सी,** ईओटी क्रेन, क्षमता: 30/05 टन की आपूर्ति, संस्थापन एवं आरंभ, रु. 1,52,200/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 11.08.2026, **समय :** 13.30 बजे **(21) 10251037ए,** ईएलजीआई प्रस्तुत डिस्क टाइप कपलिंग आदि, रु. 1,34,340/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 04.08.2026, **समय :** 13.30 बजे **(22) 14261043,** बीआरएस-930, आईआरएस-एस-34 एवं आईआरएस-एस-23 के समरूप रिले, नॉन-एसी इम्यून प्लग-इन-टाइप, स्टाइल "क्यूएन1" डीसी न्यूट्रल लाइन, 24 वी, 8एफ/8बी कॉन्टैक्ट, कार्बन में फ्रंट एवं बैक कॉन्टैक्ट मेटल का क्रय, जो प्लग बोर्ड, रिटेनिंग क्लिप और कनेक्टरों से पूर्ण है। इस यूनिट के लिए इंटरलॉकिंग कोड एबीसीडीएफ होगा, रु.2,55,320/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 03.08.2026, **समय :** 13.30 बजे **(23) 1226-एचवीएन-6938_39,** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-6938 और 6939 के समरूप कॉम्बिनेशन हाई विस्कस इंसुलेटिंग लाइनर (एचवीएन-66) के क्रय के लिए चालू ठेका, रु.4,87,750/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 17.07.2026, **समय :** 13.30 बजे **(24) 12261087,** आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. टी-8748 (ऑल्ट.1) के तहत एंड कट मेटल लाइनर का निर्माण एवं आपूति, रु.2,48,070/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 21.07.2026, **समय :** 13.30 बजे **(25) 1226-एचवीएन-10228,** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. (टी-10228 ऑल्ट.1) के तहत एंड कट हाई विस्कस नाइलन (एचवीएन-66) इंसुलेटिंग लाइनर के निर्माण एवं आपूर्ति के लिए चालू ठेका, रु.1,21,240/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 11.08.2026, **समय :** 13.30 बजे **(26) 1226-टीडब्ल्यूएस_फिटिंग्स,** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-6155 ऑल्ट.13 के तहत 1 इन 12, 60 केजी और आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-6280 ऑल्ट.7 के तहत 1 इन 8.5, 60 केजी के तहत थिक वेब स्विच के फिटिंग्स, रु.. 18,69,840/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 07.08.2026, **समय :** 13.30 बजे **(27) 22265412,** इंज. पर्टुजुमैब 600 मिग्रा.+ ट्रैस्टुजुमैब 600 मिग्रा.(उत्पाद, निर्माणकारी फर्म की रेलवे बोर्ड द्वारा अनुमोदित उत्पाद सूची में उपलब्ध होना चाहिए) आइटम कोड संख्या: एम261707, एआई 26-27, रु.2,04,640/-, **निविदा खुलने की तिथि:**14.07.2026, **समय :** 13.30 बजे **(28) 1226_सीजीआरएसपी_8327,** आरडीएसओ ड्रॉइंग नं. आरडीएसओ/टी-8327 के अनुसार 52 केजी रेल्स के लिए 6.2 मिमी मोटा कम्पोजिट ग्रूव्ड रबर सोल प्लेट के निर्माण एवं आपूति के लिए 2 वर्ष की आरजीसी, रु.1,29,360/-., **निविदा खुलने की तिथि:** 31.07.2026, **समय :** 13.30 बजे **(29) 1226_एसडब्ल्यू_फिटिंग्स,** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-4219 ऑल्ट. 12 के तहत 1 इन 12, 60 केजी और आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-4966 ऑल्ट.-9 के तहत 1 इन 8.5, 60 केजी ओवर राइडिंग स्विच के फिटिंग्स का निर्माण एवं आपूर्ति, रु. 4,99,500/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 24.07.2026, **समय :** 13.30 बजे **(30) 12261069,** आरडीएसओ ड्रॉ. नं. टी-1899 ऑल्ट-1 के तहत 60 केजी के लिए फिश बोल्ट एवं नट, रु.10,85,480/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.08.2026, **समय :** 13.30 बजे **(31) 22265491,**इंज. डाराटुमुमैब 1800 मिग्रा, रु.0/-, **निविदा खुलने की तिथि:** 14.07.2026, **समय :** 13.30 बजे **(32) 12261026,** 1 मी. लंबा फिश प्लेट 60 केजी टी-5916 की आपूर्ति, रु. 7,31,510/-, **निविदा खुलने की तिथि:**31.07.2026, **समय :** 13.30 बजे, **निविदा मूल्य:** रु. 0 [क्रम सं. 1 से 32 हेतु]।

**(ख) अधिक मूल्य वाली निविदा, क्रम सं. : 1, निविदा सं.:** 52266479, **संक्षिप्त विवरण:** साइनेज के लिए एनोडाइज्ड एल्यूमिनियम ब्रेली स्क्रिप्ट स्टिकर, **निविदा की अंतिम तिथि :** 30.07.2026, 13.30, **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 2,36,21,735.60, **क्रम सं. : 2, निविदा सं.:** 52266278ए, **संक्षिप्त विवरण:** डबल एक्टिंग एसी कम्पार्टमेंट स्विंग डोर असेंबली, **निविदा की अंतिम तिथि :** 07.08.2026, 13.30, **अनुमानित निविदा मूल्य :** रु. 1,65,97,998/-, **क्रम सं. : 3, निविदा सं.:** 52266667, **संक्षिप्त विवरण:** कोचों के एक्सटीरियर के लिए एंटी-ग्रैफिटी क्लीयर कोटिंग की आपूर्ति एवं अनुप्रयोग, **निविदा की अंतिम तिथि :** 07.08.2026, 13.30, **अनुमानित निविदा मूल्य:** रु. 1,15,96,497/-

**टिप्पणी:** उपर्युक्त सभी निविदाएँ ई-निविदाएँ हैं एवं सभी निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि आईआरईपीएस की वेबसाइट https://www.ireps.gov.in के माध्यम से अपनी बोली ऑनलाइन जमा करें। ऊपर उल्लिखित निविदाओं एवं अन्य आपूर्ति निविदाओं के संबंध में विस्तृत विवरण के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट देखें।

STORES-23/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सं.: 142_2026-27, दिनांक: 13.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **वरिष्ठ डीईएन/सी/ हावड़ा, कार्य का विवरण :** (i) एईएन/कटवा के अधीन बैण्डेल-कटवा खंड में किमी 96/5-7 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 18ए/6/सी/ई के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण (ii) एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन बैण्डेल-कटवा खंड में किमी 73/28-30 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 17ए के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण (iii) एईएन/नबद्वीप धाम के अधीन बैण्डेल-कटवा खंड में किमी 84/13-15 पर लेवल क्रॉसिंग गेट नं. 17ए/7 के स्थान पर नए एलएचएस का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु. 28,75,22,492.46, **बयाना राशि :** रु. 57,50,500/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 03.08.2026 को 14.00 बजे । निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-212/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21 (सूचना)/769, दिनांक 13.07.2026,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित विद्युत कार्यों के लिए ओपन ई-टेंडर आमंत्रित किए जाते हैं : **क्रम संख्या 1, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3628-आर, कार्य का नाम :** "हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रिज को जोड़ने वाले पैसेंजर लिफ्ट का प्रावधान"। **टेंडर का मूल्य :** रु. 4,58,86,083/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 9,17,700/-, **क्रम संख्या 2, टेंडर नंबर: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3633-आर, कार्य का नाम :** "अमृत भारत स्टेशन विकास परियोजना के संबंध में हावड़ा मंडल में रेलवे प्लेटफॉर्म (बाली, सेवड़ाफुली, चंदननगर, बर्द्धमान, बोलपुर शांतिनिकेतन एवं रामपुरहाट स्टेशनों) में लिफ्ट का प्रावधान"। **टेंडर का मूल्य :** रु. 5,54,06,670/-, **बोली सुरक्षा (बयाना राशि):** रु. 11,08,100/-, **पूरा होने की अवधि:** 180 दिन प्रत्येक हेतु। **समापन तिथि एवं समय:** दिनांक 31.07.2026 को 17.00 बजे प्रत्येक हेतु। यदि किसी कारणवश उपर्युक्त समापन तिथि को अवकाश/ बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा जमा करने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस वेबसाइट पर समापन तिथि और समय के बाद कोई निविदा जमा नहीं की जा सकती। हालांकि, निविदाओं का ऑनलाइन उद्घाटन समापन तिथि के बाद किसी भी सुविधाजनक दिन किया जा सकता है। निविदा का पूर्ण विवरण वेबसाइट www.ireps. gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि उपरोक्त वेबसाइट पर अपनी निविदा ऑनलाइन प्रस्तुत करें।

HWH-216/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# सीएम ने राजकीय डिग्री कालेज का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**एकमा (सारण)।** बिहार सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में बुधवार को ऐतिहासिक पहल करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भागलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से डिजिटल माध्यम के जरिए एकमा के परसागढ़ सहित प्रदेश के 211 नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों का एक साथ उद्घाटन किया। उद्घाटन के साथ ही सभी महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-30 के लिए पठन-पाठन का विधिवत शुभारंभ भी हो गया।

इस अवसर पर एकमा विधानसभा क्षेत्र के परसागढ़ एवं लहलादपुर में एक-एक, यानी कुल दो राजकीय डिग्री महाविद्यालयों सहित महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के नौ नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों का भी उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री के उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संबंधित महाविद्यालय परिसरों में किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उनके घर के निकट गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है। नए डिग्री महाविद्यालयों के शुरू होने से हजारों छात्र-छात्राओं को अब उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे शिक्षा का स्तर बेहतर होगा और क्षेत्र के सामाजिक एवं आर्थिक विकास को भी नई गति मिलेगी।

एकमा विधानसभा क्षेत्र के आरएन हाई स्कूल सह उच्च माध्यमिक विद्यालय, परसागढ़ परिसर स्थित नवस्थापित राजकीय डिग्री कॉलेज में उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल एवं विधायक मनोरंजन सिंह उर्फ धूमल सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित व फीता काट कर कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

समारोह में जिला पंचायती राज पदाधिकारी शशि कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी निशांत किरण, बीडीओ डॉ. अरुण कुमार, अंचलाधिकारी रवि शेखर, बीपीआरओ सूरज कुमार, एकमा थानाध्यक्ष रामबालक यादव, एकमा प्रमुख पति बच्चा सिंह, परसा दक्षिणी पंचायत की मुखिया काजल तिवारी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष चैतेन्द्र नाथ सिंह, भाजपा जिला लघु उद्योग प्रकोष्ठ के संयोजक मुकेश कुमार सिंह, एकमा विधानसभा संयोजक बलवंत सिंह, नमामि गंगे प्रकोष्ठ के चंद्रशेखर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता सुदामा तिवारी, बंटी ओझा, विपुल कुमार, पंकज कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष सह प्रखंड जदयू अध्यक्ष राजेश्वर सिंह, बिपिन सिंह, विकास सिंह, जितेंद्र सिंह, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रमोद कुमार सिंह, अखिलेश्वर प्रसाद भोला जी, विकास मिश्रा, अविनाश चंद्र उपाध्याय, महामंत्री चितरंजन सिंह, राजीव सिंह (पप्पू), पवन कुमार, प्रदीप सिंह, सुनील कुमार सिंह, एवं बीरेश सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि, पंचायत प्रतिनिधि, जयप्रकाश विश्वविद्यालय के अधिकारी व कर्मचारी सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. अजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का संचालन अविनाश भारती ने किया। इस अवसर पर सहायक प्राध्यापक डॉ प्रियंका कुमारी सहित महाविद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

# विधायक ने किया पठन-पाठन का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नगरनौसा (नालंदा)।** वर्षों से डिग्री कॉलेज की मांग पूरी होने के बाद नगरनौसा डिग्री कॉलेज में विधिवत पठन-पाठन कार्य का शुभारंभ स्थानीय विधायक हरिनारायण सिंह ने फीता काटकर किया। शुभारंभ समारोह में जनप्रतिनिधियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों, अभिभावकों एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही। कॉलेज परिसर में आयोजित कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा।कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के स्वागत से हुई। कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. संजय कुमार ने विधायक हरिनारायण सिंह सहित सभी अतिथियों को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। इसके बाद दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत उद्घाटन किया गया और कॉलेज में पठन-पाठन की औपचारिक शुरूआत की गई।



इस अवसर पर विधायक हरिनारायण सिंह ने कहा कि नगरनौसा क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए अब तक बिहारशरीफ, हिलसा, बख्तियारपुर, पटना सहित अन्य शहरों का रुख करना पड़ता था। आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के बच्चों के लिए यह काफी कठिन था। अब नगरनौसा में ही डिग्री कॉलेज शुरू होने से विद्यार्थियों को अपने प्रखंड में गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध होगी। इससे समय और धन दोनों की बचत होगी तथा विशेष रूप से छात्राओं की पढ़ाई को नया प्रोत्साहन मिलेगा।

उन्होंने कहा कि शिक्षा किसी भी समाज के विकास की सबसे मजबूत आधारशिला होती है। सरकार का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में भी बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है, ताकि किसी भी छात्र की पढ़ाई संसाधनों के अभाव में बाधित न हो। उन्होंने विद्यार्थियों से नियमित रूप से अध्ययन करने और अपने भविष्य को उज्ज्वल बनाने का आह्वान किया।

कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. संजय कुमार ने कहा कि कॉलेज में नामांकन एवं पठन-पाठन की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति की गई है तथा आवश्यक शैक्षणिक संसाधनों की व्यवस्था भी की जा रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में यह कॉलेज क्षेत्र के विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का प्रमुख केंद्र बनेगा।

समारोह में उपस्थित अभिभावकों और विद्यार्थियों ने भी कॉलेज के शुभारंभ पर खुशी जताई। लोगों ने कहा कि लंबे समय से नगरनौसा में डिग्री कॉलेज की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। अब कॉलेज शुरू होने से हजारों विद्यार्थियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा और क्षेत्र में शिक्षा का स्तर और बेहतर होगा। समारोह के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधि, शिक्षा विभाग के अधिकारी, शिक्षक, कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों ने कॉलेज परिसर का निरीक्षण कर उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली।

# नशेबाज एएसआई का चौक पर घंटों चला ड्रामा, गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधेपुरा।** बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून लागू है, लेकिन एक पुलिस पदाधिकारी ने इसका मजाक उड़ाया। सदर थाना अंतर्गत मठाही पुलिस शिविर में तैनात एएसआई देवेंद्र ठाकुर ने शराब नशे में मठाही चौक पर जमकर हंगामा किया।

इतना ही नहीं, स्थानीय लोगों के साथ गाली-गलौज भी की। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग जुट गए और वातावरण तनावपूर्ण हो गया।

इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा।

इस बीच किसी ने इसकी सूचना एसपी संदीप सिंह को दी।

एसपी के द्वारा संज्ञान लेते ही तत्काल आरोपित एएसआई को सदर थाना की पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर जांच कराई गई। जांच में शराब पीने की पुष्टि होने पर गिरफ्तार कर लिया गया।

शंकरपुर थाने से तबादला के बाद मंगलवार को ही एएसआई देवेंद्र ठाकुर ने मंगलवार को ही मठाही पुलिस शिविर में योगदान दिया था।

स्थानीय लोगों के अनुसार, मंगलवार की रात करीब 8 बजे एएसआई देवेंद्र ठाकुर शराब के नशे में मिठाई चौक पर कुछ लोगों के साथ गाली-गलौज कर रहे थे। लोगों ने जब इसका विरोध किया तो वह अपने आवास चले गए। इसके बाद स्थानीय युवाओं का आक्रोश फूट पड़ा।

लोगों का कहना था कि जब आम नागरिक शराब पीने के आरोप में पकड़े जाते हैं तो तत्काल जेल भेज दिया जाता है, लेकिन पुलिस पदाधिकारी ऐसा कैसे कर सकते हैं। वायरल वीडियो में एएसआई देवेंद्र ठाकुर अपने कमरे में कुछ लोगों से माफी मांगने एवं मामले को रफादफा करने की बात करते हुए दिखाई दे रहे हैं, जबकि अन्य वीडियो में गाली-गलौज किए जाने की बात भी कही जा रही है।

# तौलिए में निबटा रहे थे थाने का काम, निलंबित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जिले के बाढ़ अनुमंडल अंतर्गत अथमलगोला थाना में तैनात एक सहायक अवर निरीक्षक (एएसआई) का तौलिए में फरियादी से बातचीत करते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस महकमे में हलचल मच गई है। वायरल वीडियो में एएसआई अर्धनग्न हालत में फरियादी से दस्तावेज लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। मामले के सामने आने के बाद ग्रामीण एसपी ने संबंधित एएसआई को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में अथमलगोला थाना में तैनात एएसआई अंजनी कुमार सिंह तौलिए में एक फरियादी से केस से जुड़े दस्तावेज लेते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो में उनके पास एक अन्य पुलिसकर्मी वर्दी में बैठा नजर आ रहा है। इसी दौरान एएसआई कथित तौर पर थाने में वीडियो बनाने से भी मना करते हुए दिखाई देते हैं। राजद के आधिकारिक फेसबुक पेज पर भी इस वीडियो को साझा किया गया है, जिसके बाद इसे लेकर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं भी सामने आई हैं। एएसआई अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि वह शौचालय की ओर जा रहे थे। उसी दौरान नालंदा से आए कुछ लोग, जिनकी चोरी हुई मोटरसाइकिल बरामद हुई थी, उन्हें नाम लेकर खोज रहे थे। उन्होंने बताया कि लोगों को अधिक देर तक इंतजार न कराना पड़े, इसलिए उसी स्थिति में उन्होंने उनसे एफआईआर की प्रति, वाहन के स्वामित्व संबंधी दस्तावेज और आधार कार्ड लेकर आवश्यक प्रक्रिया पूरी की और फिर शौचालय चले गए। एएसआई का कहना है कि इसी दौरान थाने में मौजूद एक महिला शिक्षिका ने उनका वीडियो बना लिया और बाद में उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। उन्होंने दावा किया कि उनका उद्देश्य केवल फरियादी का काम बिना देरी के करना था।मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए ग्रामीण एसपी कुंदन कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए एएसआई अंजनी कुमार सिंह को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# आवेदन लिखने के पुलिस लेती हैं पैसे ?

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पश्चिम चंपारण।** शिकारपुर थाना से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में सादे लिबास में बैठा एक व्यक्ति आवेदन लिखने के एवज में पैसे लेते हुए दिखाई दे रहा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो के संबंध में दावा किया जा रहा है कि वीडियो में दिखाई दे रहा व्यक्ति शिकारपुर थाना में पदस्थापित पुलिसकर्मी उमेश कुमार है। बताया जा रहा है कि थाना पहुंचे एक फरियादी से आवेदन लिखने के नाम पर पैसे लिए जा रहे थे। वायरल वीडियो में कथित तौर पर पुलिसकर्मी यह कहते हुए भी सुनाई दे रहा है कि 'कागज और कलम क्या मुफ्त में आते हैं?' इसी कथित बयान को लेकर सोशल मीडिया पर लोगों की तीखी प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं।

# उपायुक्त की अध्यक्षता में जिला अनुकंपा समिति की बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**खूंटी।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त मो० जावेद हुसैन की अध्यक्षता में उग्रवादी हिंसा में मृत व्यक्तियों के आश्रितों को अनुग्रह-अनुदान/ अनुकंपा आधारित नियुक्ति प्रदान किए जाने के संबंध में जिला अनुकंपा समिति की आयोजित बैठक में पांच प्रस्तावों की समीक्षा की गयी गई। समीक्षा के दौरान सभी मामलों से संबंधित आवश्यक दस्तावेजों एवं अभिलेखों का विस्तार से परीक्षण किया गया, ताकि पात्र आश्रितों को नियमानुसार लाभ उपलब्ध कराया जा सके।

उपायुक्त ने समिति के सदस्यों के साथ सभी प्रस्तावों पर विस्तृत विचार-विमर्श करते हुए पात्र आश्रितों को अनुग्रह-अनुदान एवं अनुकंपा आधारित नियुक्ति उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक निर्णय लिए तथा संबंधित पदाधिकारियों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुरूप आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों का समयबद्ध एवं संवेदनशीलता के साथ निष्पादन किया जाए, ताकि पात्र लाभुकों को शीघ्र राहत मिल सके।

बैठक में पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग, अनुमंडल पदाधिकारी दीपेश कुमारी, प्रभारी पदाधिकारी (गोपनीय शाखा) प्रमोद राम, जिला कोषागार पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी (सामान्य शाखा) कोमल कुमारी तथा कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग धर्मेंद्र किशोर सिंह सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बेटी के जन्म पर अनोखा जश्न, वीडियो वायरल

- डीजे की धुन और फूलों से सजी एंबुलेंस
- लोगों ने गाए मंगल गीत, उतारी गयी आरती



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बेगूसराय।** बेटियों के प्रति समाज की बदलती सोच का एक प्रेरणादायक उदाहरण मंगलवार को बछवाड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से सामने आया।

रुदौली गांव के एक परिवार ने बेटी के जन्म को उत्सव का रूप देकर न सिर्फ अपनी खुशियां पूरे गांव के साथ साझा कीं, बल्कि बेटियों के सम्मान, समान अधिकार और उनके महत्व का सशक्त संदेश भी दिया।

आमतौर पर एंबुलेंस को देखकर लोगों के मन में किसी बीमार या गंभीर मरीज की छवि उभरती है, लेकिन मंगलवार को बछवाड़ा सीएचसी से निकली एक एंबुलेंस ने सबको चौंका दिया। एंबुलेंस रंग-बिरंगे फूलों से सजी हुई थी और उसके आगे-पीछे डीजे की धुन पर झूमते परिजन चल रहे थे। यह नजारा देखकर राहगीरों को पहले लगा कि किसी बारात या बड़े समारोह का जुलूस निकल रहा है।

बाद में लोगों को पता चला कि यह जश्न किसी शादी का नहीं, बल्कि एक बेटी के जन्म की खुशी में मनाया जा रहा है। यह जानकारी मिलते ही लोगों ने परिवार की सोच की खुले दिल से सराहना की और नवजात को आशीर्वाद दिया।

रुदौली वार्ड संख्या-11 निवासी राम उदय सहनी के परिवार में दो बेटों के बाद बेटी का जन्म हुआ। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद परिवार के सदस्यों ने मां और नवजात का स्वागत यादगार बनाने का फैसला किया।

इसके तहत अस्पताल की एंबुलेंस को फूलों से सजाया गया और डीजे की धुन के बीच मां-बेटी को पूरे सम्मान के साथ घर लाया गया। पूरे रास्ते परिवार के लोग खुशियां मनाते रहे और आसपास के लोग इस जश्न को देखने के लिए रुकते रहे।

परिवार के सदस्य रामप्रवेश सहनी ने बताया कि उनके दोनों भाइयों के परिवार में यह पहली बेटी का जन्म हुआ है। लंबे समय बाद परिवार में आई इस खुशखबरी को सभी ने मिलकर खास बनाने का निर्णय लिया।

उन्होंने कहा कि बेटी का जन्म किसी उत्सव से कम नहीं है और समाज को भी बेटियों के जन्म पर इसी तरह खुशियां मनानी चाहिए।

गांव पहुंचने पर मां और नवजात का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत किया गया। महिलाओं ने मंगलगीत गाए, आरती उतारी और परिवार के बुजुर्गों ने नवजात को आशीर्वाद दिया। नवजात का नाम 'रचना' रखा गया है।

परिवार का कहना है कि रचना को शिक्षा, स्वास्थ्य, अवसर और संपत्ति सहित हर क्षेत्र में बेटों के समान अधिकार और सुविधाएं दी जाएंगी।

परिवार के सदस्यों ने कहा कि बेटी और बेटे में कोई अंतर नहीं है। बेटियां भी परिवार और समाज का नाम रोशन कर सकती हैं, इसलिए उनके जन्म पर भी उतनी ही खुशी मनाई जानी चाहिए जितनी बेटे के जन्म पर मनाई जाती है।फूलों से सजी एंबुलेंस और डीजे के साथ बेटी के स्वागत का यह अनोखा अंदाज पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। ग्रामीणों ने परिवार की इस पहल को सामाजिक बदलाव की दिशा में सकारात्मक कदम बताया।

लोगों का कहना था कि यदि हर परिवार बेटी के जन्म को इसी तरह सम्मान और गर्व के साथ स्वीकार करे, तो समाज में बेटियों के प्रति भेदभाव की सोच स्वतः समाप्त हो जाएगी।

परिवार की इस पहल ने क्षेत्र में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' के संदेश को व्यवहारिक रूप में प्रस्तुत कर एक नई मिसाल कायम की।

# निशांत कुमार की बैठक से स्वास्थ्य सेवाओं को लगे पंख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने बिहार और राजधानी पटना के प्रमुख मेडिकल कालेज एवं चिकित्सा संस्थानों के प्राचार्य, अधीक्षक, निदेशकों के साथ समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान प्रत्येक संस्थान में उपलब्ध चिकित्सा सुविधाओं, विभिन्न प्रकार की सर्जरी, सुपर स्पेशियलिटी सेवाओं, मरीजों को मिलने वाले उपचार तथा स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार की जानकारी ली गई। उन्होंने राज्य के जिलों के मेडिकल कॉलेज एवं अस्पतालों में लंबित सर्जरी को आईजी आईएमएस, एम्स और मेदांता जैसे संस्थानों में कराने के निर्देश दिए।

साथ ही जिलों के मेडिकल कॉलेजों में लंबित सर्जरी की सूची विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। शुक्रवार तक प्रत्येक चिकित्सा संस्थान को लंबित सर्जरियों



(सर्जरी वेटिंग लिस्ट) का अद्यतन डेटा स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराना है।

सभी संस्थानों के प्रमुखों से सुझाव आमंत्रित करते हुए निशांत ने कहा कि राज्य के प्रत्येक मरीज को बेहतर, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध इलाज उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

बैठक में सभी प्रमुख चिकित्सा संस्थानों को अत्याधुनिक चिकित्सा उपकरणों एवं आधुनिक मशीनों से सुसज्जित करने पर विशेष जोर दिया गया। मंत्री ने कहा कि आधुनिक तकनीक और बेहतर संसाधनों के माध्यम से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

उन्होंने निर्देश दिया कि मुख्यमंत्री सहायता कोष एवं आयुष्मान भारत योजना का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों की महंगी एवं जटिल सर्जरी भी बिना वित्तीय बाधा के कराई जा सके।

बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि सभी अस्पतालों के बाहर बड़े एवं स्पष्ट डिस्प्ले बोर्ड लगाए जाएं, जिन पर अस्पताल में उपलब्ध विभागों, विशेषज्ञ चिकित्सकों, प्रमुख चिकित्सा सुविधाओं तथा सर्जरी संबंधी सेवाओं की जानकारी प्रदर्शित की जाए, ताकि मरीजों एवं उनके परिजनों को आवश्यक जानकारी आसानी से प्राप्त हो सके।

# नेपाल में बारिश, बिहार में तबाही

## सड़क बहने से टूटा 22 गांवों का संपर्क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अररिया।** नेपाल और बिहार के कई जिलों में लगातार हो रही बारिश का असर अब पश्चिम चंपारण के दुर्गम दोन क्षेत्र में भी दिखने लगा है। पहाड़ी नदियों का जलस्तर बढ़ने से जिला मुख्यालय को जोड़ने वाली मुख्य सड़क बह गई है। इसके चलते दोन क्षेत्र के 22 गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह टूट गया है। हालात ऐसे हैं कि हजारों ग्रामीणों का जनजीवन प्रभावित हो गया है और लोग जान जोखिम में डालकर उफनती नदियां पार करने को मजबूर हैं।

लगातार बारिश के कारण पहाड़ी नदियां उफान पर हैं। तेज बहाव में जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क बह जाने के बाद पूरे इलाके का संपर्क कट गया है। इससे लोगों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई है और ग्रामीणों के सामने रोजमर्रा की जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो गया है।

सड़क बंद होने के कारण लोग मजबूरी में उफनती नदियों को पार कर अपने काम पर जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जान का खतरा होने के बावजूद उनके पास दूसरा कोई रास्ता नहीं है। हर दिन महिलाएं, बुजुर्ग और बच्चे भी इसी जोखिम भरे रास्ते से गुजरने को मजबूर हैं। संपर्क टूटने का सबसे अधिक असर विद्यार्थियों, मरीजों



और किसानों पर पड़ा है। बच्चे स्कूल नहीं पहुंच पा रहे हैं, जबकि बीमार लोगों को अस्पताल ले जाने में भारी दिक्कत हो रही है। वहीं किसान और व्यापारी अपनी उपज बाजार तक नहीं पहुंचा पा रहे हैं, जिससे आर्थिक गतिविधियां भी प्रभावित हो रही हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बरसात के मौसम में हर साल यही हालात बनते हैं। कई बार प्रशासन को इस समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि जल्द व्यवस्था नहीं हुई तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से तत्काल वैकल्पिक आवागमन की व्यवस्था करने की मांग की है। साथ ही क्षेत्र में स्थायी पुल और मजबूत सड़क निर्माण कराने की मांग भी उठाई है, ताकि हर साल बारिश के दौरान लोगों को इस परेशानी का सामना न करना पड़े।

# हाईकोर्ट के आदेश को लागू करे सरकार : फैक्टनेब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गयाजी।** बिहार राज्य संबद्ध डिग्री कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को नियमित वेतनमान एवं पेंशन देने की मांग को लेकर पटना उच्च न्यायालय में दायर याचिका की सुनवाई पूरी होकर उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को तीन माह के अंदर सभी संबद्ध डिग्री के कॉलेज सेवा आयोग या चयन समिति से अनुमोदित शिक्षकों तथा शिक्षकेतर कर्मचारियों को नियमित वेतन भुगतान करने का निर्देश मुख्य सचिव बिहार को दिया है। बिहार राज्य संबद्ध डिग्री कॉलेज शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी महासंघ के मगध विश्वविद्यालय इकाई के अध्यक्ष प्रोफेसर विजय कुमार मिट्ठू, संरक्षक प्रो नवल किशोर शर्मा, जिला अध्यक्ष डॉ अरविंद कुमार, डॉ अनिल कुमार सिन्हा, प्रो शशि भूषण कुमार, प्रो विपिन बिहारी सिन्हा, प्रो मनोज कुमार सिंह, प्रो राम कुमार शर्मा आदि ने माननीय उच्च न्यायालय के आदेश का स्वागत करते हुए सरकार से अविलंब सम्बध्द डिग्री कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारियों को नियमित वेतनमान, पेंशनर देने की मांग की है।

नेताओं ने कहा कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 2025 विधानसभा चुनाव के पहले कागजी अखबारी घोषणा करते हुए राज्य के संबद्ध डिग्री कॉलेज के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों को वेतनमान एवं पेंशन देने की घोषणा करते हुए मुख्य सचिव बिहार के नेतृत्व में कमिटी गठित कर इस संबंध में रिपोर्ट मांगा मांग, लेकिन यह पूरी तरह जुमला साबित हुआ, तो महासंघ लाचार हो कर माननीय पटना उच्च न्यायालय में सैकड़ों संबद्ध प्राप्त कॉलेज उहखउ 6943/ 2026 फाइल करने के उपरांत 14 जुलाई को सुनवाई पूरी कर मुख्यसचिव को तीन माह के अंदर सभी संबद्ध डिग्री कॉलेज के शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारियों को तीन माह के अंदर नियमित वेतनमान एवं पेंशन देने का आदेश मुख्य सचिव बिहार को दिया है।

नेताओं ने कहा कि महासंघ पटना उच्च न्यायालय के आदेश को लागू कराने हेतु राज्य सरकार पर दबाव बनाने तथा 20 से 24 जुलाई 2026 को चलने वाले विधानमंडल के संक्षिप्त सत्र में शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के विधान परिषदों पर दबाव बनाने हेतु पटना में 20 से 24 के बीच चरणबद्ध आंदोलन चलाएगा।

## अब चोरों की नजर मठों और मंदिरों पर

**आरा।** भोजपुर जिले में मूर्ति चोरी गिरोह की नजर एक बार फिर मठों और मंदिरों पर टेढ़ी हो गई है। बीते सात माह के भीतर जिले के दो अलग-अलग मठों एवं मंदिरों से भगवान राम, जानकी, लक्ष्मण समेत अन्य सात बहुमूल्य प्राचीन मूर्तियां चोरी हो चुकी हैं।

दोनों मामलों में अब तक पुलिस को कोई बड़ी सफलता नहीं मिली है। सात माह पूर्व घटित गंगहर गांव के ठाकुरबाड़ी मठ में हुई चोरी के मामले में पुलिस को अभी तक कोई ठोस सुराग भी नहीं मिला था कि तीन दिन पूर्व अगिआंव बाजार थाना क्षेत्र के पिटारों गांव स्थित मंदिर से तीन और प्राचीन मूर्तियां चोरी कर चोरों ने पुलिस-प्रशासन को खुली चुनौती दे दी।

इससे सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं और श्रद्धालुओं में भी चिंता बढ़ गई है।लगातार हुई इन घटनाओं से किसी अंतरराज्यीय मूर्ति चोरी गिरोह की संलिप्तता की आशंका जताई जा रही है। माना जा रहा है कि गिरोह विभिन्न जिलों में घूम-घूमकर ऐसी वारदातों को अंजाम दे रहा है।

जनवरी में हुई पहली घटना के बाद विशेष जांच दल (एसआइटी) का गठन भी किया गया था, लेकिन जांच किसी ठोस निष्कर्ष तक नहीं पहुंच सकी।

लोगों का कहना है कि ये प्राचीन मूर्तियां केवल आस्था का केंद्र नहीं हैं, बल्कि क्षेत्र की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर भी हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से रात में नियमित गश्त बढ़ाने, प्रमुख मंदिरों में सीसीटीवी कैमरे लगाने तथा मूर्ति चोरी गिरोह की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।

# उद्घाटन के पूर्व फोर लेन सड़क में आयी दरार

## लोगों ने उठाये गुणवत्ता पर सवाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुंगेर।** बिहार के महत्वाकांक्षी मुंगेर-मिर्जाचौकी फोरलेन प्रोजेक्ट पर उद्घाटन से पहले ही सवाल खड़े हो गए हैं। अभी इस सड़क पर पूरी तरह यातायात शुरू भी नहीं हुआ है कि घोरघट और गनगनिया के बीच सड़क में बड़ी दरार पड़ गई है। इसके साथ ही सड़क किनारे की मिट्टी भी लगातार धंस रही है, जिससे लोगों में सड़क की गुणवत्ता और सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। मामला सामने आने के बाद भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने तकनीकी जांच के आदेश दे दिए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, जिस स्थान पर सड़क फटी है वहां पिछले कुछ दिनों से मिट्टी धंसने की समस्या देखी जा रही थी। धीरे-धीरे इसका असर सड़क की सतह तक पहुंच गया और फोरलेन सड़क में बड़ी दरार पड़ गई। लोगों का कहना है कि अगर समय रहते मरम्मत नहीं हुई तो भारी वाहनों की आवाजाही शुरू होने के बाद स्थिति और गंभीर हो सकती है।

मुंगेर को भागलपुर और झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र से जोड़ने वाला यह फोरलेन प्रोजेक्ट करीब 3792 करोड़ की लागत से तैयार किया जा रहा है। ऐसे में उद्घाटन से पहले ही सड़क में दरार आने से निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों ने पूरे मामले की निष्पक्ष और वैज्ञानिक जांच कराने की मांग की है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क की सिर्फ ऊपरी मरम्मत करने से समस्या का समाधान नहीं होगा। उनका मानना है कि सड़क की नींव और निर्माण की गुणवत्ता की पूरी तकनीकी जांच होनी चाहिए। लोगों ने मांग की है कि यदि कहीं निर्माण में लापरवाही हुई है तो जिम्मेदार एजेंसी के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

# सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कृषि विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की उच्चस्तरीय समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने योजनाओं के क्रियान्वयन की धीमी गति तथा बजट व्यय की वर्तमान स्थिति पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं का समयबद्ध एवं प्रभावी क्रियान्वयन सर्वोच्च प्राथमिकता है। समीक्षा के क्रम में विभागीय योजनाओं की वित्तीय प्रगति अपेक्षित स्तर पर नहीं पाए जाने तथा अब तक मात्र 03 प्रतिशत बजट व्यय होने पर मंत्री ने असंतोष व्यक्त करते हुए स्पष्ट निदेश दिया कि एक सप्ताह के भीतर योजनाओं के क्रियान्वयन एवं व्यय की प्रगति में उल्लेखनीय सुधार सुनिश्चित किया जाए, ताकि योजनाओं का लाभ समय पर किसानों तक पहुंच सके। मंत्री ने योजनाओं की स्वीकृति में हुई देरी को गंभीरता से लेते हुए संबंधित मामलों की जांच कर तीन दिनों के भीतर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया है। साथ ही पिछले तीन वर्षों का जिलावार योजनाओं की प्रगति का प्रतिवेदन प्रस्तुत कर कारणों की विस्तृत समीक्षा करने का भी निदेश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को निदेश दिया कि अगले वित्तीय वर्ष से सभी योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति अप्रैल एवं मई माह में ही सुनिश्चित की जाए, ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में अनावश्यक विलंब न हो। साथ ही संबंधित निदेशालयों को समय पर जिलावार राशि का उपबंध एवं मांग सुनिश्चित करने का भी निदेश दिया। श्री सिन्हा ने अधिकारियों को निदेश दिया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में आने वाली सभी प्रशासनिक एवं वित्तीय बाधाओं का त्वरित समाधान किया जाए। इसके लिए वित्त विभाग के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित कर लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक योजना की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए तथा विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को तय समय-सीमा के भीतर प्राप्त करने के लिए सभी अधिकारी पूर्ण प्रतिबद्धता एवं उत्तरदायित्व के साथ कार्य करें। सभी पदाधिकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की व्यक्तिगत निगरानी करें तथा जमीनी स्तर पर अपेक्षित परिणाम सुनिश्चित करें। मंत्री ने स्पष्ट कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता स्वीकार्य नहीं होगी। निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में अनावश्यक विलंब अथवा दायित्वों के निर्वहन में कमी पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि बिहार सरकार किसानों के हितों के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध है और विभाग का प्रत्येक अधिकारी इसी भावना के साथ कार्य करे, ताकि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी ढंग से राज्य के किसानों तक पहुंच सके।

# कौशल विकास से ही युवाओं के लिए बढ़ेंगे रोजगार के अवसर : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने युवाओं से बदलते समय की जरूरतों के अनुरूप नए कौशल विकसित करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि कौशल विकास युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के साथ-साथ रोजगार के अवसरों का विस्तार करने का सबसे प्रभावी माध्यम है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि विश्व युवा कौशल दिवस युवाओं को कौशल विकास के प्रति जागरूक करने और उन्हें रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण से जोड़ने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उनका कहना था कि बेरोजगारी, असमानता और आर्थिक चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने में कौशल विकास की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि भारत जैसे युवा-प्रधान देश में स्किल इंडिया मिशन, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना और नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रोग्राम जैसी पहल युवाओं को रोजगारपरक प्रशिक्षण उपलब्ध कराने और उनकी क्षमता बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि विश्व युवा कौशल दिवस की शुरुआत वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा की गई थी। इस दिवस का उद्देश्य युवाओं को तकनीकी और व्यावसायिक कौशल के साथ-साथ बदलते डिजिटल परिवेश के अनुरूप नई तकनीकों से जोड़ना भी है। उन्होंने कहा कि आज के समय में कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स और हरित प्रौद्योगिकी जैसे उभरते क्षेत्रों में कौशल विकसित करना युवाओं के लिए आवश्यक हो गया है। इन क्षेत्रों में दक्षता हासिल कर युवा न केवल अपने लिए बेहतर रोजगार के अवसर सृजित कर सकते हैं, बल्कि देश के आर्थिक और तकनीकी विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं।

# बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा आज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से ठाकुरबाड़ी से भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकलेगी। इसको लेकर तैयारी पूरी कर ली गयी है। इस संबंध में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो रणबीर नंदन ने बताया कि धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से रथयात्रा का समय 3 बजे निर्धारित है। रथयात्रा का उद्घाटन मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जगन्नाथ, बलभद्र, सुभद्रा की आरती कर और रथयात्रा पथ में झाड़ू लगाकर शुरूआत करेंगे। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी 56 भोग भी भगवान जगन्नाथ को अर्पण करेंगे। इस अवसर पर बिहार विधान परिषद के सभापति अवधेश नारायण सिंह एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी सहित उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर, उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डा. दिलीप जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। धार्मिक न्यास पर्षद की ओर से निकलने वाली रथयात्रा की तैयारी में श्री राधा कुंज बिहारी मठ के संत-महात्मा लगे हुए हैं। भगवान जगन्नाथ के साथ बलदेव व सुभद्रा के काष्ठ का विग्रह जगन्नाथपुरी से आया है जबकि 40 फीट ऊंचा हाइड्रोलिक रथ बेगूसराय से मंगाया गया है। पूजा-आरती के बाद 3 बजे से रथयात्रा निकलेगी जो गर्दनीबाग, मिठापुर, अनीसाबाद, कच्ची तालाब, बेउर मोड़ होते हुए वापस गर्दनीबाग ठाकुरवाड़ी पहुंचेगी। वहां भगवान की आरती के बाद भगवान को पुनः छप्पन भोग प्रसाद अर्पित करने के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। रथयात्रा के लिए कोलकाता से फूल व बंगाल के मायापुर के मृदंग वादक और वृंदावन की कीर्तन मंडली मुख्य आकर्षण होंगे। प्रो रणबीर नंदन ने कहा कि शास्त्रों में कहा गया है कि जो व्यक्ति एक बार भगवान जगन्नाथ को रथ पर विराजमान देखता है या रथ की रस्सी को स्पर्श करता है वह जन्म मृत्यु के चक्र से बाहर निकलने के योग्य हो जाता है।

# पटना के नेऊरा में शुरू हुआ इंटेलीस्मार्ट का सेंटर ऑफ एक्सीलेंस


## युवाओं को मिलेगा निःशुल्क प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिजली वितरण क्षेत्र में स्मार्ट तकनीक के विस्तार और कुशल मानव संसाधन तैयार करने की दिशा में इंटेलीस्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर ने पटना के नेऊरा में अपना छठा सेंटर ऑफ एक्सीलेंस शुरू किया है। इस केंद्र में युवाओं को स्मार्ट मीटरिंग और आधुनिक ऊर्जा प्रौद्योगिकी से जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा जिससे उनके लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध होंगे। केंद्र का उद्घाटन पटना सर्किल के विद्युत अधीक्षण अभियंता प्रेम कुमार प्रवीण ने किया। इस अवसर पर पटना ग्रामीण के विद्युत कार्यपालक अभियंता आनंद सुमन, पटना सर्किल के विद्युत कार्यपालक अभियंता अविनाश कुमार तथा सीनियर मैनेजर (रेवेन्यू) मृणाल कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। नेऊरा स्थित केंद्र में प्रतिभागियों को डिस्ट्रिब्यूशन ट्रांसफॉर्मर मीटर, कंज्यूमर मीटर और फीडर मीटर की स्थापना एवं कॉन्फिगरेशन का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा सोलर रूफटॉप सिस्टम, नवीकरणीय ऊर्जा एकीकरण, मांग का आकलन, संचालन एवं अनुरक्षण, कंज्यूमर इंडेक्सिंग तथा व्यवहारिक कौशल जैसे विषय भी प्रशिक्षण का हिस्सा होंगे। यह प्रशिक्षण पूरी तरह निःशुल्क होगा। देश के किसी भी राज्य के 18 वर्ष या उससे अधिक आयु के आईटीआई, डिप्लोमा अथवा बी.टेक योग्यता रखने वाले अभ्यर्थी इसमें भाग ले सकेंगे। प्रशिक्षण पूरा करने पर प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र दिया जाएगा जिसके आधार पर वे अपनी पसंद के एएमआईएसपी या इंटेलीस्मार्ट में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकेंगे। इंटेलीस्मार्ट के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनिल रावल ने कहा कि देश में 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता विकसित करने और संशोधित वितरण क्षेत्र योजना के तहत 25 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रशिक्षित तकनीकी मानव संसाधन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सेंटर ऑफ एक्सीलेंस इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इंटेलीस्मार्ट ने अपना पहला सेंटर ऑफ एक्सीलेंस 5 जून 2025 को उत्तर प्रदेश के दादरी में शुरू किया था। अब तक कंपनी 1,630 से अधिक युवाओं को प्रशिक्षण दे चुकी है तथा मेरठ, बरेली, पलसाना (सूरत) और नडियाद (गुजरात) में भी नए प्रशिक्षण केंद्र स्थापित किए हैं। नेशनल इन्वेस्टमेंट एंड इंफ्रास्ट्रक्चर फंड और एनर्जी एफिशिएंसी सर्विसेज लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम इंटेलीस्मार्ट ने उत्तर प्रदेश, असम, गुजरात और बिहार में 80 लाख से अधिक स्मार्ट मीटर स्थापित किए हैं जबकि उसके पास 2.28 करोड़ स्मार्ट मीटर लगाने के कार्यादेश हैं।

# दलितों के हक और सम्मान के लिए कांग्रेस हर मोर्चे पर संघर्ष करेगी : राजेश राम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार को पटना के मनेर स्थित ब्यापुर एवं गोरैया स्थान में दलित संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि दलित समाज इस देश का निर्माता है। दलितों के श्रम, प्रतिभा और कौशल ने भारत के विकास को नई दिशा दी है। उन्होंने कहा कि जब अपने अधिकारों की बात आई तो दलित समाज ने हमेशा त्याग और सहनशीलता का परिचय दिया। इस समाज ने शोषण और अत्याचार सहा, लेकिन कभी भी देश और समाज का अहित नहीं किया। राजेश राम ने आरोप लगाया कि जब से देश में मनुवादी सोच की सरकार बनी है, तब से दलित समाज को लगातार कमजोर और उपेक्षित किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकारों ने हमेशा दलितों को सम्मान, अधिकार और उचित भागीदारी सुनिश्चित करने का काम किया। आज दलित समाज की उपेक्षा और उनके साथ हो रहे अन्याय को देखकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी तथा पूरी कांग्रेस पार्टी व्यथित है।

# भारत टेक्स 2026 के दूसरे दिन भी बिहार पवेलियन रहा आकर्षण का प्रमुख केंद्र

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** भारत मंडपम, नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स 2026 के दूसरे दिन भी बिहार सरकार का पवेलियन निवेशकों, उद्योग प्रतिनिधियों, नीति-निर्माताओं तथा देश-विदेश से आए आगंतुकों के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना रहा। उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा स्थापित बिहार पवेलियन में राज्य की औद्योगिक नीतियों, निवेश संभावनाओं, टेक्सटाइल एवं परिधान क्षेत्र की क्षमताओं तथा जीआई टैग एवं पारंपरिक उत्पादों को व्यापक रूप से प्रदर्शित किया गया। भारत टेक्स 2026 के दूसरे दिन बिहार पवेलियन का भ्रमण वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार की विकास आयुक्त (हथकरघा) डॉ. एम. बीना, कर्नाटक सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग विभाग (वस्त्र) की सचिव रोहिणी सिंधुरी दासरी, आईएएस तथा गुजरात सरकार के उद्योग आयुक्त अमित प्रकाश यादव, आईएएस, भारत टेक्स आयोजन समिति के सह-अध्यक्ष भद्रेश दोधिया ने किया। इस दौरान हथकरघा एवं रेशम निदेशालय के निदेशक डॉ. विद्या नंद सिंह तथा उद्योग निदेशक मुकुल कुमार गुप्ता की उपस्थिति में अतिथियों ने बिहार के टेक्सटाइल एवं परिधान क्षेत्र की संभावनाओं, जीआई टैग उत्पादों, हस्तशिल्प, भागलपुरी सिल्क एवं अन्य प्रदर्शित उत्पादों का अवलोकन किया। उन्होंने राज्य की उद्योगोन्मुखी नीतियों, निवेश-अनुकूल वातावरण तथा टेक्सटाइल क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों की सराहना करते हुए विभागीय अधिकारियों एवं प्रदर्शकों से संवाद किया। भारत टेक्स 2026 के दूसरे दिन उद्योग विभाग की टीम ने प्रदर्शनी के विभिन्न हॉलों का भ्रमण कर निवेशकों, उद्योग प्रतिनिधियों, खरीदारों एवं उद्यमियों से संवाद स्थापित किया। इस दौरान बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन पैकेज 2025, बिहार टेक्सटाइल एवं लेदर नीति (संशोधित) 2025, प्लग-एंड-प्ले औद्योगिक सुविधाएं, भूमि उपलब्धता, एमएसएमई प्रोत्साहन तथा राज्य सरकार द्वारा उपलब्ध कराई जा रही विभिन्न निवेश प्रोत्साहन योजनाओं की जानकारी साझा की गई। साथ ही उन्हें बिहार पवेलियन का भ्रमण कर राज्य में उपलब्ध औद्योगिक अवसरों से अवगत होने के लिए आमंत्रित किया गया। भारत टेक्स 2026 के शेष दिनों में भी बिहार पवेलियन के माध्यम से राज्य की औद्योगिक क्षमता, निवेश की संभावनाओं तथा 'बिहार है तैयार' के विजन को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय निवेशकों, खरीदारों एवं उद्योग जगत के समक्ष प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जा रहा है।

# आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस ने पटना में नई शाखा खोली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड ने पटना और दरभंगा में दो नई शाखाओं का उद्घाटन कर बिहार में अपने कारोबार की शुरुआत की है। कंपनी का उद्देश्य क्षेत्र के ग्राहकों को हाउसिंग फाइनेंस सेवाओं तक आसान पहुंच उपलब्ध कराना और घर खरीदने की बढ़ती जरूरतों को पूरा करना है। नई शाखा के माध्यम से एबीएचएफएल किफायती गृह ऋण, प्रीमियम गृह ऋण, निर्माण वित्त तथा संपत्ति के बदले ऋण जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराएगा। कंपनी के अनुसार उसकी डिजिटल ऋण प्रक्रिया ग्राहकों को तेज, पारदर्शी और सुविधाजनक सेवा अनुभव प्रदान करेगी। आदित्य बिरला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड के एमडी एवं सीईओ पंकज गाडगिल ने कहा बिहार हमारे लिए एक महत्वपूर्ण विकास बाजार है।

# 'मेक इन इंडिया' के साथ पान हेल्थ का विस्तार

## बेबी केयर, महिला हाइजीन और एडल्ट केयर में बढ़ाया प्रोडक्ट पोर्टफोलियो

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** भारत की प्रमुख हाइजीन प्रोडक्ट्स निर्माता कंपनी पान हेल्थ ने 'मेक इन इंडिया, मेड फॉर इंडिया एंड द वर्ल्ड' की सोच के साथ बेबी केयर, महिला हाइजीन और एडल्ट केयर सेगमेंट में अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार किया है। कंपनी अपने प्रमुख ब्रांड लिटिल एंजेल, एवरटीन और लिबर्टी के माध्यम से हर आयु वर्ग के लिए गुणवत्तापूर्ण एवं किफायती हाइजीन उत्पाद उपलब्ध करा रही है। पान हेल्थ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक चिराग पान ने बताया कि गुजरात के राजकोट में स्थित उसकी 30 एकड़ में फैली आधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट भारत की सबसे बड़ी डिस्पोजेबल हाइजीन प्रोडक्ट्स निर्माण सुविधा है। 7 लाख वर्ग फुट से अधिक उत्पादन क्षेत्र वाली इस इकाई में प्रतिवर्ष 3.7 अरब से अधिक हाइजीन प्रोडक्ट्स का निर्माण किया जाता है। अत्याधुनिक तकनीक, ऑटोमेटेड मशीनों, सख्त गुणवत्ता जांच और अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाणपत्रों के माध्यम से यहां विश्वस्तरीय उत्पाद तैयार किए जाते हैं। लिटिल एंजेल ब्रांड के तहत कंपनी अब डायपर और वाइप्स के साथ प्रीमियम बेबी फीडिंग एवं बाथ केयर प्रोडक्ट्स, सिंडेट बार और प्रीमियम बेबी सोप भी बाजार में ला रही है। वहीं एवरटीन के अंतर्गत प्रीमियम सैनिटरी पैड, पीरियड पैंटी, पैंटी लाइनर सहित महिलाओं की जरूरतों के अनुरूप नए हाइजीन प्रोडक्ट्स पेश किए जा रहे हैं। एडल्ट केयर श्रेणी में लिबर्टी ब्रांड के माध्यम से भी कंपनी अपनी मौजूदगी मजबूत कर रही है। पान हेल्थ के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक चिराग पान ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य भारत में ही उच्च गुणवत्ता वाले, भरोसेमंद और किफायती हाइजीन प्रोडक्ट्स तैयार करना है। उन्होंने कहा कि 'मेक इन इंडिया' पहल के तहत कंपनी न केवल देशवासियों की जरूरतें पूरी कर रही है, बल्कि भारत को वैश्विक हाइजीन मैन्युफैक्चरिंग हब बनाने में भी योगदान दे रही है।

# राम मंदिर चंदा-चोरी के विरोध में 16 को पूरे प्रदेश में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम के निर्देश पर राम मंदिर के चंदे की आड़ में आस्था के नाम पर की जा रही राजनीति तथा चढ़ावे के नाम पर भाजपा-आरएसएस द्वारा कथित रूप से बड़े पैमाने पर की जा रही लूट के विरोध में 16 जुलाई 2026 को राज्य के सभी जिला मुख्यालयों एवं प्रमुख सार्वजनिक स्थलों पर कांग्रेसजनों द्वारा विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा कि धार्मिक आस्था को राजनीतिक लाभ का माध्यम बनाना तथा चढ़ावे से जुड़े मामलों में पारदर्शिता का अभाव गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इस मुद्दे पर जनता की आवाज बुलंद करते हुए लोकतांत्रिक तरीके से पूरे बिहार में राज्यव्यापी विरोध प्रदर्शन करेगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने सभी जिला कांग्रेस कमेटियों, पार्टी के पदाधिकारियों, विभागों, प्रकोष्ठों एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे अपने-अपने जिलों में आयोजित विरोध प्रदर्शन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इसे सफल बनाएं।

# दानापुर और साहिबगंज के मध्य श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का होगा परिचालन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हाजीपुर।** श्रावणी मेला के अवसर पर श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु पूर्व मध्य रेल द्वारा दानापुर और साहिबगंज के मध्य 5 ट्रिप श्रावणी मेला स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। यह स्पेशल दानापुर एवं साहिबगंज दोनों तरफ से 2.08.2026 से 30.08.2026 तक सप्ताह के प्रत्येक रविवार को गाड़ी सं. 13236/13235 दानापुर-साहिबगंज-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस के समय एवं ठहराव के अनुसार परिचालित की जाएगी। गाड़ी सं. 03236 दानापुर-साहिबगंज श्रावणी मेला स्पेशल प्रत्येक रविवार को दानापुर से 05.15 बजे प्रस्थान कर 10.45 बजे सुलतानगंज सहित अन्य स्टेशनों पर रुकते हुए 13.45 बजे साहिबगंज पहुंचेगी।

# कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी में 'कौशल युवा कार्यक्रम' का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**जंदाहा (वैशाली)।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी, जंदाहा में आयोजित 'कौशल युवा कार्यक्रम' का भव्य शुभारंभ एवं मार्गदर्शन सभा उत्साहपूर्ण वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम में क्षेत्र के सैकड़ों युवा-युवतियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण के लिए कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर युवाओं को आधुनिक तकनीक, डिजिटल साक्षरता, व्यक्तित्व विकास, रोजगारपरक कौशल, कंप्यूटर शिक्षा तथा विभिन्न जॉब-ओरिएंटेड एवं हाई-टेक पाठ्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें आत्मनिर्भर बनने और बेहतर रोजगार के अवसर प्राप्त करने हेतु कौशल विकास के महत्व से अवगत कराया गया। कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के निदेशक एवं संस्थापक डॉ. आनंद रंजन झा ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी युग में केवल शैक्षणिक डिग्री ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक एवं डिजिटल कौशल भी सफलता की सबसे बड़ी कुंजी है। उन्होंने कहा कि कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी पिछले 20 वर्षों से शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान कर रही है तथा 'कौशल युवा कार्यक्रम' युवाओं को आत्मनिर्भर एवं रोजगारोन्मुख बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अवसर पर अनेक छात्र-छात्राओं ने गीत, प्रेरक भाषण एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से युवाओं को कौशल विकास, शिक्षा और आत्मनिर्भरता का संदेश दिया। वहीं केंद्र की प्रतिनिधि निधि कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, मनीषा कुमारी सहित अन्य प्रशिक्षकों ने भी अपने प्रेरक विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर सीखने, आत्मविश्वास और कठिन परिश्रम के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित छात्र-छात्राओं ने कौशल विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बनने तथा समाज और राष्ट्र के विकास में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

# एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने कौशल विकास से 9.6 लाख लोगों को किया सशक्त

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर एचडीएफसी बैंक की सीएसआर पहल एचडीएफसी बैंक परिवर्तन ने बताया कि उसकी कौशल विकास और आजीविका संवर्धन पहलों से अब तक 9.6 लाख से अधिक लोग लाभान्वित हुए हैं। इनमें 1.96 लाख से अधिक युवाओं को औपचारिक कौशल प्रशिक्षण तथा 7.6 लाख महिलाओं और किसानों को आजीविका एवं उद्यमिता से जुड़ा सहयोग प्रदान किया गया है। एचडीएफसी बैंक परिवर्तन के तहत स्वास्थ्य सेवा, खुदरा, लॉजिस्टिक्स, बैंकिंग, आईटी और डिजिटल प्रौद्योगिकी सहित विभिन्न क्षेत्रों में कौशल प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# दिव्य भावों का साकार स्वरूप भगवान का परम प्रेम : प्रमोद भागवत स्वामी

## श्रीजगन्नाथ कथा के द्वितीय दिवस पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण रहे उपस्थित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** श्रीजगन्नाथ कथा के द्वितीय दिवस पर परमपूज्य भक्ति प्रमोद भागवत स्वामी महाराज जी ने भगवान श्रीजगन्नाथ की दिव्य एवं अलौकिक लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण, रोचक और तत्वज्ञान से परिपूर्ण वर्णन किया। कथा का श्रवण करने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण उपस्थित रहे जिन्होंने पूरे मनोयोग से भगवान की महिमा का रसास्वादन किया। इस मौके पर कथा के शुरूआत के मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन, बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के सदस्य चंदन कुमार सिंह, रक्षक गिरिधारी दास, इश्वरनाथ प्रभु, सनातन कृष्ण दास अधिकारी, अभय सुन्दर दास, विजय मिश्र बाबा सहित बड़ी संख्या में भक्त मौजूद थे। कथा के प्रारंभ में महाराज जी ने भगवान श्रीजगन्नाथ, श्रीबलदेव एवं माता सुभद्रा के अद्भुत स्वरूप की प्राकट्य लीला का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि यह स्वरूप साधारण नहीं, बल्कि भगवान के परम प्रेम और दिव्य भावों का साकार स्वरूप है। महाराज जी ने विस्तार से समझाया कि द्वारका में एक अवसर पर जब माता रोहिणी श्रीकृष्ण की वृन्दावन लीलाओं का वर्णन कर रही थीं, तब श्रीकृष्ण, श्रीबलदेव और माता सुभद्रा उन लीलाओं को सुनते-सुनते प्रेम-विभोर हो गए। उसी समय देवर्षि नारद वहां पहुंचे और उन्होंने भगवान के इस अद्भुत, प्रेममय स्वरूप के दर्शन किए। नारद मुनि ने प्रार्थना की कि भगवान का यह दिव्य स्वरूप कलियुग के समस्त जीवों के कल्याण के लिए पृथ्वी पर भी प्रकट हो। महाराज जी ने बताया कि यही दिव्य स्वरूप आगे चलकर श्रीजगन्नाथ, श्रीबलदेव एवं माता सुभद्रा के रूप में नीलाचल धाम, जगन्नाथ पुरी में प्रकट हुआ। इसके पश्चात महाराज जी ने राजा इन्द्रद्युम्न की भक्ति और समर्पण का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार राजा इन्द्रद्युम्न भगवान के दर्शन के लिए व्याकुल होकर अनेक प्रयास करते रहे। भगवान की प्रेरणा से दिव्य लकड़ी (पवित्र काष्ठ) प्राप्त हुआ और विश्वकर्मा ने उसी से श्रीजगन्नाथ, श्रीबलदेव एवं माता सुभद्रा के विग्रहों का निर्माण किया। महाराज जी ने आगे बताया कि राजा इन्द्रद्युम्न की प्रार्थना पर स्वयं ब्रह्मा जी जगन्नाथ पुरी पधारे और वैदिक विधि-विधान के अनुसार भगवान के दिव्य विग्रहों की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न की। इस प्रकार जगन्नाथ धाम समस्त संसार के लिए भक्ति, करुणा और मोक्ष का महान तीर्थ बन गया। कथा के अंतिम चरण में परमपूज्य महाराज जी ने गजपति महाराज पुरुषोत्तम देव की प्रेरणादायक एवं ऐतिहासिक लीला का वर्णन किया।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया आश्रित हितलाभ भुगतान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बिहार क्षेत्र के क्षेत्रीय निदेशक, सीए निरंजन कुमार द्वारा सादे समारोह में मेसर्स उर्मिला इंटरनेशनल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड के अंतर्गत बीमित व्यक्ति स्व. पवन कुमार जो सीतामढी, में डाटा एंट्री ऑपरेटर के पद पर कार्यरत थे उनकी आश्रिता पत्नी रानी कुमारी, सुपुत्री-राजनंदनी कुमारी को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अंतर्गत आश्रित हितलाभ प्रदान किया गया और संवेदना व्यक्त की गयी। स्व. पवन कुमार की मृत्यु 15-01-2024 को कार्य के दौरान रोजगार चोट के कारण हुई थी। वे परिवार में अकेले कमाने वाले थे व परिवार पूर्णतः आर्थिक रूप से उन पर निर्भर था। नियोजक द्वारा दुर्घटना रिपोर्ट भेजे जाने के पश्चात इसकी जांच की गयी तथा इ.एस.आइ.सी. द्वारा आश्रितों के लिए मासिक पेंशन स्वीकृत किया गया। पेंशन के रूप में 577 रु. प्रतिदिन की दर से प्रतिमाह रु.17310/- आश्रितों को मिलेगा। दुर्घटना की तिथि से आज तक लगभग रु. 5,25,070-/ रुपये का बकाया भुगतान भी उनके खाते में अंतरित किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि कार्य के दौरान व कार्यस्थल और निवासस्थान के मध्य आवागमन के कारण होने वाली दुर्घटना को कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948 के तहत रोजगार चोट के रूप में स्वीकृत करने का प्रावधान है जिसके अंतर्गत बीमित कर्मचारी की दुर्भाग्यपूर्ण मृत्यु हो जाने पर उनके आश्रित परिवारजनों को इ.एस.आई. योजना के तहत वेतन का 90% तक मासिक आश्रित पेंशन दिया जाता है।

# संपादकीय

## आखिर गैंगस्टर को किसका संरक्षण?

लॉरेंस बिश्नोई के नेटवर्क पर सख्त कार्रवाई जरूरी लॉरेंस बिश्नोई अगर जेल में बंद रहते हुए भी अपनी आपराधिक योजनाओं को अंजाम दे पाता था, तो उसमें यही पहलू सबसे अहम है कि उसे तकनीकी संसाधन कैसे हासिल हुए और उसे मुहैया कराने तथा आसानी से उसका इस्तेमाल करने की सुविधा उसे किसके संरक्षण में मिलती थी।यह चिंता की बात है कि देश की जेल में बंद होने के बावजूद किसी कैदी पर अपनी आपराधिक गतिविधियां संचालित करने के आरोप लगते हैं और मामला अन्य देशों के दायरे में भी पहुंच जाता है। सरकार को जहां समय रहते इस मसले पर सख्त कदम उठाना चाहिए था, वहां उसने लगातार इस सवाल की अनदेखी की कि जेल में होने के बावजूद कोई कैदी कैसे अपनी मनमानी कर पा रहा है और उसे किसका संरक्षण मिला हुआ है।ऐसे आरोप आम रहे हैं कि कुख्यात अपराधी लारेंस बिश्नोई जेल में बंद होने के बावजूद देश और विदेश में काम कर रहे अपने गिरोह के जरिए हत्या, रंगदारी और फिरौती जैसे गंभीर अपराधों को अंजाम देता रहा है।अब अमेरिका के न्याय विभाग के आरोपपत्र में लारेंस बिश्नोई गिरोह को अभिनेता सलमान खान के घर पर गोलीबारी, पंजाबी अभिनेता और गायक गिप्पी ग्रेवाल को धमकी तथा पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या को अंजाम दिलाने जैसी कई घटनाओं के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।

आरोपपत्र में यह भी कहा गया है कि इस संगठित गिरोह के सदस्यों ने अक्सर भारत और विदेश में बसे भारतीय समुदाय की सांस्कृतिक और राजनीतिक हस्तियों तथा बड़े व्यावसायियों को हिंसा का निशाना बनाया।जाहिर है, लारेंस बिश्नोई की हरकतों के बारे में जितनी भी जानकारी सामने आ सकी है, उस आलोक में अमेरिका के न्याय विभाग के आरोपपत्र में आए तथ्य हैरान नहीं करते हैं।

मगर यह समझना मुश्किल है कि वह अपनी आपराधिक योजनाएं बनाने से लेकर उन्हें अंजाम देने तक की सुविधाएं कैसे और किसके जरिए हासिल करता रहा। अब एक अभियान के तहत अमेरिका, कनाडा और स्पेन की कानून प्रवर्तन एजंसियों ने मिल कर जो कार्रवाई की है, उसमें तीन देशों में चौबीस लोगों की गिरफ्तारी की गई और सैंतीस के खिलाफ आरोप तय किए गए।विचित्र यह है कि बिश्नोई की आपराधिक गतिविधियों के लिए किसी अन्य देश में आरोपपत्र तय किए जाते हैं, लेकिन भारत में ऐसी ठोस कार्रवाई सामने नहीं आई, जिससे जेल में बंद एक कुख्यात कैदी को अपना अपराध-तंत्र संचालित करने से रोका जा सके। बिश्नोई के गिरोह के सदस्य सोशल मीडिया पर अपना प्रभाव बढ़ाने और भय पैदा करने के लिए खुलेआम धमकी जारी करते थे, तो उनके खिलाफ समय पर कार्रवाई क्यों नहीं की गई?गौरतलब है कि कनाडा में एक खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या का आरोप लारेंस बिश्नोई गिरोह पर लगा था और उसी संदर्भ में भारत और कनाडा के बीच गंभीर कूटनीतिक विवाद पैदा हो गया था।

**दा गार्जियन अखबार ने मोदी और भारत की छवि धूमिल करने के लिए एक अंग्रेजी मे एक लेख लिखा। जिसका सारांश यह है कि कोई झूठे भी पुरस्कार देने के लिए बुलाए तो प्रधानमंत्री मोदी दौड़े दौड़े चले जाते हैं। मतलब यह अखबार कहना चाह रहा कि मोदी पुरस्कार के भूखे हैं, साथ ही यह भी जताने की कोशिश कर रहा है, जिन देशों ने मोदी को उनकी विदेश यात्रा के दौरान पुरस्कार दिए, उनकी कोई प्रतिष्ठा नहीं हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी को इन देशों ने फिजूल में पुरस्कार दिए हैं। गार्जियन ने यह लेख लिख कर मोदी सहित भारत का तो अपमान किया ही है, साथ मोदी को पुरस्कार देने वाले उन देशों के नागरिकों, पुरस्कारों और उन देशों के राष्ट्रप्रमुखों का भी अपमान किया है। इस लेख की भड़ास के बावजूद पीएम मोदी को पुरस्कारों का सिलसिला थम नहीं रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान 'बिंतांग आदिपूर्णा ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' मेडल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया।**

# प्रधानमंत्री मोदी को मिले पुरस्कारों पर गार्जियन की हताशा

**( योगेंद्र योगी )**

भारतीय नौसेना ने हालिया समुद्री सुरक्षा अभियानों (मुख्य रूप से अरब सागर और अदन की खाड़ी) में 520 से अधिक लोगों की जान बचाई है और ईरान, लाइबेरिया, माल्टा, और सेंट विंसेंट एंड द ग्रेनाडाइन्स जैसे विभिन्न देशों के झंडे वाले जहाजों को समुद्री लुटेरों से सुरक्षित मुक्त कराया है।

दा गार्जियन अखबार ने मोदी और भारत की छवि धूमिल करने के लिए एक अंग्रेजी मे एक लेख लिखा। जिसका सारांश यह है कि कोई झूठे भी पुरस्कार देने के लिए बुलाए तो प्रधानमंत्री मोदी दौड़े दौड़े चले जाते हैं। मतलब यह अखबार कहना चाह रहा कि मोदी पुरस्कार के भूखे हैं, साथ ही यह भी जताने की कोशिश कर रहा है, जिन देशों ने मोदी को उनकी विदेश यात्रा के दौरान पुरस्कार दिए, उनकी कोई प्रतिष्ठा नहीं हैं। इसके अलावा प्रधानमंत्री मोदी को इन देशों ने फिजूल में पुरस्कार दिए हैं। गार्जियन ने यह लेख लिख कर मोदी सहित भारत का तो अपमान किया ही है, साथ मोदी को पुरस्कार देने वाले उन देशों के नागरिकों, पुरस्कारों और उन देशों के राष्ट्रप्रमुखों का भी अपमान किया है।

इस लेख की भड़ास के बावजूद पीएम मोदी को पुरस्कारों का सिलसिला थम नहीं रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च सम्मान 'बिंतांग आदिपूर्णा ऑफ द रिपब्लिक ऑफ इंडोनेशिया' मेडल ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पीएम मोदी की इंडोनेशिया यात्रा के दौरान राष्टपति प्रबोवो सुबियांतो ने प्रदान किया। वर्ष 2016 से अब तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एशिया, यूरोप, अफ्रीका और अमेरिका के देशों से ऐसे 34 सम्मान मिल चुके हैं। यह किसी भी भारतीय प्रधानमंत्री को मिले सम्मानों में सबसे अधिक हैं। इनमें से कुछ सम्मान सदियों पुराने हैं, जबकि कुछ सम्मान संबंधित देशों की सम्मान प्रणाली में हाल ही में शामिल किए गए हैं।

गार्जियन का यह लेख में भारत की छवि को नुकसान पहुंचाने का कुत्सित प्रयास है। विश्व का बड़ा और प्रभावशाली शायद ही कोई देश बचा होगा जिसके प्रधानमंत्री या राष्टपति ने मोदी और भारत की तारीफ नहीं की होगी। दरअसल यह तारीफ पाश्चात्य मीडिया पचा नहीं पा रहा है, पचा इसलिए भी नहीं पा रहा है कि भारत न सिर्फ घरेलू स्तर पर बल्कि अंतरराष्टीय स्तर पर भी तरक्की के झंडे गाढ़ रहा है। चंद्रयान और मंगलयान मिशन की कामयाबी इसके बड़े उदाहरण हैं। जो विकसित देश भी हासिल नहीं कर सके। यह अखबार यह भी भूल गया कि जब कोरोना काल में पूरी दुनियां में हाहाकार मचा हुआ था, तब भारत ने ही कोरोना वैक्सीन दर्जनों देशों को निशुल्क भेज कर करोड़ों लोगों की जाने बचाने का काम किया था। क्या ऐसे परोपकारी कार्यों के लिए उन्हें विदेशी पुरस्कार नहीं दिया जा सकता।

गार्जियन ने इसका जिक्र कभी नही किया कि विश्व को मोदी नेतृत्व में भारत ने क्या–क्या दिया है। भारत की यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस जैसी सस्ती और सुलभ डिजिटल पेमेंट प्रणाली नेपाल, भूटान, सिंगापुर, यूएई और मॉरीशस ने अपना लिया है। अंतर्राष्टीय योग दिवस भारत की प्राचीन धरोहर योग को मोदी सरकार के प्रयासों से वैश्विक मान्यता मिर्लीसंयुक्त राष्ट द्वारा हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्टीय योग दिवस के रूप में मनाया जाता है। मोदी सरकार के प्रयासों से ही अफ्रीकी संघ को जी-20 का स्थायी सदस्य बनाया गया।

भारत ने प्राकृतिक आपदा के दौरान विश्व के देशों के साथ कंधे से कंधा मिला कर खड़ा रहा है। तुर्किये और सीरिया में आए भूकंप के दौरानमिशन सागरऔरऑपरेशन दोस्तके जरिए विश्व स्तर पर मानवीय सहायता पहुंचाई गई। वेनेजुएला में



विनाशकारी भूकंप के बाद ऑपरेशन अमिस्ताद के तहत बचाव दल और पोर्टेबल अस्पताल भेजे गए। म्यांमार में ऑपरेशन ब्रह्मा (2025) और ऑपरेशन सहायता (2008) के तहत भूकंप व चक्रवात के दौरान भारी राहत सामग्री व चिकित्सा सुविधाएँ दी गईं। श्रीलंका में सुनामी (2004) में ऑपरेशन रेनबो और चक्रवात (2025) में ऑपरेशन सागर बंधु के माध्यम से सहायता प्रदान की गई।

भारतीय नौसेना ने हालिया समुद्री सुरक्षा अभियानों (मुख्य रूप से अरब सागर और अदन की खाड़ी) में 520 से अधिक लोगों की जान बचाई है और ईरान, लाइबेरिया, माल्टा, और सेंट विंसेंट एंड द ग्रेनाडाइन्स जैसे विभिन्न देशों के झंडे वाले जहाजों को समुद्री लुटेरों से सुरक्षित मुक्त कराया है। इन अभियानों की सबसे बड़ी खासियत यह रही है कि नौसेना ने बिना किसी राष्टीय भेदभाव के, पाकिस्तानी और ईरानी नागरिकों सहित कई देशों के नाविकों को भी बचाया है।

गार्जियन खासकर विदेशी मीडिया को कथित मानवाधिकारों के उल्लंघन पर भारी परेशानी है। भारत में उन्हें यह उल्लंघन नजर आता है। अंग्रेजों ने भारत पर 200 साल राज किया। अंग्रेज शासकों ने इस अवधि में भारतीयों पर अत्याचारों के सारे रिकार्ड तोड़ दिए। अंग्रेज व्यापारी बन कर आए और तानाशाह बन बैठे, खूब लूट खसौट की और भारत से सारा मालमत्ता समेट कर चंपत हो गए। आज भी कोहिनूर का हीरा इन्हीं अंग्रेजों के पास है, जो यह बताता है कि किस तरह इन्होंने भारत में लूटपाट मचाई थी। ऐसे मानवाधिकारों के उल्लंघन गार्जियन जैसे अखबारों को दिखाई नहीं देते। मानवाधिकारों के इन विदेशी पैरोकारों को जलियांवाला बाग दिखाई नहीं देता, जहां निहत्थे प्रदर्शकारियों को चारों तरफ से घेर कर एक अंग्रेज अधिकारी डायर ने गोलियों से भून डाला था।

गार्जियन को यह कभी दिखाई नहीं दिया कि किस तरह केंद्र सरकार ने मुसलमानों की भलाई का एक ऐतिहासिक काम किया, जिसे करने से पूर्ववर्ती प्रधानमंत्री डरते रहे। देश की करोड़ों मुस्लिम महिलाओं को तलाक के बाद मिलने वाला कानून हक दिलवाया है। जिन्हें पहले पति तीन बार तलाक तलाक बोल कर धक्के खाने के लिए छोड़ दिया जाता था।कांग्रेस ने मुसलमानों के वोट के डर से सुप्रीम कोर्ट के शाह बानों के फैसले को ही पलट दिया था, जिसमें कोर्ट ने गुजारा भत्ता देने का आदेश दिया था, इसके खिलाफ तत्कालीन कांग्रेस सरकार के प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने कानून बना दिया था। विदेशी अखबारों को तकलीफ हो रही है कि मोदी राज में कैसे मानवाधिकारों का उल्लंघन हो रहा है, जब भारत ने ऐसे आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया तब खीझ उतारने के लिए कह दिया कि मोदी पुरस्कार के लिए दौड़े चले आते हैं। जिला स्तर, वार्ड स्तर, राज्यस्तर या राष्टीय स्तर पर सरकारी और निजी क्षेत्र में पुरस्कार के लिए कितने पापड़ बेलने पड़ते हैं, इन्हें पाने के लिए लोग अपनी पूरी उम्र खपा देते हैं। उसमें भी जबरदस्त प्रतिस्पर्धा होती है, तब कहीं जाकर किसी एक का चयन किया जाता है। ऐसे में देशों द्वारा अंतरराष्टीय स्तर पर दिये जाने वाले पुरस्कार का मापदंड कितने कठोर होगा, इसकी कल्पना ही की जा सकती है। इन पुरस्कारों में पुरस्कार देने वाली सरकार के साथ उन देशों के करोड़ों लोगों की भावनाएं भी जुड़ी होती हैं। चलो मान भी लिया जाए कि किसी एक देश ने भारत से कुछ फायदा लेने के लिए कोई पुरस्कार दे दिया होगा, पर मोदी को तो दर्जनों देशों के सर्वोच्च पुरस्कार मिले हैं, तो क्या इन सब देशों को मोदी फायदा पहुंचाएंगी, वो भी सिर्फ एक पुरस्कार के कारण, यदि ऐसा हुआ होता ना तो अब तक देश में तूफान आ जाता, कांग्रेस ओर विपक्षी दलों ने आसमान सिर पर उठा लिया होता। गार्जियन का यह लेख सिर्फ हताशा ही प्रकट करता है, इससे पहले भी इसी तरह के विदेशी अखबारों में लेखों के जरिए भारत की छवि और विकास की तरफ बढ़ते कदमों को रोकने का असफल प्रयास किया जाता रहा है।(इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं।)

## विज्ञान हमें जीवन जीने के साधन देता है, पर कला हमें जीवन जीने का कारण देती है

**( अलका 'सोनी' )**

कला केवल व्यक्तिगत रुचि नहीं, बल्कि सामाजिक आवश्यकता भी है। भारतीय संस्कृति में कला को ईश्वर तक पहुंचने का माध्यम माना गया है। मंदिरों के भित्तिचित्र एवं मूर्तियां हमारी आध्यात्मिक चेतना का परिचय देती हैं।जीवन में विकल्पों का मौजूद होना किसी वरदान से कम नहीं होता। विकल्प हमें मनपसंद रास्ते चुनने की अभूतपूर्व सुविधा देते हैं। मगर यहां दुविधा तब आने लगती है, जब हम किसी विशेष विकल्प को ही महत्त्वपूर्ण मानते हुए अन्य विकल्पों को खारिज करते चले जाते हैं। आज का समय विज्ञान एवं तकनीक का है। इसलिए अक्सर पढ़ाई हो, रोजगार हो या फिर कोई और अवसर, हम विज्ञान और तकनीक को ही वरीयता देते हैं, लेकिन इस क्रम में कला पक्ष बिल्कुल पीछे छूटता चला जाता है। तो क्या कला की कोई उपादेयता नहीं होती? मनुष्य जब एक केवल जीव के रूप में जन्म लेता है, तब संस्कृति, संवेदना और सृजनशीलता ही उसे मनुष्य बनाती है। इन्हीं में कला का स्थान सर्वोच्च है। कला वह शक्ति है, जो पत्थर में देवत्व, शब्दों में संवेदना, रंगों में भाव, सुरों में आत्मा और जीवन में सौंदर्य भर देती है। जिस समाज में कला जीवित रहती है, वहां मानवता भी जीवित रहती है। प्रसिद्ध चित्रकार पाब्लो पिकासो ने कहा था, 'कला आत्मा पर जमी हुई जीवन की धूल को प्रतिदिन साफ करती है।'वास्तव में, कला केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि आत्मा का परिष्कार है। यह मनुष्य को भीतर से समृद्ध बनाती है और उसे जीवन के गहरे अर्थों से परिचित कराती है। आज का युग कृत्रिम बुद्धिमत्ता, तकनीकी विकास और तीव्र प्रतिस्पर्धा का युग है। इससे मनुष्य के पास सुविधाएं तो बढ़ी हैं, पर मानसिक शांति कम हुई है। तनाव, अकेलापन, अवसाद और असहिष्णुता जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं-तनाव, अकेलापन, अवसाद और असहिष्णुता जैसी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे समय में कला मनुष्य के लिए आशा की किरण बनकर सामने आती है। संगीत मन को शांति देता है, साहित्य विचारों को दिशा देता है, चित्रकला भावनाओं को अभिव्यक्ति देती है और नृत्य शरीर तथा मन के बीच सामंजस्य स्थापित करता है। अनेक अध्ययनों में ऐसे तथ्य उजागर हुए हैं कि कला-आधारित गतिविधियां मानसिक स्वास्थ्य सुधारने, तनाव कम करने तथा सामाजिक जुड़ाव बढ़ाने में प्रभावी भूमिका निभाती हैं। इसी प्रकार यूनेस्को का मानना है कि कला और संस्कृति शांति, सामाजिक समरसता तथा सतत विकास की आधारशिला हैं। दरअसल, कला केवल व्यक्तिगत रुचि नहीं, बल्कि सामाजिक आवश्यकता भी है। भारतीय संस्कृति में कला को ईश्वर तक पहुंचने का माध्यम माना गया है। मंदिरों के भित्तिचित्र एवं मूर्तियां हमारी आध्यात्मिक चेतना का परिचय देती हैं। 'सत्यम् शिवम् सुंदरम्' का भारतीय दर्शन बताता है कि सत्य, कल्याण और सौंदर्य- तीनों एक-दूसरे के पूरक हैं। कला का सबसे बड़ा नैतिक पक्ष यह है कि वह मनुष्य को संवेदनशील बनाती है। जो व्यक्ति कविता पढ़ता है, संगीत सुनता है या चित्रों में भावों को पहचानता है, उसके भीतर करुणा, सहानुभूति और प्रेम का विकास होता है। हिंसा, घृणा और कट्टरता का स्थान सहिष्णुता और मानवता ले लेती है। यही कारण है कि महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के संदेश को केवल भाषणों से नहीं, बल्कि भजनों, लोकगीतों और सांस्कृतिक प्रतीकों के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाया। महान वैज्ञानिक अल्बर्ट आइंस्टीन का कथन है कि 'कल्पना ज्ञान से अधिक महत्त्वपूर्ण है।'

**कल्पना ही नए आविष्कारों को जन्म देती है** – दरअसल, कल्पना ही नए आविष्कारों को जन्म देती है और कल्पना का सबसे बड़ा विद्यालय कला है। एक चित्रकार रंगों से सोचता है, एक कवि शब्दों से और एक वैज्ञानिक सूत्रों से, लेकिन तीनों का आधार सृजनात्मक कल्पना ही है। भारत की कला-परंपरा विश्व में अद्वितीय है। भरतनाट्यम, कथक, ओडिसी, कथकली, मधुबनी, वारली, पट्टचित्र, लोकगीत, लोकनाट्य, शास्त्रीय संगीत और लोकवाद्य हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। इन्हें संरक्षित रखना केवल परंपरा का सम्मान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को अपनी जड़ों से जोड़ने का माध्यम भी है। आज कला रोजगार और आत्मनिर्भरता का भी सशक्त आधार बन चुकी है। केवल परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त कर लेना ही सफलता नहीं है। शिक्षा का उद्देश्य संवेदनशील, जिम्मेदार और नैतिक नागरिक तैयार करना भी है। अगर विद्यालयों में संगीत, नाटक, चित्रकला और साहित्य को समान महत्त्व दिया जाए, तो विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, टीम भावना और समस्या-समाधान की योग्यता अपने आप विकसित होगी।

**कला को केवल शौक न समझें, बल्कि जीवन का अनिवार्य अंग बनाएं** – वास्तव में, कलाकार समाज का दर्पण भी होता है और उसका पथप्रदर्शक भी। इतिहास में अनेक सामाजिक आंदोलनों को साहित्य, रंगमंच और लोककलाओं ने नई दिशा दी है। कला अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाने का सबसे प्रभावी और शांतिपूर्ण माध्यम भी है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम कला को केवल शौक न समझें, बल्कि जीवन का अनिवार्य अंग बनाएं।

# महाप्रभु श्री जगन्नाथ जी , पुरी और मैं



**श्रीमती द्रौपदी मुर्मु**
**भारत की राष्ट्रपति**

बचपन से मुझे श्रीजगन्नाथ जी की अनेक प्रार्थनाएँ और भजन याद हैं। स्कूल और कॉलेज में पढ़ते समय मैं गीत गाया करती थी। जगन्नाथ जी का भजन गाकर मैं खुश होती थी। महाप्रभु को अपने निकट पाती थी। अब गीत नहीं गाती। किंतु साँझ-सबेरे महाप्रभु का स्मरण करके उनके भजन गुनगुना लेती हूँ। मुझे लगता है कि महाप्रभु हर वक्त मेरे आस-पास ही रहते हैं। विपदा-आपदा में मेरी मदद करते हैं। भक्तकवि मधुसूदन राव का गीत आज भी मैं मन ही मन गाती हूँ-

मेरे पास दिन-रात रहते हैं महाप्रभु परमेश्वर,
यह बात याद कर हृदय में पूजूँगा उन्हें निरंतर।

मैं कुछ समझने-बूझने की उम्र में पहुंचने तक जगन्नाथ जी को जानने लगी थी। हमारे घर में अक्सर जगन्नाथ जी की चर्चा होती थी। गाँव के हर टोले में उनकी महिमा का बखान होता था। जब मैं गाँव के स्कूल में पढ़ती थी, भक्त सालबेग की आहे नीड़ो शोइड़ो प्रार्थना गाई जाती थी। स्कूल के शिक्षक जगन्नाथ जी के बारे में तरह-तरह की बातें कहा करते थे। पुरी में बड़ा मंदिर है, इतना बड़ा मंदिर और कहीं नहीं है! मंदिर में श्रीजगन्नाथ जी अपनी बहन सुभद्रा और बड़े भाई बलभद्र के साथ पूजे जाते हैं। जगन्नाथ जी का रंग काला है, उनकी आँखें गोल-गोल हैं। सुभद्रा जी का रंग पीला है, बलभद्र है चाँदनी फूल की तरह सफेद। वह छवि एक बार देख लेने के बाद फिर भुलाए नहीं भूलती। सर यह भी कहते थे, जगन्नाथ हैं 'महाप्रभु', उनका प्रसाद महाप्रसाद है, उनका मंदिर बड़ा मंदिर है, उनका पथ विशाल पथ (बोड़ो दांडो) है, और उनका समुद्र महोदधि है। मयूरभंज के उपरबेड़ा गाँव से पुरुषोत्तम क्षेत्र पुरी की दूरी बहुत थी! भला देखने का अवसर मुझे कहाँ मिलता। किंतु मैं भुवनेश्वर गई और मैंने यूनिट-2 के गर्ल्स हाईस्कूल में नाम लिखवाया। हॉस्टल में रहने लगी। उसके बाद मैंने पुरी, भुवनेश्वर और कोणार्क देखा। पहली बार जगन्नाथ दर्शन की स्मृति मेरे मन से मिटी नहीं है। बहुत बड़ा मंदिर, बड़े-बड़े देवता! भला ये सब भुलाए जा सकते हैं?

क्या भुलाई जा सकती है उनकी रथयात्रा? बारह महीने में तेरह पर्व-त्योहार मनाए जाते हैं श्रीक्षेत्र में। लेकिन रथयात्रा की छटा तो निराली होती है। पूरे वर्ष भक्तगण यहाँ आकर महाप्रभु का दर्शन करते हैं मंदिर के अंदर जाकर। किंतु वर्ष में एक बार महाप्रभु अपने भव्य मंदिर से बाहर विशाल पथ (बोड़ो दांडो) पर आते हैं। भक्तों को दर्शन देते हैं। तीन रथ पर तीन ठाकुर बैठकर चक्रराज सुदर्शन के साथ गुंडिचा मंदिर की ओर यात्रा करते हैं। वहाँ सात दिनों तक रहकर वापस लौट आते हैं। महाप्रभु का यह महापर्व अतुलनीय है।

बचपन से मैं जगन्नाथ जी की भक्त हूँ। वे सर्वदा मेरे परम आराध्य हैं। मेरे जीवन के उत्थान और पतन के वे नियंता हैं। मेरे दुख-सुख के कर्ता-धर्ता हैं। जीवन में मैंने बहुत कष्ट भी सहे हैं। उन सब दारुण दुखों से उबारा है



मुझे महाबाहु ने। मैं उनकी बेटी जो हूँ! राष्टपति पद के लिए मुझे उम्मीदवार बनाने की घोषणा होते ही मैंने महाप्रभु का स्मरण किया। इतनी ऊँचाई पर मुझे ले जा रहे हो प्रभु, पग-पग पर मुझे सहारा देना, सदा मेरे पास रहना - यह मेरी प्रार्थना थी। उन्होंने मेरी प्रार्थना सुनी, सुन भी रहे हैं। राष्टपति पद की उम्मीदवार के रूप में दिल्ली में रहने के दौरान रथयात्रा का महापर्व आया। परंतु पुरी जाना संभव नहीं था। रथयात्रा के दिन बड़े भोर में दिल्ली के हौजखास में बने जगन्नाथ मंदिर जाकर मैंने महाप्रभु के दर्शन किए। आनंद से भर गया मन। उनका आशीष मुझ पर बरस गया। बड़े आत्मविश्वास से मैंने अपना नामांकन-पत्र दाखिल किया। अत्यंत उत्साह से चुनाव कैंपेन में भाग लिया। 25 जुलाई, 2022 को पार्लियामेंट के सेंट्रल हॉल में शपथ लेने जाते समय मैं जगन्नाथ जी से प्रार्थना करते-करते जा रही थी। उनके आशीर्वाद से मेरा शपथ-पाठ खूब अछी तरह संपन्न हुआ। राष्टपति के रूप में मेरे प्रथम भाषण के समय मानो वे मेरे साथ ही थे। पुरी जाकर महाप्रभु के दर्शन के लिए मेरा मन व्याकुल हो उठा। दिन बीतते चले गए, लेकिन मैं पुरी नहीं जा सकी। मुझे लगा कि बिना उनके बुलावे के कोई कैसे उनके पास जा सकता है! मैंने मन ही मन उनसे कहा, मेरा कोई दोष हो तो क्षमा करो प्रभु, मुझे पुरी बुलाओ, दर्शन दो। वे भाव के ठाकुर हैं। मेरा भाव कैसे नहीं समझते? कुछ ही दिनों में पुरी जाने का कार्यक्रम तय हो गया। उस दिन 10 नवंबर, 2022 था। पुरी में अवतरण करने के बाद कार-केड चल पड़ा श्रीमंदिर की ओर। कार-केड पुरी के प्रशस्त पावन-पथ पर पहुँचते ही मेरे अंदर एक अपूर्व भावना का संचार हुआ। यह विशाल-पथ महाप्रभु जगन्नाथ का ही है। यहाँ क्या आवश्यकता है प्रोटोकॉल की? पुरी तो क्षेत्रराज के रूप में प्रसिद्ध है। महाप्रभु देवाधिदेव हैं। और अधिक कुछ सोचने से पहले मैंने गाड़ी रुकवाई। मेरी गाड़ी रुकने पर पीछे आ रही सारी गाड़ियाँ रुक गईं। किसी के कुछ समझने से पहले मैंने पावन-पथ पर नंगे पैर चलना शुरू कर दिया। श्रीमंदिर लगभग दो किलोमीटर दूर था। मंदिर के नीलचक्र और पतित पावन-ध्वज को देखते हुए मैं आगे बढ़ती चली गई।

पथ के दोनों किनारों पर खड़े बचों, महिलाओं, युवा-छात्रों और बुजुर्गों को नमस्कार भी करती जा रही थी। मेरा ध्यान था जगन्नाथ जी के पास। श्रीमंदिर के सिंहद्वार के पास पहुंचते ही मैं स्थिर नहीं रह पाई। तब तक मैं खुद को भूल चुकी थी। पावन-पथ की धूल में साष्टांग लेटकर मैंने महाप्रभु को प्रणाम किया। उसके बाद मंदिर में प्रवेश। गर्भगृह में पहुंचकर चतुर्धा मूर्तियों का दर्शन करते ही मैं आनंद से अभिभूत हो गई। महाप्रभु जगत के नाथ हैं, अनाथों के नाथ हैं। जगत के लोगों का दुःख दूर करने के लिए वे सदा तत्पर रहते हैं। इसलिए उनकी गोल-गोल आँखों की पलकें कभी नहीं झपकतीं। उनके लिए छोटा-बड़ा कोई नहीं है। वे सबको सामान दृष्टि से देखते हैं, समता के मंत्र से सबको अभिमंत्रित करते हैं। उनकी करुणा पाकर ही मैंने समाज के हर वर्ग की सेवा में स्वयं को समर्पित किया है। गोल-गोल आँखों वाले की ओर देखते हुए करबद्ध होकर बोली, आपके आशीर्वाद से मेरा यह समर्पण भाव हमेशा बना रहे, हे महाबाहु। देश-दुनिया पर अपनी छत्र-छाया बनाये रखें, हे कृपानिधि! यह कहते हुए मैं भक्तिभाव से विह्वल हो उठी।

# राजकीय डिग्री महाविद्यालय का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल उद्घाटन

## विधायक ने फीता काटकर पठन-पाठन का किया शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनसाही (कटिहार)।** सूबे के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भागलपुर जिले के गोराडीह प्रखंड से एक साथ 211 राजकीय डिग्री महाविद्यालय का वर्चुअल उद्घाटन किया। राजकीय डिग्री महाविद्यालय मनसाही में सूबे के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के वर्चुअल उद्घाटन को महाविद्यालय के प्राचार्य, पदाधिकारी और जनप्रतिनिधि ने देखा। इनके उपरांत मनिहारी विधायक मनोहर प्रसाद सिंह ने दीप प्रज्वलित,शीलापट्ट का अनावरण एवं लाल फीता काटकर राजकीय डिग्री महाविद्यालय मनसाही का उद्घाटन किया।

मौके पर विधायक श्री सिंह ने कहा कि अब छात्र - छात्राओं को अपने ही प्रखंड में डिग्री कॉलेज की सुविधा हो गई पठन-पाठन का भी शुभारंभ आज से हो गया। अब छात्र - छात्राओं को शहर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। वहीं राजकीय डिग्री महाविद्यालय मनसाही के प्राचार्य वीणा रानी ने बताया कि अभी तक डिग्री कॉलेज में 132 छात्र-छात्राओं का नामांकन हुआ हैं। कुल छः पेपर की पढ़ाई होगी। जिसमें इकोनॉमिक्स, इंग्लिश, हिंदी, हिस्ट्री, पॉलिटिकल साइंस, सोशोलॉजी की पढ़ाई प्रोफेसर मिथिलेश कुमार एवं सुजीत कुमार के द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर वरीय उपसमाहर्ता अभिषेक रंजन, प्रखंड प्रमुख सुषमा कुमारी, राजकीय डिग्री महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर वीणा रानी, बीडीओ सह बीईओ सुमन कुमारी, अंचलाधिकारी मोहम्मद इस्माइल, जिला परिषद प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद, मरंगी पंचायत के मुखिया सह संघ के अध्यक्ष शंकर कुमार यादव, डीएस कॉलेज कटिहार के प्राचार्य संजय कुमार सिंह, आरके कॉलेज पूर्णिया के प्राचार्य प्रोफेसर इंदु भूषण यादव, मध्य विद्यालय मरंगी के प्रधानाध्यापक रविकांत, जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बलराम पोद्दार,राजद के संतोष कुमार यादव,पैक्स अध्यक्ष मरंगी पांडव शर्मा, कुरेठा पैक्स अध्यक्ष छोटू कुमार गोस्वामी,प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि गौतम कुमार सिंह, पंचायत समिति सदस्य कुरेठा फुलेश्वर उरांव, वार्ड संख्या 11 के वार्ड सदस्य प्रतिनिधि इमरान खान, वार्ड संख्या आठ के वार्ड सदस्य लक्ष्मण शर्मा, वार्ड संख्या दो के वार्ड सदस्य मो. नजीम, शिक्षक जितेंद्र कुमार, पंकज कुमार, आशीष कुमार, हेमंत कुमार, प्रवीण कुमार, जमील अख्तर, अभिषेक कुमार, भूपेश कुमार, पंकज कुमार, दिलीप कुमार सिंधु कुमारी, शिल्पी कुमारी, प्रतिभा कुमारी, प्रिया कुमारी, मौसम कुमारी, निशा गोराई, श्वेता भारती, निवेदिता कुमारी, लिपिक देवयानी भारती आदि उपस्थित रहे ।

## शिविर लगाकर की गई 40 गर्भवती महिलाओं की जांच

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मनसाही (कटिहार)।** प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनसाही में शिविर लगाकर 40 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इसकी जानकारी देते हुए प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी सह डॉक्टर प्रेमराज ने बताया कि माह के 9,15 ओर 21 को शिविर लगाकर आशा के द्वारा लाए गए गर्भवती महिलाओं की जांच की जाती हैं। इससे पूर्व एएनएम सुप्रिया कुमारी, प्रीति कुमारी, नुजहत प्रवीण के द्वारा रजिस्ट्रेशन, वजन, लंबाई, बीपी, एएनसी जांच आदि की गई। इनके उपरांत सबों को प्रसव पूर्व तक उचित खानपान रहन-सहन आदि की जानकारी दी गई। साथ ही सबों को सभी तरह की दवाइयां निःशुल्क उपलब्ध कराया गया एवं जीविका के द्वारा अल्पाहार भी दिया गया। इस अवसर पर लैब के राजीव रमण, स्वास्थ्य कर्मी जिम्मी झा आदि उपस्थित रहे ।

## प्रखंडस्तर पर डिग्री की पढाई राज्य सरकार की दूरगामी सोच का परिणाम : विधायक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डंडखोरा (कटिहार)।** विभागीय निदेर्शानुसार प्रखंड के उत्क्रमित उच्च विद्यालय सौरिया के भवन में नवसृजित राजकीय डिग्री कालेज, डंडखोरा के पठन-पाठन कार्य का शुभारंभ हो गया है। स्थानीय विधायक दुलाल चंद्र गोस्वामी, विश्वविद्यालय प्रतिनिधि प्रो. जीतेश कुमार, प्राचार्य डा. विनय कुमार पांडेय ने अन्य अतिथियों के साथ समारोहपूर्वक शिलापट अनावरण कर महाविद्यालय तथा फीता काटकर महाविद्यालय के वर्ग कक्ष का शुभारंभ किया। महाविद्यालय के प्राचार्य की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में कई शिक्षाविद, पंचायती राज जनप्रतिनिधि, एवं प्रशासनिक पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में आमजन व छात्र-छात्रा शामिल हुए।समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि अभी महाविद्यालय में अंग्रेजी, हिन्दी, इतिहास समाजशास्त्र, राजनीतिशास्त्रतथा अर्थशास विषयों के लिए नामांकन हुआ है। उन्होंने महाविद्यालय के संसाधनों का जिक्र करते हुए विधायक, जनप्रतिनिधि एवं विभागीय पदाधिकारियों से समस्याओं के निदान में सहयोग करने की अपील की।विधायक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रखंडस्तर पर डिग्रीस्तर की पढाई शुरू हो जाने से दूरदराज के क्षेत्रों के छात्र-छात्राओं को शहर का रुख नहीं करना होगा।खासकर बेटियों को उच्च शिक्षा प्राप्त करने का समान अवसर मिलेगा।जिससे बेटियां भी राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी दे पायेंगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आवागमन व्यवस्था में सुधार राज्य में एनडीए सरकार की प्राथमिकता सूची में शामिल रही है।उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को अपने स्तर से हरसंभव सहयोग करने का आश्वासन देते हुए कहा कि वे इस महाविद्यालय को राज्य के सबसे बेहतर महाविद्यालय के रुप में देखना चाहते हैं।श्री गोस्वामी ने कहा कि कालेज का भवन,उपस्कर,प्राध्यापक सहित अन्य संसाधनों की कमी को भी विभागीयस्तर पर जल्द हीं दूर कर लिया जाएगा। विधायक ने आमजनों, स्थानीय प्रतिनिधियों एवं शिक्षाविदों से भी इसे मॉडल डिग्री कालेज बनाने में सहयोग की अपील की। समारोह को प्रो.जीतेश कुमार,पूर्व प्राचार्य प्रभूनारायण लाल दास ने भी संबोधित किया।इस दौरान मुख्यमंत्री द्वारा गोराडीह भागलपुर से राज्य के 211 प्रखंडों में नवसृजित डिग्री कालेज में पठन-पाठन के शुभारंभ कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी किया गया।



## संक्षिप्त समाचार

### कोढ़ा को मिला अपना डिग्री कॉलेज

**कोढा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कोढ़ा प्रखंड में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए राजकीय डिग्री महाविद्यालय, कोढ़ा का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव, कोढ़ा विधायक कविता पासवान, पूर्णिया विश्वविद्यालय के कुलपति विवेकानंद सिंह तथा कटिहार के जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर महाविद्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह में शीशिया पंचायत के मुखिया अभिनंदन सिंह और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के प्रदेश नेता संतोष मेहता मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक और स्थानीय ग्रामीण शामिल हुए। कॉलेज खुलने की खबर से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल देखा गया। लंबे समय से कोढ़ा के छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाने को मजबूर थे, लेकिन अब उन्हें अपने ही क्षेत्र में बेहतर शिक्षा की सुविधा मिल सकेगी। सांसद पप्पू यादव ने उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत होती है। छात्रों में खासा उत्साह देखने को मिला, वहीं अभिभावकों ने भी इस कदम को राहत भरा बताया। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कॉलेज के खुलने से न केवल शिक्षा का स्तर बढ़ेगा, बल्कि आर्थिक और सामाजिक विकास को भी गति मिलेगी।



### अग्रवाल समाज की बैठक में सामाजिक कुरीतियों पर मंथन

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय अग्रसेन भवन में कटिहार अग्रवाल समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों सहित लगभग 200 लोगों ने भाग लिया। बैठक में समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों एवं विसंगतियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए समाज सुधार के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अशोक अग्रवाल एमएलसी को अध्यक्ष विजय अग्रवाल को सचिव तथा सुनील अग्रवाल 'टिंकू' को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन नई कार्यकारिणी द्वारा शीघ्र किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन समाज के वरिष्ठ सदस्य अनिल चमड़िया ने किया। बैठक में मधु अग्रवाल, गोपी तंबाकूवाला, विश्वनाथ मुकीम, अजय सिंघानिया, श्रवण मोर, प्रकाश भोपालका,संजय केजरीवाल, विक्रम केडिया, संजीव सुरेका, रितेश अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, तपेश अग्रवाल, अभिषेक तंबाकूवाला, दीपू अग्रवाल, गौरव केडिया, अनिल यदुका, दीपक पोद्दार, वैभव मानदिवाल, अमित सुरेका, प्रवीण अग्रवाल, अरुण परशुरामपुरिया, सज्जन अग्रवाल सहित अनेक गणमान्य सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए और समाज को कुरीतियों से मुक्त बनाने के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। सभा के अंत में धन्यवाद ज्ञापन पंकज तमाखुवाला ने किया और कहा कि ये एक नई शुरूआत है जहां हमें संगठित और समृद्ध समाज का निर्माण करना है। श्री तमाखुवाला ने अग्रवाल समाज द्वारा आयोजित इस आमसभा मे बड़ी संख्या मे शामिल हुए समाज के प्रबुद्ध लोगों के प्रति आभार प्रकट किया।



### मुफ्त चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला स्वास्थ्य समिति एवं ड्रीमी होम एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट के सहयोग से शहर के आदिवासी टोला आफिसर कॉलोनी में मुफ्त जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें ब्लड प्रेशर, टीवी एचआईवी आदि की जांच की गयी। ट्रस्ट की फाउंडर प्रतिमा तामंग ने स्वास्थ्य विभाग से आये अधिकारी का आभार व्यक्त किया और बताया कि आम लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए स्वास्थ्य से जुड़ी जांच शिविर हर जगह लगाई जाएगी। इस स्वास्थ्य जागरूकता अभियान में भाजपा महिला मोर्चा की पूर्व जिला अध्यक्ष सह समाजसेवी रीना झा,योगा गुरु विनीता यादव,मदर मिशन स्कूल की शिक्षिकाओं ने गर्मजोशी से अपना योगदान दिया। स्वास्थ्य विभाग की ओर आये डॉ. आभा कुमारी ने बताया कि इस शिविर में हेपोटायटिस बी की जांच की गई। जिसमें दो सौ लोगों की जांच की गयी। इस दौरान लैब टेकनिशियन राहुल कुमार .रूबी कुमारी, पवन कुमार नवीन कुमार का पूरा सहयोग रहा।



### 34 दिन बाद खुला मर्डर का राज

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** कटिहार रेलवे क्षेत्र से सामने आई सनसनीखेज मर्डर मिस्ट्री ने हर किसी को हैरान कर दिया। कहानी बिल्कुल किसी क्राइम थ्रिलर फिल्म जैसी है। जहां प्यार ने रिश्तों का कत्ल कर दिया और एक एमवीआई पत्नी ने अपने ही पति की मौत की पूरी स्क्रिप्ट लिख डाली। जम्मू में तैनात विद्युतकर्मी देवकुमार गुंजन जनसाधारण एक्सप्रेस से अपनी पत्नी से मिलने घर लौट रहे थे। लेकिन उन्हें क्या पता था कि जिस पत्नी से मिलने की बेकरारी थी वही उनकी मौत का इंतजाम पहले ही कर चुकी है। 11 जून को मानसी रेल थाना क्षेत्र के बदलाघाट के पास चलती ट्रेन में देवकुमार को बेहद करीब से गोली मार दी गई। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। शुरूआत में मामला अज्ञात अपराधियों के खिलाफ दर्ज हुआ। रेल पुलिस के लिए यह एक ब्लाइंड मर्डर था। लेकिन 34 दिनों तक तकनीकी और वैज्ञानिक जांच,मोबाइल लोकेशन और कॉल डिटेल की कड़ियां जोड़ने के बाद ऐसा खुलासा हुआ जिसने सबको चौंका दिया। जांच में सामने आया कि मृतक की पत्नी समिता कुमारी जो सुपौल में एमवीआइ के पद पर तैनात हैं। उसका जहानाबाद निवासी अजीत कुमार से प्रेम प्रसंग चल रहा था। पुलिस के मुताबिक दोनों के रिश्ते में सबसे बड़ी बाधा देवकुमार थे। इसके बाद दोनों ने मिलकर सुपारी किलर राजू कुमार उर्फ धीरज को हायर किया और चलती ट्रेन में गोली मरवाकर हत्या की साजिश को अंजाम दिया। रेल एसपी हरिशंकर कुमार के नेतृत्व में गठित एसआईटी और एसटीएफ की संयुक्त कार्रवाई में एमवीआइ समिता कुमारी, उसके प्रेमी अजीत कुमार और सुपारी किलर राजू कुमार उर्फ धीरज को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में तीनों ने पूरे हत्याकांड का खुलासा कर दिया।



## सांसद ने कुरेठा स्टेशन का हाई मास्ट एलईडी लाईट का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मनसाही (कटिहार)।** सांसद तारिक अनवर कुरेठा पंचायत के कुरेठा स्टेशन का भ्रमण किया और कुरेठा पंचायत भवन में हाई मास्ट एलईडी लाईट का उद्घाटन किया। सांसद के दौरे को लेकर क्षेत्र के लोगों एवं जन प्रतिनिधियों में उत्साह रहा। कुरेठा पहुंचते ही सांसद का रामनगर भट्ठा चौक पर उनका फूल माला से स्वागत किया गया। यहां स्थानीय लोगों की समस्या सुनने के बाद सांसद रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया और स्टेशन पर पाए गए कमियों को लेकर रेल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कुरेठा स्टेशन के बाद सांसद पंचायत भवन कुरेठा पहुँचे।जहाँ सांसद कोटे से लगे हाई मास्ट एलईडी लाईट का उद्घाटन किया और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र की समस्या को दूर करने को लेकर वे हमेशा तत्पर रहे हैं। और आगे भी रहेंगे। स्थानीय ग्रामीणों ने सांसद से कटिहार कुमेदपुर रेलखंड अंतर्गत कुरेठा स्टेशन में कैपिटल एक्सप्रेस, महानंदा एक्सप्रेस, हाटे बाजारे एक्सप्रेस एवं कटिहार - हावड़ा एक्सप्रेस अप - डाउन में ठहराव की मांग किए । इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव, दिलीप कुमार विश्वास, अवधेश कुमार मंडल, मुखिया अवधेश प्रसाद यादव, जिला परिषद प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद, पैक्स अध्यक्ष छोटू कुमार गोस्वामी, पंचायत समिति सदस्य फुलेश्वर उरांव आदि उपस्थित रहे ।

## नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ अभियान में 33,500 का जुमार्ना वसूल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम कटिहार की ओर से नगर आयुक्त संतोष कुमार के नेतृत्व में विशेष अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान नगर आयुक्त स्वयं मौके पर मौजूद रहकर कार्रवाई का नेतृत्व करते रहे।यह अभियान नगर निगम गेट से प्रारंभ होकर शहीद चौक,गर्ल्स स्कूल रोड, नई मार्केट,हरदयाल चौक, अनाथालय रोड, इस्लामिया स्कूल, सन ऑफ इंडिया क्लब होते हुए केबी झा कॉलेज तक चलाया गया। इस दौरान सड़क एवं फुटपाथ पर किए गए अस्थायी अतिक्रमणों को हटाया गया तथा अतिक्रमणकारियों को भविष्य में सार्वजनिक स्थलों पर अतिक्रमण नहीं करने की सख्त चेतावनी दी गई।अभियान के दौरान नगर निगम द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले अतिक्रमणकारियों से कुल ₹33,500 का जुमार्ना वसूला गया। नगर आयुक्त ने कहा कि शहर को अतिक्रमण मुक्त, स्वच्छ एवं सुगम यातायात के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी नियमित रूप से जारी रहेगी। इस अभियान में नगर निगम के पदाधिकारी एवं कर्मचारी सक्रिय रूप से उपस्थित रहे और अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न कराया। नगर निगम ने नागरिकों एवं दुकानदारों से अपील की है कि वे सार्वजनिक सड़कों एवं फुटपाथों पर अतिक्रमण न करें तथा नगर निगम के नियमों का पालन करते हुए शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाने में सहयोग दें।

## अररिया जिले के नए डिग्री कॉलेजों में पठन-पाठन का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अररिया ।** राज्य में उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी द्वारा भागलपुर जिले के गोराडीह स्थित नवस्थापित डिग्री कॉलेज, कासिल परिसर से राज्यभर के 211 नए डिग्री कॉलेजों में पठन-पाठन कार्य का शुभारंभ किया। इसी क्रम में अररिया जिले के 05 प्रखंडों में नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों में भी शैक्षणिक सत्र का विधिवत शुभारंभ किया गया। जिले में जिन महाविद्यालयों में पठन-पाठन शुरू हुआ, उनमें राजकीय डिग्री महाविद्यालय जोकीहाट, राजकीय डिग्री महाविद्यालय पलासी, राजकीय डिग्री महाविद्यालय भरगामा, राजकीय डिग्री महाविद्यालय सिकटी तथा राजकीय डिग्री महाविद्यालय नरपतगंज शामिल हैं। इन महाविद्यालयों के प्रारंभ होने से जिले के विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। मुख्यमंत्री के राज्यस्तरीय शुभारंभ कार्यक्रम का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जोकीहाट प्रखंड स्थित प्लस टू उमानाथ उच्च विद्यालय, उदाहाट में लाइव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर सांसद अररिया प्रदीप कुमार सिंह, जिला पदाधिकारी अररिया विनोद दूहन, जोकीहाट के विधायक मोहम्मद मुर्शीद आलम, नामांकित छात्र-छात्राएं, उनके अभिभावक तथा बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया और नए महाविद्यालयों के शुभारंभ का स्वागत किया। वहीं, जिले के अन्य संबंधित प्रखंडों में आयोजित कार्यक्रमों में जिला पदाधिकारी द्वारा नामित पदाधिकारियों एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भाग लेकर नव नामांकित विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि नए राजकीय डिग्री महाविद्यालयों की स्थापना से ग्रामीण एवं दूरदराज के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा।



## लचर विद्युत आपूर्ति से नाराज ग्रामीणों ने भसना सपनी मुख्य मार्ग को किया जाम

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसनगंज (कटिहार) ।** प्रखंड में लचर विद्युत आपूर्ति से नराज ग्रामीणों ने भसना सपनी मुख्य मार्ग पर बांस बल्ला लगाकर सड़क जाम कर दिया तथा टायर जलाकर बिजली विभाग के खिलाफ जमकर प्रदर्शन और नारेबाजी की। बाद में विधायक सह पूर्व मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम को समाप्त कर दिया। प्रदर्शन के दौरान समाजसेवी कृष्णा सिंह राजपूत ने कहा कि हसनगंज प्रखंड क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति की स्थिति बेहद खराब है। उन्होंने आरोप लगाया कि हसनगंज पावर सबस्टेशन में प्रभारी जूनियर इंजीनियर के भरोसे व्यवस्था चल रही है,तथा विभागीय तकनीकी खामियों के कारण 33 केवी की बिजली आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी के दौरान मेंटनेंस के नाम पर बार बार बिजली काट दी जाती है। जबकि इस तरह के कार्य ठंड के मौसम में भी किए जा सकते हैं। उनका कहना था कि जिले के अन्य बिजली फीडरों की तुलना में हसनगंज फीडर में आए दिन कोई न कोई समस्या बनी रहती है। जबकि जिला मुख्यालय से करीब 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित प्रखंड होने तथा क्षेत्र के विधायक के राज्य सरकार में उप मुख्यमंत्री रह चुके जाने के वाबजूद बिजली व्यवस्था दयनीय बनी हुई है। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के भीतर विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो ग्रामीण व्यापक स्तर पर आंदोलन करने पर बाध्य होंगे। वहीं विधायक सह पूर्व उपमुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद द्वारा आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने अपना प्रदर्शन समाप्त कर दिया। इस मौके पर गुलशन, केशव, संतोष ठाकुर, संजय जयसवाल, मो. नेमूल, पंसस मो अजीमुद्दीन, पूर्व पंसस प्रतिनिधि सदानंद तिर्की सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।



## कोढ़ा पुलिस की सतर्कता से टली बड़ी वारदात

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** जिले के कोढ़ा थाना क्षेत्र में पुलिस की सतर्कता और त्वरित कार्रवाई से एक संभावित आपराधिक घटना टल गई। कोढ़ा थाना अप्राथमिकी संख्या 01/26, दिनांक 14.07.2026 के अंतर्गत बीएनएसएस की धारा 128 के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि एक विधि-विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है।गिरफ्तार युवक की पहचान रूपेश कुमार, पिता महेंद्र महतो, निवासी गढ़िया बलुआ शिव मंदिर टोला, वार्ड संख्या 07, थाना केनगर, जिला पूर्णिया के रूप में हुई है। वहीं, निरुद्ध बालक की पहचान ज्योतिष कुमार, पिता बोकाई महतो, निवासी उसी टोला के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, दोनों को कोढ़ा बाजार के आसपास संदिग्ध परिस्थिति में घूमते हुए पाया गया। गश्ती दल को उनके हाव-भाव और गतिविधियों पर संदेह हुआ, जिसके बाद पूछताछ और निगरानी की गई। प्रारंभिक जांच में यह आशंका जताई गई कि दोनों मोबाइल झपटमारी जैसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की तैयारी में थे।संभावित अपराध को समय रहते रोकने के उद्देश्य से पुलिस ने विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए दोनों को पकड़ लिया। यह कार्रवाई क्षेत्र में बढ़ती झपटमारी की घटनाओं को ध्यान में रखते हुए की गई, जिससे आम लोगों में सुरक्षा का भरोसा कायम रहे।

## बिजली, बाढ़, राम मंदिर और राष्ट्रीय सुरक्षा पर सांसद तारिक अनवर का हमला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कटिहार।** सांसद तारिक अनवर ने जिले में बिजली आपूर्ति, संभावित बाढ़,गंगा कटाव, राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी, बांकेपुर विधानसभा उपचुनाव और कोढ़ा से जुड़े आतंकी नेटवर्क के मामले पर एक साथ बड़ा बयान दिया। उन्होंने कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों पर सरकार को गंभीरता से काम करना चाहिए और कानून के मामले में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए। सांसद ने बिजली आपूर्ति की समस्याओं को लेकर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि जिले के विभिन्न प्रखंडों से कम वोल्टेज, बार-बार बिजली बाधित होने और लंबे समय तक बिजली नहीं रहने की शिकायतें लगातार मिल रही हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने बिजली संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए जिला स्तरीय समिति गठित करने का निर्णय लिया है, जिसमें सांसद सदस्य और जिला पदाधिकारी सचिव होंगे। उन्होंने अधिकारियों को भविष्य की बढ़ती मांग को देखते हुए निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बाढ़ और गंगा कटाव के मुद्दे पर सांसद ने मनिहारी प्रखंड की धुरियाही पंचायत में हुए अपने निरीक्षण का जिक्र करते हुए कहा कि गंगा कटाव से किसानों की कृषि भूमि लगातार नदी में समा रही है और कई गांवों का अस्तित्व खतरे में है। उन्होंने फ्लड कंट्रोल एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को कटाव निरोधी कार्यों में गुणवत्ता बनाए रखने तथा समय रहते सभी सुरक्षा उपाय लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हर वर्ष बाढ़ आने के बाद तैयारी करने के बजाय पहले से ठोस योजना बनाकर कार्य करना जरूरी है। राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी के मामले पर सांसद ने कहा कि प्रभु श्रीराम करोड़ों लोगों की आस्था के केंद्र हैं उन्होंने आरोप लगाया कि अब तक केवल कमजोर लोगों पर कार्रवाई हुई है। जबकि पूरे मामले में बड़े लोगों तक जांच नहीं पहुंची है। उन्होंने मांग की कि पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उनके अनुसार यह मामला अब राष्ट्रीय महत्व का विषय बन चुका है। बांकेपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर सांसद ने कहा कि कांग्रेस पूरी मजबूती के साथ महागठबंधन के साथ खड़ी है और राजद उम्मीदवार के समर्थन में कांग्रेस के कार्यकर्ता पूरी ताकत से चुनाव प्रचार करेंगे। कोढ़ा क्षेत्र से हाल में पाकिस्तानी आतंकी नेटवर्क की मदद करने के आरोप में हुई गिरफ्तारी पर सांसद ने कहा कि देशद्रोह जैसे मामलों में किसी भी तरह की नरमी नहीं बरती जानी चाहिए। उन्होंने कहा, "जो भी देशद्रोह के मामले में शामिल होगा, उसके खिलाफ बिना जाति और धर्म देखे कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सांसद के इन बयानों से जिले के स्थानीय मुद्दों के साथ-साथ राज्य और राष्ट्रीय राजनीति से जुड़े कई विषयों पर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुनील कुमार यादव, दिलीप विश्वास, अवधेश मंडल,शाहनवाज खान, डॉ० विपीन कुमार, सुबोध यादव इम्तियाज उल हक सहित कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे ।

## संक्षिप्त समाचार

### शहर में चलाया गया वाहन चेकिंग अभियान

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हाजीपुर. जिले में अपराध नियंत्रण व शराब कारोबरियों पर नकेल कसने के लिए एसपी के निर्देश पर जिले के सभी थाना क्षेत्रों में सघन वाहन चेकिंग के साथ-साथ रात में हो रही पुलिस गश्ती में और तेजी लाने का निर्देश दिया गया है. इस दौरान बुधवार को शहर से लेकर ग्रामीण इलाको में सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. शहर के रामाशीष चौक, महुआ मोड़, बीएसएनएल गोलंबर, पुरानी गड़क पुल सहित अन्य जगहों पर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया. वाहन चेकिंग के दौरान बिना हेलमेट, सीट बेल्ट सहित वाहनों का कागजात की जांच की गयी. इस दौरान कई बाइक चालक बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट के गाड़ी चलाते पकड़े गए. पकड़े गए वाहन चालको से जुर्मना काटा गया. इस दौरान कुल जुमार्ना राशि सात हजार रुपए का चालान काटा गया. साथ ही पकड़े गए वाहन चालकों को कड़ी चेतावनी देकर छोड़ा गया.

### टीबी मरीजों के बीच पौष्टिक आहार का वितरण

**महुआ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महुआ के फुलवरिया स्थित चंचल सुमन नर्सिंग कॉलेज द्वारा बुधवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र महुआ में टीवी के मरीजों के बीच पौष्टिक आहार का वितरण किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के सचिव प्रेम शंकर कुमार एवं निर्देशक सुरभि सुमन ने टीवी के मरीजों को संबोधित करते हुए उन्हें नियमित दवा के साथ-साथ मजबूत यूनिटी के लिए पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में जागरूक किया। मौके पर महुआ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर अभिषेक कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों एवं अन्य ने नर्सिंग कॉलेज की इस सामाजिक भागीदारी को लेकर सराहना की। मौके पर नर्सिंग कॉलेज कर्मी मिसेज गुड़िया कुशवाहा, फेकल्टी मिस नेहा, मिस शालु,अनुपम सिंह एवं ओम कुमार सिंह सहित अन्य उपस्थित थे।



### सर्पदंश से मजदूर की मौत

**बनकटवा (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बनकटवा प्रखंड क्षेत्र के झंझरा पंचयात अंतर्गत बड़हरवा गांव निवासी भुलावन उर्फ भुलवान दास की सर्पदंश से मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। मृतक एक मजदूर था, जो प्रतिदिन की तरह अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए मजदूरी करने घर से निकला था। बताया जाता है कि 14 जुलाई की शाम मजदूरी के दौरान भुलावन दास को जहरीले सांप ने काट लिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन एवं स्थानीय ग्रामीण उसे तत्काल बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल मोतिहारी लेकर पहुंचे। चिकित्सकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। मृत्यु की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने परिवार का कमाने वाला सदस्य था। ग्रामीणों एवं समाजसेवियों ने मृतक के आश्रित परिवार को सरकारी सहायता एवं आपदा राहत योजना के तहत उचित मुआवजा देने की मांग की है।जानकारी झंझरा पंचायत के मुखिया नागेंद्र यादव उर्फ भुआली यादव ने दी।

### मसौढ़ी में घर में घुसकर मां-बेटी से मारपीट

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के हुराड़ी गांव में सोमवार रात घर में घुसकर 5 लोगों ने मां-बेटी के साथ मारपीट की। आरोपियों ने निमार्णाधीन ओटा भी तोड़ दिया और बेटी से छेड़छाड़ की कोशिश की। पीड़िता ने थाने में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है।आवेदनकर्ता रूबी देवी पति देवेंद्र दास ने बताया कि 14 जुलाई की रात करीब 8:30 बजे वह घर के दरवाजे पर ओटा का निर्माण कर रही थीं। इसी दौरान गांव के ही समोद कुमार, धर्मेंद्र दास, पवन कुमार, अमित कुमार और अभिषेक कुमार वहां पहुंचे और ओटा तोड़ने लगे। मना करने पर गाली-गलौज शुरू कर दी।पीड़िता का आरोप है कि विरोध करने पर धर्मेंद्र दास ने उनका बाल पकड़कर जमीन पर पटक दिया और लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। शोर सुनकर बेटी सरस्वती कुमारी बचाने आई तो अभिषेक, पवन और अमित ने उसे भी पकड़ लिया। आरोप है कि तीनों ने सरस्वती के साथ छेड़छाड़ की कोशिश की और मारपीट की। कबी देवी ने बताया कि विरोध करने पर अभिषेक कुमार ने ईट से बेटी के सिर पर वार कर दिया जिससे काफी खून बहने लगा। हमले में मां-बेटी दोनों को गंभीर चोटें आई हैं। जब उन्होंने 112 पर फोन करने की कोशिश की तो आरोपी धमकी देते हुए भाग गए। आरोपियों ने कहा कि "केस करोगी तो अंजाम और बुरा होगा"।पीड़िता ने बताया कि आरोपी अक्सर शराब पीकर उनके साथ मारपीट करते हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। पीड़िता और उसकी बेटी का मेडिकल कराया गया है। मामले की जांच कर आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

### विशेष अभियान में 11 फरार आरोपी गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा और मराँची थाना पुलिस ने मंगलवार देर रात विशेष अभियान चलाकर विभिन्न मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मोकामा थानाध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि विशेष ड्राइव के दौरान शिवनार निवासी ओम प्रकाश सिंह और मोर पश्चिमी निवासी दीपक कुमार को न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के मामले में गिरफ्तार किया गया।सुल्तानपुर निवासी कुंदन बिंद शराब तस्करी के मामले में 6 साल से फरार चल रहा था। उसे उसके घर से गिरफ्तार किया गया।मोलदियार टोला निवासी गौतम सिंह और मराँची निवासी रिकी कुमार को हत्या के प्रयास और मारपीट के मामले में गिरफ्तार किया गया।बरहपुर निवासी देवेंद्र महतो को घर में अवैध शराब बनाते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया, जबकि उसके दामाद बिनोद महतो को शराब के नशे में गिरफ्तार किया गया।

### पालीगंज अनुमंडल में पांच नए पुलिस ओपी की मंजूरी

**पालीगंज (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** अपराध पर प्रभावी नियंत्रण, त्वरित पुलिस कार्रवाई और सीमावर्ती क्षेत्रों में अपराधियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने के लिए पालीगंज के तत्कालीन थानाध्यक्ष सुमन कुमार ने क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति, सीमावर्ती इलाकों में बढ़ती आपराधिक गतिविधियों और अपराध नियंत्रण की आवश्यकता को देखते हुए पालीगंज थाना क्षेत्र के महाबलीपुर तथा रामपुर नगवां में दो नए ओपी खोलने का प्रस्ताव वरीय अधिकारियों को भेजा था। प्रस्ताव पर विचार के बाद दोनों ओपी की स्वीकृति प्रदान कर दी गई।

जानकारी के अनुसार, पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र में पांच नए ओपी खोलने को लेकर पटना पुलिस ने बड़ा कदम उठाया है। पुलिस उप-महानिरीक्षक (प्रशासन), बिहार, पटना के पत्र संख्या छ्/457713/26 दिनांक 10 जुलाई 2026 तथा पुलिस महानिरीक्षक, केंद्रीय क्षेत्र, पटना के निर्देश के आलोक में पालीगंज अनुमंडल क्षेत्र में पांच नए पुलिस ओपी (आउट पोस्ट) के सृजन को मंजूरी दी है। इसके तहत पालीगंज थाना क्षेत्र में दो, सिगौड़ी थाना क्षेत्र में एक तथा दुल्हिन बाजार थाना क्षेत्र में दो नए ओपी स्थापित किए जाएंगे।

# लूट की योजना बना रहे अपराधी एक पिस्तौल और जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

**पकड़ा गया बदमाश पटना के पटना का 25 हजार का इनामी था**



**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर थाना क्षेत्र के न्यू गंडक पुल के समीप से नगर थाने की पुलिस ने अपराध की योजना बना रहे एक बदमाश को एक पिस्तौल दो जिंदा कारतूस, एक मैगजीन के गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया बदमाश विशाल पासवान नगर थाना क्षेत्र के सुभाष चौक का रहने वाला है। इस संबंध में बुधवार को सदर एसडीपीओ- 1 सुबोध कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बताया कि पटना एसटीएफ द्वारा सूचना मिली थी कुछ बदमाश नगर थाना क्षेत्र के न्यू गंडक पुल के समीप अपराध की योजना बनाने के लिए जुटे हैं। इसके बाद एसपी शुभांक मिश्रा के निर्देश पर सदर एसडीपीओ- वन सुबोध कुमार के नेतृत्व में नगर थाना अध्यक्ष सिकंदर कुमार के साथ एक विशेष टीम का गठन किया गया। टीम चिन्हित जगह पर पहुंची। पुलिस को अचानक देखा कुछ बदमाश भागने लगे। भाग रहे बदमाश का पीछा कर पुलिस ने एक को पकड़ लिया। पकड़े गए बदमाश के पास से तलाशी के दौरान एक पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस और एक मैगजीन बरामद किया गया। जिसे गिरफ्तार कर थाना लाया गया। जब पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया की वे लोग बिदुपुर थाना क्षेत्र स्थित। एक फाइनेंस कंपनी को लूटने की योजना बना रहे थे। सदर एसडीपीओ ने बताया की पकड़ा गया है बदमाश पटना का 25 हजार का इनामी था। इसके खिलाफ पटना के रामकृष्णनगर थाना,हाजीपुर नगर थाना के अलावा दर्जनों मामले अलग-अलग थाने में दर्ज हैं। पुलिस को इसकी काफी दिनों की तलाश थी। पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपने अन्य साथियों के बारे में खुलासा किया है। जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

## मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने डिजिटल माध्यम से किया 211 नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों का उद्घाटन




**एकमा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार द्वारा उच्च शिक्षा के विस्तार की दिशा में बुधवार को ऐतिहासिक पहल करते हुए मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भागलपुर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से डिजिटल माध्यम के जरिए एकमा के परसागढ़ सहित प्रदेश के 211 नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों का एक साथ उद्घाटन किया। उद्घाटन के साथ ही सभी महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-30 के लिए पठन-पाठन का विधिवत शुभारंभ भी हो गया। इस अवसर पर एकमा विधानसभा क्षेत्र के परसागढ़ एवं लहलादपुर में एक-एक, यानी कुल दो राजकीय डिग्री महाविद्यालयों सहित महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र के नौ नवस्थापित राजकीय डिग्री महाविद्यालयों का भी उद्घाटन किया गया। मुख्यमंत्री के उद्घाटन कार्यक्रम का सीधा प्रसारण संबंधित महाविद्यालय परिसरों में किया गया, जहां जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, पंचायत प्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण एवं पिछड़े क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उनके घर के निकट गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध कराना है। नए डिग्री महाविद्यालयों के शुरू होने से हजारों छात्र-छात्राओं को अब उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा।

## एमजीसीयु की सेवार्थ विद्यार्थी इकाई द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन

**राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के सातवें दिन**



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** एमजीसीयु में राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला के सातवें दिन महात्मा गाँधी केन्द्रीय विश्वविद्यालय की सेवार्थ विद्यार्थी इकाई द्वारा वृक्षारोपण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित वातावरण के निर्माण तथा विद्यार्थियों के बीच प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना को सुदृढ़ करना था। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रकार के पौधों का रोपण किया गया तथा उपस्थित सभी कार्यकताओं ने उनकी नियमित देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण सामाजिक दायित्व है। इस अवसर पर सेवार्थ विद्यार्थी (रत्न) के उत्तर बिहार प्रान्त प्रमुख डॉ. श्याम नंदन की विशेष उपस्थिति रही। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद सदैव छात्रहित के साथ-साथ समाज एवं राष्ट्रहित के विविध आयामों में सक्रिय भूमिका निभाती रही है। पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता है और प्रत्येक विद्यार्थी को वृक्षारोपण के साथ-साथ उनके संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डॉ. गोविन्द प्रसाद वर्मा (सहायक प्रोफेसर, हिन्दी विभाग) तथा डॉ. बबलू पाल (सहायक प्रोफेसर, संस्कृत विभाग), प्रो. श्याम कुमार झा आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी प्राध्यापकों ने परिषद द्वारा आयोजित इस पर्यावरणीय पहल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों को अधिक से अधिक वृक्ष लगाने एवं प्रकृति संरक्षण के लिए निरंतर कार्य करने हेतु प्रेरित किया।इस अवसर पर अखिल सेवार्थ विद्यार्थी आयाम के अनेक कार्यकर्ता एवं छात्र - छात्राएँ भी उपस्थित रहे। सभी कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक वृक्षारोपण में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संदेश समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुँचाने का संकल्प व्यक्त किया। इस प्रकार राष्ट्रीय विद्यार्थी दिवस के उपलक्ष में आयोजित यह कार्यक्रम सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## करंट की चपेट में आने से युवक की मौत, परिवार में मचा कोहराम



**तरैया (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के भलुआ शंकरडीह गांव में मंगलवार की सुबह विद्युत करंट की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गांव निवासी परशुराम पंडित के 35 वर्षीय पुत्र रमेश कुमार पंडित के रूप में हुई है। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार रमेश कुमार पंडित मंगलवार की सुबह अपने घर पर मोटर का बिजली का तार जोड़ रहे थे। इसी दौरान अचानक वह धारा प्रवाहित विद्युत तार की चपेट में आ गए और अचेत होकर जमीन पर गिर पड़े। घटना होते ही परिजन और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे तथा आनन-फानन में उन्हें इलाज के लिए रेफरल अस्पताल तरैया ले गए। अस्पताल में ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि परिजन उन्हें मढ़ौरा रेफरल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। बताया जाता है कि रमेश कुमार पंडित हैदराबाद स्थित एक फैक्ट्री में इलेक्ट्रिक इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे। वह मात्र तीन दिन पूर्व ही छुट्टी लेकर अपने घर आए थे। किसी ने भी नहीं सोचा था कि घर आने के कुछ ही दिनों बाद इस तरह की दर्दनाक घटना हो जाएगी। मृतक अपने पीछे पत्नी राधा देवी, पांच वर्षीय पुत्र ऋषव कुमार, दो वर्षीय पुत्र अवरुद्ध कुमार, माता किशोरी देवी, पिता परशुराम पंडित, भाई मुसाफिर पंडित सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। घटना के बाद पूरे परिवार में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना की सूचना मिलने पर तरैया थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मामले की जांच करते हुए अग्रेतर कार्रवाई में जुटी हुई है।

## गोविंदपुर सिंघाड़ा दुर्गा मंदिर जाने वाली सड़क खतरे को दे रही है आमंत्रण



**महुआ/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महुआ के प्रसिद्ध शक्तिपीठ गोविंदपुर सिंघाड़ा दुर्गा मंदिर जाने वाली सड़क की खतरनाक हालत खतरे को आमंत्रण दे रही है। बताते चले की शक्तिपीठ गोविंदपुर सिंघाड़ा दुर्गा मंदिर जाने वाली लगभग सभी कर के जर्जर एवं खतरनाक हो चुकी है तथा बरसात के मौसम में तो यह और भी खतरनाक हो जाती है जहां जर्जर सड़क पर जल जमाव के बाद लोग प्रतिदिन गिरकर घायल होते हैं। मालूम हो कि अगले कुछ महीनो में यहां वैशाली जिले का प्रसिद्ध मनोकामना सिद्ध मंदिर होने की वजह से दुर्गा पूजा के अवसर पर भव्य मेले का आयोजन भी होना है। दुर्गा पूजा के अवसर पर यहां पूरे बिहार के विभिन्न जिलों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु भक्तों का आना होता है जो मंदिर स्थल तक पहुंच कर विधिवत पूजा अर्चना एवं अपनी मन्नत उतरते हैं। सिंघाड़ा गांधी चौक से गोविंदपुर सिंघाड़ा दुर्गा मंदिर जाने वाली सड़क की वर्तमान जर्जर स्थिति इतनी खतरनाक है कि इस पर पैदल चलना है मुश्किल एवं खतरे से खाली नहीं है। जबकि इसी सड़क मार्ग से गोविंदपुर के स्कूली छात्र-छात्राओं को अपने-अपने स्कूल कॉलेज एवं शिक्षण संस्थान तक पहुंचाना पड़ता है। स्थानीय समाजसेवी वीरेंद्र सिंह बिट्टू सिंह संजय कुमार मुन्ना प्रदीप सोनी शंभू सदाशिव सहित जनप्रतिनिधियों एवं पदाधिकारी से दुर्गा पूजा से पहले इस सड़क की मरम्मत कराया जाने की मांग की है ताकि दुर्गा पूजा के समय यहां पूरे बिहार के विभिन्न दिनों से पहुंचने वाले श्रद्धालु भक्तों को परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। स्थानीय लोगों ने बताया कि जर्जर सड़क की समस्या को लेकर कई बार संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों तथा जनप्रतिनिधि से भी आग्रह किया गया लेकिन जमीन पर अब तक कुछ दिखाई नहीं दे रहा है। जबकि सड़क की जर्जर हालत इतनी खराब हो चुकी है की क्या हर समय खतरे की आशंका बनी रहती है तथा प्रतिदिन कोई ना कोई इस जर्जर सड़क पर गिरकर घायल होता है।

### डीएम के निर्देश पर जलकुंभी से रोजगार सृजन की दिशा में पहल तेज

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जलाशयों में फैली जलकुंभी की समस्या को रोजगार के अवसर में बदलने की दिशा में उद्योग विभाग, बिहार सरकार द्वारा पहल तेज कर दी गई है। डीएम वर्षा सिंह के निर्देश पर भगवानपुर प्रखंड में जलकुंभी आधारित हस्तशिल्प एवं मूल्य संवर्धित उत्पाद निर्माण इकाई की स्थापना की संभावनाओं का आकलन करने हेतु विशेषज्ञों की टीम ने भ्रमण किया।भ्रमण दल में उद्योग विभाग के परामर्शी मनोहर कुमार ठाकुर, नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन के महाप्रबंधक असीम दास तथा कार्यकारी अधिकारी चंद्रकांत दास शामिल थे। टीम ने भगवानपुर प्रखंड स्थित संभावित स्थलों का अवलोकन किया तथा स्थानीय संसाधनों एवं उपलब्ध संभावनाओं का मूल्यांकनकिया।नॉर्थ ईस्टर्न डेवलपमेंट फाइनेंस कॉरपोरेशन के महाप्रबंधक ने बताया कि वैशाली जिले में प्रथम चरण में लगभग 50 इच्छुक युवाओं एवं महिलाओं को जलकुंभी आधारित हस्तशिल्प एवं उत्पाद निर्माण का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

### 13 अगस्त तक 49,455 नए राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सारण जिले में पात्र लाभुकों को राशन कार्ड उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन ने विशेष अभियान शुरू किया है। जिला पदाधिकारी वैभव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में आयोजित आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक में निर्णय लिया गया कि 13 अगस्त 2026 तक जिले में 49,455 नए राशन कार्ड तैयार किए जाएंगे। इसके लिए प्रतिदिन 1,648 राशन कार्ड बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बैठक में अपर समाहर्ता (विधि-व्यवस्था)-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी, तीनों अनुमंडलों के अनुमंडल पदाधिकारी तथा जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक के सभी संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि राशन कार्ड से वंचित पात्र लाभुकों की सूची जिला कल्याण पदाधिकारी से प्राप्त कर शीघ्र कार्रवाई की जाए। साथ ही विकास मित्रों के माध्यम से महादलित टोलों सहित अन्य वंचित पात्र परिवारों से आवेदन प्राप्त कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों जैसे- मुखिया, वार्ड सदस्य, पंच, सरपंच, पंचायत समिति सदस्य एवं जिला परिषद सदस्यों—के साथ बैठक कर छूटे हुए पात्र लाभुकों की पहचान की जाए। इसके अलावा माइकिंग के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार कर लोगों को आवेदन करने के लिए जागरूक किया जाए।

## मौसम बदलते ही अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की भीड़

**वायरल फीवर, सर्दी-खांसी और बच्चों में संक्रमण के मामले**




**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बदलते मौसम और बारिश के कारण हाजीपुर सदर अस्पताल की ओपीडी में वायरल बुखार, सर्दी-खाँसी, उल्टी-दस्त और डिहाइड्रेशन के मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। सुबह की बारिश, दोपहर की धूप और शाम की उमस के कारण वायरल संक्रमण तेजी से फैल रहा है. सदर अस्पताल में मरीजों की भीड़ बढ़ गई है, खासकर बच्चों पर इसका सबसे अधिक असर देखा जा रहा है.पर्ची कटवाने और दवा लेने के लिए मरीजों को घंटों लाइन में इंतजार करना पड़ रहा है।तेज धूप, उमस और बारिश के बीच उतार-चढ़ाव वाले इस मौसम में रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्युनिटी) कमजोर हो जाती है, जिससे लोग आसानी से वायरल संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। चिकित्सकों का मानना है कि इस समय बच्चों और बुजुर्गों को सबसे ज्यादा सतर्क रहने की आवश्यकता है। बुधवार की सुबह से ही सदर अस्पताल के पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) काउंटर पर पर्ची कटवाने के लिए मरीजों और उनके परिजनों की लंबी लाइनें लग दिखी।जाती हैं. दवा वितरण काउंटर का भी है, जहां मरीजों को घंटों अपनी बारी का इंतजार करना पड़ रहा है. हालांकि, अस्पताल प्रशासन का दावा है कि परिसर में सभी आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध हैं.

**वायरल बीमारियों से बचाव और सावधानियां**

- बिना डॉक्टर की सलाह के दवा लेने) से बचने की सलाह देते हैं।खान-पान का ध्यान रखें: हल्का और सुपाच्य भोजन करें।
-, बासी भोजन या बाहर का खुला हुआ खाना खाने से बचें
- पानी की कमी न होने दें पर्याप्त मात्रा में साफ, -उबला या फि ल्टर किया हुआ पानी पिएं।
- धूप या बारिश में बाहर निकलते समय छाता जरूर साथ रखें।
- ठंडे पानी से बचें: ज्यादा ठंडा या फ्रिज का पानी पीने से बचें, क्योंकि इससे गले में खराश और पेट में संक्रमण हो सकता है।

## राजकीय डिग्री कॉलेज चिरैया का मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने किया वर्चुअल उद्घाटन

**अधिकारियों ने कहा–ग्रामीण छात्रों को अब उच्च शिक्षा के लिए नहीं जाना पड़ेगा बाहर**

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने बुधवार को राज्यभर के नवस्थापित राजकीय डिग्री कॉलेजों का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन किया। इसी क्रम में चिरैया प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, परेवा परिसर स्थित राजकीय डिग्री कॉलेज, चिरैया का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य शिवशंकर प्रसाद की अध्यक्षता में उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें पटना से मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन के माध्यम से दिखाया गया। समारोह का उद्घाटन सिकरहना के अनुमंडल पदाधिकारी विजय कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी अफरोज आलम तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, परेवा के एचएम अरविंद कुमार चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में राज्य सरकार की ओर से उच्च शिक्षा के विस्तार तथा बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता दोहराई। वहीं कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि राजकीय डिग्री कॉलेज की स्थापना से चिरैया एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों को अब उच्च शिक्षा के लिए दूर-दराज के शहरों का रुख नहीं करना पड़ेगा। इससे क्षेत्र में उच्च शिक्षा को नई दिशा मिलेगी और आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को अपने क्षेत्र में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर प्राप्त होगा। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों ने महाविद्यालय परिसर का निरीक्षण किया तथा नियमित शैक्षणिक गतिविधियां शीघ्र प्रारंभ कराने पर बल दिया। उल्लेखनीय है कि राजकीय डिग्री कॉलेज, चिरैया बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर से अंगीभूत है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि दारा सिंह, चिरैया थानाध्यक्ष अंबेश कुमार, मुखिया पति सुरेश प्रसाद यादव, शिक्षक वैद्यनाथ सिंह, मो. इरशाद, अमित कुमार, रंजीत कुमार, प्रद्युम्न माली, शिक्षिकाएं स्नेहा कुमारी एवं अभिलाषा कुमारी, वार्ड सदस्य देवानन्द प्रसाद यादव, मुख्तार यादव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## प्रखंड स्तर पर स्थापित डिग्री कॉलेजों से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा के द्वार खुलेंगे : जिलाधिकारी





**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड स्तर पर नव स्थापित डिग्री महाविद्यालय में पठन - पाठन के शुभारंभ के अवसर पर आज जिलाधिकारी पूर्वी चंपारण श्री सौरभ सुमन यादव ने कहा कि पूर्वी चंपारण जिला में 15 प्रखंडों सहित बिहार में कुल 211प्रखंडों में डिग्री महाविद्यालय में पठन-पाठन का आज शुभारंभ हुआ है। डिग्री कॉलेज की स्थापना से ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों के लिए उच्च शिक्षा के द्वार खुलेंगे। उच्च शिक्षा की पहुंच घर-घर तक होगी एवं स्थानीय स्तर पर कम खर्च में ही बच्चे गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त करेंगे। मुख्यमंत्री बिहार सम्राट चौधरी के कर कमलों द्वारा राजकीय डिग्री कॉलेज गोराडीह, भागलपुर में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से बिहार के सभी 211 नव स्थापित डिग्री कॉलेज में पठन-पाठन का शुभारंभ किया गया। बच्चे उच्च शिक्षा प्राप्त करेंगे और पूर्वी चंपारण जिला सहित बिहार को आगे बढ़ाएंगे। इस अवसर पर विधायक ने बड़ी संख्या में उपस्थित जनप्रतिनिधि एवं अभिभावक गण को संबोधित करते हुए कहा प्रखंड स्तर पर डिग्री महाविद्यालय की स्थापना गौरव का विषय है। सुदूर देहात में डिग्री कॉलेज की उपलब्धता से अब बच्चों को दूर नहीं जाना पड़ेगा। शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने माननीय मुख्यमंत्री के नेतृत्व में राज्य सरकार को धन्यवाद दिया। जिले के जिन 15 प्रखंडों में डिग्री महाविद्यालय की स्थापना हुई है उनका नाम निम्नवत है:-

1.संग्रामपुर प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय संग्रामपुर (श्री उदय बहादुर सिंह प्लस टू उच्च विद्यालय मंगलापुर में)

2. मेहसी प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय मेहसी (उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कटहा, मेहसी में)

3. बंजरिया प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय बंजरिया (उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय कुकुरजरी)

4. पिपराकोठी प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय पिपराकोठी (उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर कॉलोनी)

5. सुगौली प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय सुगौली (उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय शुकुल पाकड़ सुगौली)

6. तुरकौलिया प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय तुरकौलिया (रामउग्रह सिंह कुशवाहा उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जयसिंहपुर)

7. तेतरिया प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय तेतरिया (राजकीय मध्य विद्यालय माधूआहा मॉल)

8. पताही प्रखंड अंतर्गत राजकीय डिग्री महाविद्यालय पताही (प्लस टू सिंहेश्वर सेमिनरी)

# बैठक में योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश

## उपायुक्त ने की कृषि एवं संबद्ध विभागों तथा जेएसएलपीएस की समीक्षा




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मो० जावेद हुसैन की अध्यक्षता में कृषि एवं संबद्ध विभागों तथा झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (जेएसएलपीएस) की संयुक्त समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए आपसी समन्वय के साथ योजनाओं के प्रस्ताव तैयार कर उनका प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान कृषि, आत्मा, उद्यान, भूमि संरक्षण, सहकारिता, मत्स्य, गव्य विकास, पशुपालन एवं जेएसएलपीएस विभाग की योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की गई। उपायुक्त ने एफपीओ एवं ग्राम संगठनों को सक्रिय करने का निर्देश दिया। साथ हीं सभी विभागों को आपसी समन्वय स्थापित कर जमीनी स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा अधिक से अधिक लाभुकों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने जिला पशुपालन पदाधिकारी को लेयर हेन्स (अंडा उत्पादन हेतु मुर्गी पालन) योजना के अंतर्गत फीड एवं शेड की व्यवस्था जेएसएलपीएस तथा सहकारिता विभाग के समन्वय से पूर्ण कराने का निर्देश दिया।

बैठक में उपायुक्त ने पूर्व में अवैध अफीम की खेती वाले क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को ऐसे गांवों में बैठक एवं कार्यशालाओं का आयोजन कर किसानों को अनानास, ड्रैगन फ्रूट, स्ट्रॉबेरी, सूरजमुखी, हल्दी, अदरक सहित अन्य लाभकारी वैकल्पिक फसलों की खेती के लिए प्रेरित करने तथा आवश्यक तकनीकी मार्गदर्शन एवं योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने को कहा। बैठक में कृषि, आत्मा, उद्यान, भूमि संरक्षण, सहकारिता, मत्स्य, गव्य विकास, पशुपालन विभाग एवं जेएसएलपीएस के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सर्पदंश से युवक की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पोटका।** ब्रेन मलेरिया की गंभीर स्थिति से जूझ रहे पोटका प्रखंड में अब बारिश के साथ जहरीले सांपों का खतरा भी तेजी से बढ़ने लगा है। पिछले एक सप्ताह के भीतर ग्राम प्रधान समेत मृगेंद्रनाथ भकत सहित कई लोग सांप के डसने का शिकार हुए हैं। वहीं चिती सांप के काटने से 14 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, जामदा निवासी 14 वर्षीय राज खंडवाल को एक सप्ताह पूर्व चिती सांप ने काट लिया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं मंगलवार देर रात मानहाड़ा गांव के ग्राम प्रधान मृगेंद्रनाथ भकत को भी चिती सांप ने डंस लिया।

परिजन सांप को बाल्टी में बंद कर उनके साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पोटका पहुंचे, ताकि चिकित्सकों को सांप की पहचान में सुविधा हो सके। सीएचसी में चिकित्सकों ने तत्काल उपचार शुरू किया और उन्हें निगरानी में भर्ती रखा। बुधवार शाम स्वास्थ्य में सुधार होने पर उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

# बोलेरो-बाइक की टक्कर में दो युवकों की गयी जान



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**तिसरी।** तिसरी-गांवा मुख्य सड़क पर पालमो मध्य विद्यालय के सामने बोलेरो और बाइक की जोरदार टक्कर में बाइक सवार एक युवक प्रिंस कुमार की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं, उसका दूसरा साथी विवेक कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से तिसरी पुलिस ने उसे एंबुलेंस से तिसरी अस्पताल पहुंचाया।

इलाज के दौरान विवेक कुमार ने भी दम तोड़ दिया। घटना की जानकारी मिलते ही दोनों मृतकों के परिजन और आसपास के लोग अस्पताल पहुंच गए। मृतकों की मां, बहन समेत अन्य महिलाओं के क्रंदन से माहौल गमगीन हो गया और वहां मौजूद लोगों की आंखें नम हो गईं।

बताया गया कि बाइक से तिसरी के राउतडीह निवासी विजय राउत के पुत्र प्रिंस राउत व बिजेंद्र राउत के पुत्र विवेक राउत तिसरी से मिठाई लेकर घर जाने के दौरान सामने से काली रंग की बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी। बोलेरो के ड्राइवर सीट का अगला हिस्सा और बाइक बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

प्रथम द्दष्टया लोगों ने बताया कि टक्कर जोरदार होने से बाइक में सवार दोनों युवक दूर तक फेंका गए। दोनों के सिर व सीने में गंभीर चोट लगी। घटना के बाद बोलेरो को छोड़कर सवार लोग चालक समेत फरार हो गए। टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटना स्थल पहुंचे और घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। घटना के एक घंटा बाद दोनों मृत युवक की पहचान हो सकी। तब जा कर उनके स्वजन को खबर की गई।दोनों युवक ने हेलमेट नहीं पहना था। हेलमेट पहने रहते तो जान बच सकती थी। मृतक प्रिंस कुमार संत मेरिज स्कूल का दसवीं का छात्र था ओर विवेक राउत इंटर में पढ़ाई करता था।

अस्पताल में मृतक के बड़े चाचा जिला परिषद सदस्य रामकुमार राउत,मुखिया प्रतिनिधि महेश राउत,भाजपा नेता रामचंद्र ठाकुर, उदय साव,नरेश यादव सहित काफी संख्या में लोग पहुंचे थे। पुलिस ने दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया है। बोलेरो व बाइक जब्त कर ली गई है।

**बोकारो स्टील सिटी में हवाई हमले को लेकर पुलिस प्रशासन द्वारा किए गए मॉक ड्रिल का द्दश्य। देर शाम किए गए मॉक ड्रिल के दौरान ब्लैक आउट भी किया गया। हवाई हमले से सचेत करने के लिए सायरन भी बजे।**












# संदेह के आधार पर युवकों की लाठी-डंडे से पिटाई

## पुलिस कर रही मामले की छानबीन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गढ़वा।** बड़गड़ थाना क्षेत्र में संदेह के आधार पर दो युवकों की उन्मादी भीड़ द्वारा बेरहमी से पिटाई किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस एवं संबंधित युवकों के स्वजन की तत्परता से दोनों की जान बच गई।

गंभीर रूप से घायल दोनों युवकों का प्राथमिक उपचार भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराने के बाद बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार, बड़गड़ थाना क्षेत्र के उगरा गांव निवासी कुदुस अंसारी के 35 वर्षीय पुत्र खुर्शीद अंसारी तथा अलीहसन अंसारी के 40 वर्षीय पुत्र वसीम अंसारी गढ़वा-लातेहार सीमा पर स्थित मंडल डैम में मछली पकड़ने गए थे। देर शाम घर लौटने के दौरान वे सांगाली गांव पहुंचे। इसी दौरान भजना गांव के कुछ ग्रामीणों ने उन्हें बाहरी एवं संदिग्ध समझकर रोक लिया। पूछताछ के बाद संदेह के आधार पर ग्रामीणों ने दोनों की लाठी-डंडों से पिटाई कर दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए।

इधर, देर रात तक दोनों युवक घर नहीं लौटे तो इनके स्वजन चिंतित हो उठे। काफी खोजबीन के बाद भी उनका पता नहीं चलने पर पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही बड़गड़ थाना पुलिस सक्रिय हुई और इनके स्वजन के साथ मिलकर तलाश अभियान शुरू किया।

तलाशी के दौरान दोनों युवक भंडरिया थाना क्षेत्र के जंगल में गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिले। पुलिस ने तत्काल उन्हें बरामद कर भंडरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। सिर एवं शरीर पर गंभीर चोट होने के कारण दोनों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में तरह-तरह की चचाएं हैं।

पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मारपीट में शामिल लोगों की पहचान कर उनके विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की तैयारी की जा रही है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी व्यक्ति पर केवल संदेह के आधार पर कानून हाथ में न लें, बल्कि तत्काल पुलिस को सूचना दें। पक्ष मौखिक सूचना मिलने पर दोनों घायलों को बरामद कर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। उन्होंने कहा कि स्वजन अथवा ग्रामीणों की ओर से लिखित आवेदन प्राप्त होने पर मामले की सभी पहलुओं से जांच कर दोषियों के विरुद्ध विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## करंटसे किशोर की मौत

**नगरनौसा(नालंदा)।** थाना क्षेत्र के खजुरिया बीघा गांव में बुधवार देर रात 440 वोल्ट बिजली के करंट की चपेट में आने से 17 वर्षीय अजय कुमार की मौत हो गई। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया।जानकारी के अनुसार, अजय कुमार बिजली के तार को मुँह से छीनने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान वह रिटर्निंग करंट की चपेट में आ गया। तेज करंट लगने से उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। परिजन उसे तत्काल नगरनौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही नगरनौसा थानाध्यक्ष शशि रंजन कुमार मिश्रा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बिहारशरीफ सदर (मॉडल) अस्पताल भेज दिया।थानाध्यक्ष ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। परिजनों की ओर से आवेदन मिलने पर नियमानुसार आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हादसे के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है।

# चंदवारा सीओ सहित पांच अधिकारियों पर लगा जुर्माना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोडरमा।** जिले में दाखिल-खारिज (म्यूटेशन) के मामलों में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर प्रशासन ने अब तक की सबसे बड़ी गाज गिराई है। जनता के काम को महीनों तक लटका कर रखने के ढुलमुल रवैए पर कड़ा रुख अख्तियार करते हुए, कोडरमा उपायुक्त (डीसी) उत्कर्ष गुप्ता ने चंदवारा अंचल अधिकारी (सीओ) पर 75,000 का भारी जुर्माना लगाया है। इस कार्रवाई से पूरे प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है।

एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक के दौरान यह चौंकाने वाली हकीकत सामने आई कि चंदवारा अंचल कार्यालय में आम जनता के कई आवेदन 30 दिनों से लेकर 6 महीने (180 दिन) तक बिना किसी ठोस या वैध वजह के ठंडे बस्ते में पड़े हुए थे।

जनता की इस परेशानी पर सख्त रुख अपनाते हुए उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने स्पष्ट किया कि 'राज्य सेवा गारंटी अधिनियम' के तहत जनता को समयबद्ध सेवा देना प्रत्येक अंचल अधिकारी की नैतिक और कानूनी जिम्मेदारी है। उन्होंने कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि सरकारी कार्यों में लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उपायुक्त का यह हंटर सिर्फ चंदवारा सीओ तक ही सीमित नहीं रहा। दाखिल-खारिज के मामलों में इसी तरह की लापरवाही बरतने और लेटलतीफी करने के आरोप में जिले के चार अन्य अंचलों के अधिकारियों पर भी जुमार्ना लगाया गया है। इनमें जयनगर सीओ, डोमचांच सीओ, मरकच्चो सीओ और सतगांवां सीओ शामिल हैं।

इस ताबड़तोड़ कार्रवाई से जिला प्रशासन ने साफ संदेश दे दिया है कि आम जनता के अधिकारों के साथ खिलवाड़ करने वाले और तय समय सीमा के भीतर काम न करने वाले अधिकारियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# बैठक में सामाजिक कुरीतियों पर मंथन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** स्थानीय अग्रसेन भवन में कटिहार अग्रवाल समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं प्रबुद्ध नागरिकों सहित लगभग 200 लोगों ने भाग लिया। बैठक में समाज में व्याप्त सामाजिक कुरीतियों एवं विसंगतियों पर विस्तृत चर्चा करते हुए समाज सुधार के लिए सामूहिक रूप से कार्य करने का संकल्प लिया गया।

बैठक में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अशोक अग्रवाल एमएलसी को अध्यक्ष विजय अग्रवाल को सचिव तथा सुनील अग्रवाल 'टिंकू' को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। अन्य पदाधिकारियों का मनोनयन नई कार्यकारिणी द्वारा शीघ्र किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन समाज के वरिष्ठ सदस्य अनिल चमड़िया ने किया। उन्होंने समाज में बढ़ रही विभिन्न विसंगतियों पर चिंता व्यक्त करते हुए सभी से एकजुट होकर समाज हित में कार्य करने का आह्वान किया।

डॉ. पीके अग्रवाल ने कहा कि समाज के प्रत्येक क्षेत्र में सकारात्मक कार्य करने की आवश्यकता है तथा कई सामाजिक बुराइयों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी है।

अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकास खंडेलिया ने कहा कि सभी कुरीतियों को एक साथ समाप्त करना संभव नहीं है। लेकिन यदि हम संकल्प लेकर दो प्रमुख बुराइयों पर भी प्रभावी रोक लगाने में सफल हो जाएं तो यह समाज सुधार की दिशा में एक बड़ी शुरूआत होगी। मारवाड़ी सम्मेलन कटिहार शाखा के अध्यक्ष राज कुमार मुरारका ने कहा कि सम्मेलन और उसके सभी सदस्य इस अभियान में हरसंभव सहयोग करेंगे। वहीं मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा की श्रीमति संतोष अग्रवाल ने समाज के लोगों से अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक मारवाड़ी भाषा का प्रयोग करने का आग्रह किया।

## झारखण्ड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा-2024

# संयुक्त ब्रीफिंग, उपायुक्त एवं एसपी ने दिए निर्देश



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूँटी।** आगामी 19 जुलाई को आयोजित होने वाली झारखण्ड क्षेत्रीय कार्यकर्ता प्रतियोगिता परीक्षा-2024 के सफल, निष्पक्ष एवं कदाचारमुक्त आयोजन को लेकर समाहरणालय स्थित सभागार में उपायुक्त मो० जावेद हुसैन एवं पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग की अध्यक्षता में स्टेटिक मजिस्ट्रेट, पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट, फ्लाइंग मजिस्ट्रेट तथा अन्य प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग आयोजित की गई।बैठक में बताया गया कि जिले के 12 परीक्षा केंद्रों पर कुल 4,380 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे। परीक्षा का आयोजन तीन पालियों में किया जाएगा। सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों को झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग द्वारा जारी दिशा-निदेशों एवं मानक संचालन प्रक्रिया का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया।

उपायुक्त मो० जावेद हुसैन ने कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता, गोपनीयता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी स्टेटिक, पेट्रोलिंग एवं फ्लाइंग मजिस्ट्रेटों को अपने-अपने दायित्वों का पूरी सतर्कता, निष्पक्षता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि परीक्षा केंद्रों पर समय से पहुंचकर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का निरीक्षण करें तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता पाए जाने पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक श्री गर्ग ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि सभी पुलिस पदाधिकारी एवं दंडाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। परीक्षा केंद्रों एवं आसपास के क्षेत्रों में सतत निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि या कदाचार की संभावना पर त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक में परीक्षा केंद्रों पर अभ्यर्थियों की सघन जांच, पहचान सत्यापन, समयबद्ध प्रवेश, प्रश्नपत्र एवं उत्तरपुस्तिकाओं के सुरक्षित परिवहन, संचार व्यवस्था, विधि-व्यवस्था संधारण तथा आकस्मिक परिस्थितियों से निपटने के संबंध में भी विस्तृत जानकारी दी गई। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों से आयोग के दिशा-निदेशों का अक्षरशः पालन करते हुए परीक्षा का सफल, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

# 'बाल तस्करी से आजादी अभियान' का शुभारंभ

## 15 दिनों तक चलेगा जनजागरूकता अभियान




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**खूंटी।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) से प्रेरित 'बाल तस्करी से आजादी अभियान' का शुभारंभ उपायुक्त मो० जावेद हुसैन के निदेशानुसार जिला बाल संरक्षण इकाई, खूंटी एवं बाल कल्याण संघ के संयुक्त तत्वावधान में डीआरडीए सभागार में किया गया। 15 दिवसीय इस अभियान के तहत जिलेभर में बाल तस्करी, बाल श्रम, बाल विवाह, स्कूल ड्रॉपआउट एवं गुमशुदा बच्चों की रोकथाम को लेकर व्यापक जनजागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक निदेशक, सामाजिक सुरक्षा कोषांग आनंद कुमार ने कहा कि बाल कल्याण संघ द्वारा खूंटी जिले में बच्चों के अधिकारों एवं संरक्षण के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। उन्होंने कहा कि गांव-गांव में बाल सुरक्षा तंत्र को मजबूत करने के लिए सभी संबंधित विभागों एवं सामाजिक संगठनों के समन्वित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने जानकारी दी कि चालू वित्तीय वर्ष में अब तक 200 बच्चों का स्पॉन्सरशिप योजना के लिए चयन किया जा चुका है तथा पात्र बच्चों को सरकारी योजनाओं से जोड़ने की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी।

जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी मो० अल्ताफ खान ने बताया कि अभियान के दौरान प्रत्येक गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। गांव से बाहर रह रहे बच्चों, स्कूल ड्रॉपआउट, बाल श्रमिक एवं गुमशुदा बच्चों की पहचान कर संबंधित विभागों के समन्वय से उनके बचाव, पुनर्वास एवं पुनः मुख्यधारा से जोड़ने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 का व्यापक प्रचार-प्रसार भी किया जाएगा।डालसा के चीफ लीगल डिफेंस काउंसिल राजीव कमल ने कहा कि तस्करी, पॉक्सो एवं अन्य मामलों में पीड़ित बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है तथा लोगों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाता है।

संघ की स्टेट हेड शिवानी प्रिया ने बताया कि 15 दिवसीय अभियान के दौरान खेलकूद प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, दीवार लेखन, रैली एवं जनचौपाल के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 जुलाई, विश्व मानव तस्करी विरोध दिवस के अवसर पर फुटबॉल एवं हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से युवाओं एवं बच्चों को बाल तस्करी के विरुद्ध जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, बाल संरक्षण से जुड़े कर्मी एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।



# 968 दिन बाद लौटे बुमराह का कमाल

● जडेजा और अगरकर को छोड़ा पीछे

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने 968 दिन बाद वनडे क्रिकेट में लौटते ही कमाल कर दिया। पहले 4 ओवर में सिर्फ 8 रन और फिर पांचवें ओवर में इंग्लैंड के कप्तान हैरी ब्रूक का विकेट लेते ही उन्होंने दो बड़े रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए। उन्होंने इस विकेट के साथ वनडे इंटरनेशनल में अपने 150 विकेट पूरे किए। साथ ही वह इंग्लैंड में सबसे ज्यादा वनडे विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज भी बने। जसप्रीत बुमराह ने अपने 90वें मैच और 89वीं पारी में 150वां विकेट लिया और सबसे तेज यह उपलब्धि हासिल करने वाले तीसरे भारतीय बने। जबकि इंग्लैंड में उनका यह 31वां वनडे विकेट था। रविंद्र जडेजा (30) को पीछे छोड़ते हुए इस मामले में बुमराह नंबर 1 भारतीय गेंदबाज बने। भारत के लिए सबसे तेज 150 वनडे विकेट लेने का रिकॉर्ड मोहम्मद शमी के नाम है। कुलदीप यादव इस लिस्ट में दूसरे स्थान पर हैं। सबसे कम गेंदों के लिहाज से भी बुमराह सबसे तेज 150 वनडे विकेट लेने वाले तीसरे भारतीय हैं।

### भारत के लिए सबसे तेज 150 ODI विकेट लेने वाले गेंदबाज

- मोहम्मद शमी: 80वां मैच
- कुलदीप यादव: 88वां मैच
- जसप्रीत बुमराह: 90वां मैच
- अजीत अगरकर: 97वां मैच
- जहीर खान: 103वां मैच

### सबसे कम गेंदों पर 150 ODI विकेट लेने वाले भारतीय

- 4070 गेंद: मोहम्मद शमी
- 4513 गेंद: कुलदीप यादव
- 4605 गेंद: जसप्रीत बुमराह
- 5027 गेंद: अजीत अगरकर
- 5131 गेंद: इरफान पठान

### इंग्लैंड में सबसे ज्यादा ODI विकेट लेने वाले भारतीय गेंदबाज

- 31 विकेट: जसप्रीत बुमराह*
- 30 विकेट: रविंद्र जडेजा
- 28 विकेट: भुवनेश्वर कुमार
- 27 विकेट: मदन लाल
- 26 विकेट: मोहम्मद शमी

### 968 दिन बाद वनडे क्रिकेट में लौटे

जसप्रीत बुमराह ने भारत के लिए अपना इससे पहले वनडे इंटरनेशनल मैच 19 नवंबर 2023 को खेला था। वनडे वर्ल्ड कप 2023 के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरने के बाद अब बुमराह की वनडे टीम में वापसी हुई। चैंपियंस ट्रॉफी 2025 में वह इंजरी के कारण खेल नहीं पाए थे। ऐसे में अब 968 दिन बाद 14 जुलाई 2026 को लौटते ही बुमराह ने दो बड़ी उपलब्धियां हासिल कर लीं। बुमराह ने अपने पहले पांच ओवर में सिर्फ 9 रन दिए और एक विकेट हैरी ब्रूक का झटका। उन्होंने 2016 में अपना वनडे इंटरनेशनल डेब्यू किया था।

# पीवी सिंधु की दमदार जीत



## सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी ने बीच में छोड़ा मैच, कोच ने चीन ओपन से भी हटने की पुष्टि की

**नई दिल्ली।** जापान ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारत के लिए मंगलवार 14 जुलाई 2026 का दिन मिला-जुला रहा। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने मलेशिया की वोंग लिंग चिंग को सीधे गेमों में हराकर महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। मिक्स्ड डबल्स में ध्रुव कपिला-तनीषा क्रास्टो की जोड़ी ने सीधे गेमों में जीत हासिल करके दूसरे राउंड में जगह बनाई।



वहीं, पुरुष युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की विश्व नंबर चार जोड़ी सात्विक के कंधे की चोट के कारण पहला गेम हारने के बाद मुकाबले से हट गई। चोट की वजह से भारतीय जोड़ी अगले सप्ताह होने वाले चीन ओपन में भी हिस्सा नहीं लेगी और अब उसका पूरा ध्यान विश्व चैंपियनशिप से पहले फिटनेस हासिल करने पर रहेगा।

### सात्विक को लगेगा चोट से उबरने में समय

टैम किम हर ने कहा, 'सात्विक को ठीक होने में अभी कुछ समय लगेगा। विश्व चैंपियनशिप से पहले हमें कम से कम 4 सप्ताह का समय मिलेगा, जिससे हम पुरानी लय हासिल कर सकते हैं।' इससे पहले विश्व रैंकिंग में नंबर 10 पर काबिज पीवी सिंधु ने अपने सहज खेल का प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में विश्व रैंकिंग में नंबर 37 पर काबिज वोंग को हराया।

### शुरुआत से ही बनाया दबदबा

पीवी सिंधु ने शुरुआत से ही खेल पर अपना दबदबा बनाए रखा और रैलियों की गति को नियंत्रित करते हुए 7-4 की बढ़त हासिल की। हालांकि, वोंग ने संघर्ष जारी रखने की कोशिश की, लेकिन उनकी गलतियों ने भारतीय खिलाड़ी को लगातार आगे बढ़ने का मौका दिया। पीवी सिंधु ने इंटरवल तक 11-6 की बढ़त बना ली। भारतीय खिलाड़ी रैलियों में सहज दिख रही थीं और उन्होंने अपने स्ट्रोक्स को प्रभावी ढंग से लगाकर अपनी बढ़त को 14-9 तक पहुंचा दिया। उनके बैकहैंड नेट ड्रिबल, ड्रॉप शॉट और हाफ-स्मैश सटीक रहे। एक सीधे शॉट से पीवी सिंधु को सात गेम पॉइंट मिले और उन्होंने पहला गेम अपने नाम कर लिया। पीवी सिंधु ने दूसरे गेम में भी शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया और मलेशिया की खिलाड़ी को कोई मौका नहीं दिया। भारतीय खिलाड़ी ने जल्द ही 8-2 की बढ़त हासिल की। पीवी सिंधु इंटरवल तक 11-3 से आगे थीं। इसके बाद भी उन्होंने बड़ा अंतर बनाए रखा और फिर 10 मैच पॉइंट हासिल किए। भारतीय खिलाड़ी ने दूसरे मैच पॉइंट पर मैच अपने नाम किया।

### पहले दौर के नतीजे

- **विमेंस सिंगल्स :** पीवी सिंधु ने वोंग लिंग चिंग (मलेशिया) को 21-14, 21-11 से हराया।
- **मिक्स्ड डबल्स :** ध्रुव कपिला/तनिषा क्रैस्टो ने अलेक्जेंडर डन/जूली मैकफर्सन (स्कॉटलैंड) को 21-16, 21-14 से हराया।
- **मिक्स्ड डबल्स :** फेंग यान झे/हुआंग डोंग पिंग (चीन) ने रोहन कपूर/रुतविका शिवानी गद्दे को 21-11, 21-10 से हराया।
- **मेन्स डबल्स :** सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी/चिराग शेट्टी को डैनियल लुंडगार्ड/मैड्स वेस्टरगार्ड (डेनमार्क) के खिलाफ रिटायर्ड हर्ट होना पड़ा।

# स्पेन ने फ्रांस को हराया

● 16 साल बाद फाइनल में बनाई जगह; एम्बाप्पे के खिलाफ यामाल का रिकॉर्ड कायम

**नई दिल्ली।** स्पेन ने साबित कर दिया है कि वे फीफा वर्ल्ड कप 2026 में सबसे मजबूत टीमों में से एक क्यों हैं। स्पेन ने डलास स्टेडियम में टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में मजबूत फ्रांस को 2-0 हराकर फाइनल में जगह बनाई। लुइस डे ला फुएंते की कप्तानी में स्पेनिश टीम के इस बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचने के साथ ही वे 96 सालों में दूसरी और 44 सालों में पहली ऐसी टीम बन गई हैं जिसने वर्ल्ड कप में यह बड़ी उपलब्धि हासिल की।

### दूसरी बार फाइनल में पहुंचा स्पेन



स्पेन ने यूरो 2024 जीता और मौजूदा यूरोपियन चैंपियन के तौर पर फीफा वर्ल्ड कप 2026 के फाइनल में पहुंच गया। जब वे पिछली बार 2010 में फाइनल में पहुंचे थे जिसे उन्होंने जीता था तब स्पेन मौजूदा यूरो चैंपियन भी था जिसने 2010 में ट्रॉफी जीती थी। अब स्पेन मौजूदा यूरो चैंपियन के तौर पर दो फीफा वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम बन गई है। वेस्ट जर्मनी ऐसा करने वाली पहली टीम थी और उसने साल 1972 और 1980 के यूरो चैंपियन के तौर पर 1974 और 1982 के फीफा वर्ल्ड कप फाइनल के लिए क्वालिफाई किया था। अगर स्पेन यह टूर्नामेंट जीतता है, तो वह मौजूदा यूरो चैंपियन के तौर पर दो फीफा वर्ल्ड कप जीतने वाली पहली टीम बन जाएगी। जर्मनी ने 1972 के यूरो चैंपियन के तौर पर 1974 का टूर्नामेंट जीता था।

- **स्पेन को 2-0 से मिली जीत, मिकेल-पोरो ने किए गोल-** सेमीफाइनल मुकाबले में स्पेन ने फ्रांस पर पूरी तरह दबदबा बनाए रखा फ्रांस टूर्नामेंट में सबसे खतरनाक अटैक करने वाली टीम के तौर पर फाइनल में पहुंचा था और उसने 16 गोल किए थे। हालांकि स्पेन की डिफेंसिव ताकत इतनी जबरदस्त थी कि उन्होंने मैच पर पूरी तरह कब्जा जमाए रखा और फ्रांस को गोल करने का कोई मौका तक नहीं दिया। मिकेल ओयारजाबल ने 22वें मिनट में पेनल्टी से स्पेन के लिए पहला गोल किया। इसके बाद 58वें मिनट में पेड्रो पोरो ने गोल करके मैच का नतीजा तय कर दिया।

● बर्मिंघम में 12 साल बाद जीता भारत ● सीरीज में 1-0 से आगे टीम इंडिया

# अक्षर पटेल ने गेंद और बल्ले से किया कमाल



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले मैच में शानदार जीत अपने नाम कर ली है। बर्मिंघम के एजबेस्टन क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया यह मुकाबला टीम इंडिया ने 6 विकेट से अपने नाम किया। इसी के साथ भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। बर्मिंघम में 12 साल के इंतजार के बाद भारतीय टीम ने वनडे मैच जीता है। अक्षर पटेल इस मैच में टीम इंडिया की जीत के हीरो साबित हुए। उन्होंने गेंद के बाद बल्ले से कमाल किया और शानदार अर्धशतकी पारी खेली। अक्षर पटेल ने गेंदबाजी में 9.5 ओवर में 4 विकेट लेकर 62 रन दिए थे। इसके बाद बल्लेबाजी में उन्होंने टीम को तब संभाला जब उनकी बल्लेबाजी की खास जरूरत थी। अक्षर ने 52 गेंद पर नाबाद 57 रन की पारी खेली।

### 12 साल बाद बर्मिंघम में जीत

भारत ने इंग्लैंड में इंग्लैंड के खिलाफ अब तक 46 वनडे मैच खेले हैं। इंग्लैंड की सरजमीं पर भारत को यह 19वीं जीत मिली है। जबकि इंग्लैंड की टीम ने 23 मैच भारत के खिलाफ अपने घर पर जीते हैं। भारत की बर्मिंघम में आखिरी जीत 2014 में अंग्रेज टीम के खिलाफ आई थी। इस मैदान पर इंग्लैंड की भी यह आखिरी हार थी। उसके बाद से यहां इंग्लैंड लगातार सात वनडे मैच जीता था। अब फिर से भारत ने इंग्लैंड को यहां हराया है। भारतीय टीम से विदा होना चाहता है गंभीर का साथी, बीसीसीआई को दे चुका है जानकारी भारत ने 2014 से 2026 के बीच यहां एक भी मैच नहीं जीता था।

## शुभमन गिल बीच मैच गए मैदान से बाहर

### 80 रन बनाकर हुए रिटायर्ड हर्ट

नई दिल्ली। भारतीय कप्तान शुभमन गिल इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे। 48 रन पर दो विकेट के बाद उन्होंने उपकप्तान श्रेयस अय्यर के साथ पारी को संभाला और शतकीय साझेदारी पूरी की।

75 गेंद पर गिल 80 रन बना चुके थे लेकिन अचानक उन्हें मैच के बीच ही मैदान से बाहर रिटायर्ड हर्ट होकर जाना पड़ा। उनके वापस लौटने से भारत को बड़ा झटका लगा। मैच के पहले ओवर से बेहतरीन लय में नजर आ रहे कप्तान शुभमन गिल का रिटायर्ड हर्ट होकर वापस लौटना टीम इंडिया के लिए बड़ा झटका साबित हो सकता है।



### शुभमन गिल को क्या हुआ?

शुभमन गिल पिछले 2,3 ओवर से लगातार लंगड़ाते दिख रहे थे। उन्होंने एक स्वीप शॉट लगाने का प्रयास किया था, जिसके बाद उन्हें खिंचाव महसूस हुआ। वह दिक्कत में भी दिखे और फिर फिजियो मैदान पर आए। काफी देर इलाज के बाद फैसला लिया गया कि वह बल्लेबाजी नहीं कर पाएंगे। इसके बाद वह रिटायर्ड हर्ट होकर पवेलियन लौटे। वह वापस बल्लेबाजी करने उतर पाएंगे या नहीं इस पर नए अपडेट का इंतजार है।



## रोहित-विराट दोनों फ्लॉप

# पहले वनडे में 'RoKo' फैंस निराश

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के खिलाफ पहले वनडे में भारतीय दिग्गज रोहित शर्मा और विराट कोहली दोनों खास कमाल नहीं कर पाए। रोहित 21 गेंद पर 11 और विराट 6 गेंद पर 5 रन बनाकर पवेलियन लौटे। लिहाजा इंग्लैंड दौरे पर वनडे सीरीज के पहले मैच में रोको फैंस को निराश लौटना पड़ा। इतना ही नहीं कुछ ऐसे आंकड़े और कमजोरियां भी दोनों खिलाड़ियों की सामने आई जिससे टीम इंडिया की टेंशन भी बढ़ गई।




रोहित शर्मा का वनडे वर्ल्ड कप 2023 से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 तक पहले 10 ओवर में स्ट्राइक रेट 122.56 और औसत 67.41 का था। मगर अक्टूबर 2025 से अब तक रोहित का स्ट्राइक रेट पहले 10 ओवर में गिरकर 86.12 का हो गया है और औसत भी कम होकर 44.50 हो गया है। दूसरी ओर विराट कोहली की बात करें तो लंबे समय बाद वह भारत के लिए इंटरनेशनल क्रिकेट खेलने उतरे। अफगानिस्तान सीरीज में वह टीम का हिस्सा नहीं थे और इंजरी के कारण बाहर थे।

### टीम इंडिया के लिए क्यों बढ़ी चिंता?

इंग्लैंड दौरे पर विराट कोहली का भी आगाज अच्छा नहीं रहा। वह जोफ्रा आर्चर की गेंद पर पगबाधा आउट हुए। जनवरी 2023 से अब तक यह चौथा मौका था जब पेस बॉलर के खिलाफ विराट पगबाधा आउट हुए। जबकि उससे पहले 10 साल में वह सिर्फ एक बार ही तेज गेंदबाज के सामने इस तरह आउट हुए थे। यह रोहित और विराट के आंकड़े अगले साल होने वाले वर्ल्ड कप 2027 की तैयारियों के लिहाज से टीम इंडिया की टेंशन बढ़ा सकते हैं।

# केएल राहुल का शानदार कैच

### बल्लेबाज भी हुआ हैरान



**नई दिल्ली।** भारत और इंग्लैंड के बीच बर्मिंघम में खेले जा रहे वनडे सीरीज के पहले मुकाबले में भारतीय गेंदबाजों ने जलवा बिखेरा है। इस मुकाबले में 968 दिन बाद वनडे क्रिकेट में लौटे जसप्रीत बुमराह ने अंग्रेज बल्लेबाजों की नाक में दम किया और एक विकेट लेते ही दो रिकॉर्ड अपने नाम किए। इसके बाद 706 दिन के इंतजार के बाद भारत की वनडे टीम में लौटे ऑलराउंडर शिवम दुबे ने भी कमाल की गेंदबाजी की और केएल राहुल के शानदार कैच की बदौलत उन्हें विकेट भी मिला। शिवम दुबे ने अपने पहले 5 ओवर के स्पेल में 21 रन दिए और एक विकेट लिया। उन्होंने खतरनाक दिख रहे विल जैक्स को पवेलियन भेजा। केएल राहुल ने विकेट के पीछे अपनी दाईं ओर डाइव लगाते हुए बेहतरीन कैच लपका। जैक्स 19 गेंद पर 20 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

## संक्षिप्त समाचार

### जज विनय सिंघल के खिलाफ शुरू होगी अनुशासनात्मक कार्रवाई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली हायर ज्यूडिशियल सर्विस (डीएचजेएस) के न्यायिक अधिकारी विनय सिंघल को अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू होने तक तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल अरुण भारद्वाज द्वारा 10 जुलाई को जारी आदेश में कहा गया है कि विनय सिंघल के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने पर विचार किया जा रहा है। ऐसे में हाई कोर्ट ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का निर्देश दिया। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि निलंबन की अवधि के दौरान व तीस हजारी कोर्ट में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश (मुख्यालय) में संबंद्ध रहेंगे। आदेश में यह भी कहा गया कि सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति लिए बिना वह दिल्ली से बाहर नहीं जा सकेंगें।

### वंदे भारत बनी पहली पसंद, यात्रियों की संख्या में 83% की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली।** रेल यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। यही कारण है कि अधिकांश रूट की ट्रेनों में कन्फर्म टिकट मिलने में परेशानी होती है। मेल एक्सप्रेस के साथ ही वंदे भारत जैसी प्रीमियम ट्रेनों जिनमें अधिक किराया लगता है में यात्रियों की संख्या बढ़ रही है। अप्रैल-जून 2026 के दौरान उत्तर रेलवे से चलने वाली वंदे भारत ट्रेनों में 1,47,462 यात्रियों ने यात्रा की, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह संख्या 80,394 थी। इस प्रकार यात्री संख्या में 83 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। वंदे भारत ट्रेनों से प्राप्त आय 7.67 करोड़ रुपये से बढ़कर 13.21 करोड़ हो गई, जो 72 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। इस अवधि प्रारंभिक यात्रियों की संख्या यानी ट्रेन जहां से शुरू होती है वहां से यात्रा करने वालों की संख्या 11.43 करोड़ से बढ़कर 12.07 करोड़ हो गई, जो 5.6 प्रतिशत की वृद्धि है। वहीं, प्रारंभिक यात्री आय 3,083.42 करोड़ से बढ़कर 3,567.59 करोड़ हो गई, जो 15.7 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाती है। उत्तर रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय का कहना है कि इन उपलब्धियों के पीछे केंद्रित परिचालन रणनीति, संसाधनों का बेहतर उपयोग, सतत निगरानी, प्रभावी टिकट जांच व्यवस्था, क्षेत्रीय स्तर पर सुदृढ़ पर्यवेक्षण तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सामूहिक प्रतिबद्धता की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उत्तर रेलवे भविष्य में भी यात्रियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने, परिचालन उत्कृष्टता बनाए रखने तथा रेलवे के राजस्व में सतत वृद्धि सुनिश्चित करने के लिए इसी समर्पण के साथ कार्य करता रहेगा।

### दिल्ली पुलिस के 'ऑपरेशन विश्वास' से खिले चेहरे


**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य जिला पुलिस ने जन सुनवाई के दौरान नागरिकों की शिकायतों का मौके पर निस्तारण करने के साथ ही आपरेशन विश्वास के तहत 30 से अधिक खोए हुए मोबाइल फोन उनके असली मालिकों को सौंपे। शनिवार को जिले के सभी थानों में आयोजित जन सुनवाई में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने लोगों की शिकायतें सीधे सुनीं और उनके त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उपायुक्त रोहित राजबीर सिंह के मुताबिक, पिछले 30 दिनों में सीईआइआर पोर्टल पर दर्ज खोए मोबाइल का तकनीकी विश्लेषण, लगातार फालोअप और फील्ड टीमों के समन्वित प्रयासों से पता लगाकर बरामद किया गया। सत्यापन और कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद मोबाइल उनके वास्तविक मालिकों को लौटा दिए गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि आपरेशन विश्वास तकनीक आधारित प्रभावी पुलिसिंग का उदाहरण है, जिसका उद्देश्य नागरिकों की संपत्ति की सुरक्षा और पुलिस पर जनता का भरोसा मजबूत करना है।

# मतदाता सत्यापन की दौड़ से सीएससी और इंटरनेट कैफे पर 100% तक बढ़ा काम, देर रात तक जुटे ऑपरेटर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली में एसआइआर की सरगर्मियां तेज हैं। हर आयु वर्ग मतदाता जरूरी दस्तावेज और औपचारिकताएं पूरी करने में जुटे हुए हैं। उसका सीधा असर दिल्ली के कामन सर्विस सेंटर्स (सीएससी) और गली- मोहल्लों में चलने वाले इंटरनेट कैफे पर नजर आ रहा है, जहां संचालकों तथा उसके कर्मियों पर काम का बोझ बढ़ गया है।

दिल्ली में 7,000 सीएससी सेंटर हैं। इसके साथ ही 10 हजार से अधिक कैफे संचालक है। जिनके यहां एसआइआर के चलते 100 प्रतिशत तक काम में वृद्धि हुई है।

दस्तावेजों को दुरुस्त करने और समय पर आवेदन करने के लिए दिल्ली के विभिन्न इलाकों में स्थित सीएससी और कैफे देर रात तक खुले रह रहे हैं। दिनभर काम- काज में व्यस्त रहने वाले लोग रात के समय इन सेंटर्स का रुख कर रहे हैं। आपरेटर भी बढ़ी हुई मांग को देखते हुए अतिरिक्त घंटों तक काम कर रहे हैं, जिसके लिए लोग निर्धारित शुल्क भी चुका रहे हैं। एक सीएससी के संचालक सत्येंद्र कुमार के अनुसार, लोग देर रात तक आ रहे हैं। उन्होंने अलग से तकनीक विशेषज्ञ रखे हैं। काम में 100 प्रतिशत



तक वृद्धि हो चुकी है। सीएससी सेंटरों में सबसे महत्वपूर्ण काम पहचान और पते के सत्यापन का है। लोग सीएससी सेंटर में पहुंच कर वोटर लिस्ट में अपना नाम खोजने, उसे डाउनलोड करने और प्रिंट निकलवाने का काम अधिक करवा रहे है।

इसके अलावा डिजिटल साक्षरता की कमी और तकनीकी दिक्कतों से बचने के लिए लोग खुद फार्म भरने के बजाय इन सेंटर्स के आपरेटरों पर भरोसा कर रहे हैं। डिजिटल इंडिया के इस दौर में एसआइआर की इस दौड़ ने स्थानीय स्तर पर सीएससी और छोटे कैफे संचालकों का काम बढ़ा दिया है।

98 प्रतिशत से अधिक मतदाताओं को बंटा फार्म वैसे, एसआइआर में भौतिक सत्यापन का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। चुनाव कार्यालय द्वारा सोमवार को देर शाम तक दिल्ली के कुल मतदाताओं 1,45,10,298 में से 14,30,2626 मतदाताओं को एसआइआर संबंधित फार्म वितरित किए गए।

इस तरह अब तक कुल 98.57 प्रतिशत मतदाताओं को फार्म बांट दिए गए हैं। जिसमें से 17,66,553 यानि 12.17 प्रतिशत मतदाताओं का आनलाइन सत्यापन भी हो गया है।

## सिर्फ पद के आधार पर अस्पताल निदेशक पर नहीं चल सकता मुकदमा, व्यक्तिगत भूमिका के साक्ष्य जरूरी : कोर्ट

**नईदिल्ली, एजेंसी।** कड़कड़डूमा कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में कहा है कि किसी अस्पताल के निदेशक को केवल उसके पद के आधार पर आपराधिक मुकदमे का सामना करने के लिए बाध्य नहीं किया जा सकता। अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी निदेशक के खिलाफ आपराधिक दायित्व तय करने के लिए उसकी व्यक्तिगत भूमिका और उसके खिलाफ ठोस साक्ष्य होना अनिवार्य है। मामला पूर्वी दिल्ली स्थित तनेजा अस्पताल में भर्ती अल्लाह रखी नामक महिला की मौत से जुड़ा है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि महिला को जबरन अस्पताल में भर्ती किया गया और पूर्व नियोजित साजिश के तहत ऐसा इंजेक्शन लगाया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। शिकायत में अस्पताल प्रबंधन पर उपचार संबंधी रिकॉर्ड से छेड़छाड़ करने और बिना वैध सहमति के इलाज करने के आरोप भी लगाए गए थे। इसी मामले में ट्रायल कोर्ट ने मार्च 2025 में अस्पताल से जुड़े दो कॉरपोरेट निदेशकों को गैर इरादतन हत्या और आपराधिक साजिश के आरोपों में तलब किया था। इसके खिलाफ दोनों निदेशकों ने कड़कड़डूमा कोर्ट में पुनरीक्षण याचिका दायर की। शिकायत, पुलिस जांच और उपलब्ध दस्तावेजों में ऐसा कोई ठोस साक्ष्य नहीं है, जिससे यह प्रथम दृष्टया साबित हो कि दोनों निदेशकों की मरीज के इलाज, चिकित्सकीय निर्णय या कथित लापरवाही में कोई प्रत्यक्ष और व्यक्तिगत भूमिका थी।

गांधी की लाठी से सेंगोल तक...

## पीएम संग्रहालय की 'वॉकिंग विद लेगेसी' प्रदर्शनी में सजी विरासत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ये महज लकड़ी की छड़िया नहीं है जनाब... बल्कि विरासत और हस्तशिल्प की उत्कृष्ट गाथा है। यह अद्भुत और विशिष्ट लकड़ी के डंडे इतिहास बदलने वालों के हाथ में सुशोभित रहे। उनके सफर का सहारा रहे तो उनके व्यक्तित्व की मुकम्मल पहचान भी बने। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की लाठी से लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन अवसर पर थामे गए सेंगोल तक, एक ऐसी विरासत, जो सादगी के साथ भव्यता तथा उत्कृष्ट व दुर्लभ कारीगरी की अद्भुत यात्रा कराती है। चाणक्यपुरी स्थितप्रधानमंत्री संग्रहालय के ब्लाक-एक स्थित परिचय गैलरी में इन दिनों विशेष प्रदर्शनी ' 'वाकिंग विद लेगेसी' ' (विरासत के साथ कदम) की शुरुआत हुई है, जो आम दर्शकों के लिए 24 जुलाई तक खुली रहेगी। प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय (पीएमएमएल) की कार्यकारी परिषद के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मंगलवार को प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस अवसर पर संग्रहालय की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) डा. प्रियंका मिश्रा भी मौजूद रहीं। इस प्रदर्शनी में संग्रहालय के तोशाखाने से चुनी गई ऐतिहासिक 31 छड़ियों और बैटन को प्रदर्शित किया गया है, जो पहचान और शासन का प्रतीक है। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू द्वारा समय-समय पर इस्तेमाल की गई थी या उन्हें उपहार स्वरूप भेंट किया गया था। उसमें स्वतंत्रता की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त 1947 को ब्रिटिश शासन से भारतीयों को सत्ता के हस्तांतरण के प्रतीक के रूप में उन्हें सौंपा गया था। दक्षिण भारत के चोल साम्राज्य से जुड़ी हुई यह समृद्ध परंपरा नेहरू से लेकर मौजूदा प्रधानमंत्री तक आया और उसे उन्होंने नए संसद भवन के उद्घाटन अवसर पर थामा। इसी तरह, आरक्षित संग्रह से संविधान निर्माता भीम राव आंबेडकर, पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हा राव जैसे पूर्व प्रधानमंत्रियों व राजनेताओं के हाथ की शोभा रही छड़ियों को प्रदर्शित किया गया है।

अंकित शर्मा हत्याकांड: अदालत के लिए आसान नहीं था फैसला

# सबूतों की पड़ताल को घटनास्थल तक पहुंची थी कोर्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगे के दौरान आइबी कर्मी अंकित शर्मा हत्याकांड में गवाहों और सुबूतों के बीच उलझी गुत्थी को सुलझाना अदालत के लिए आसान नहीं था। वकीलों की जिरह के बीच पेच फंसा तो न्याय की कसौटी पर सुबूतों और गवाहों को कसने के लिए अदालत ने खुद उस स्थान पर पहुंची, जहां आइबी कर्मी की हत्या की गई थी। यहां अदालत के सामने ही दोनों पक्षों की मौजूदगी में सीन-रीक्रिएशन किया गया, ताकि बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष के दावों की हकीकत को धरातल पर जांचा जा सके। कानून के जानकारों की मानें तो न्याय प्रक्रिया के इतिहास में शायद यह पहली घटना है, जिसमें सुबूतों और गवाहों की सच्चाई जानने के लिए कोर्ट खुद घटनास्थल पर पहुंची।

विशेष लोक अभियोजक मधुकर पांडेय ने विशेष बातचीत में बताया कि केस की सुनवाई के दौरान कई मोड़ आए। पहला मोड़ तब आया जब अंकित के पिता रविंदर शर्मा ने कोर्ट में कहा कि एफआइआर पर किए गए हस्ताक्षर उनके नहीं हैं।

वह हिंदी में हस्ताक्षर करते हैं, जबकि एफआइआर में अंग्रेजी में हस्ताक्षर हैं। अंकित के पिता के बयान को बचाव पक्ष ने उनके खिलाफ ही प्रयोग किया। हालांकि, उन्हें इसका ज्यादा लाभ नहीं मिला।

उन्होंने बताया कि अदालत के सामने असमंजस की स्थिति तब पैदा हुई, जब गवाही के दौरान बचाव पक्ष ने संदेह पैदा करने का काम किया। बचाव पक्ष ने कहा कि चांदबाग पुलिया सड़क से काफी ऊंची है, ऐसे में गवाह जहां खड़े थे। वहां से ताहिर व अन्य आरोपितों को देख ही नहीं सकते।

अब आधुनिक तकनीक के साथ नए युग में प्रवेश कर रही है

# आचार्य सुश्रुत से रोबोटिक सर्जरी तक: आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सा का नया अध्याय, दुनिया में बढ़ी भारत की पहचान



**नई दिल्ली, एजेंसी।** विश्व में शल्य चिकित्सा के जनक माने जाने वाले आचार्य सुश्रुत की 2,500 वर्ष पुरानी विरासत अब आधुनिक तकनीक के साथ नए युग में प्रवेश कर रही है। आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सा अब केवल पारंपरिक शस्त्रकर्म तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि रोबोटिक, लैप्रोस्कोपिक, माइक्रोवैस्कुलर और रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी जैसी अत्याधुनिक तकनीकों के समावेश से उपचार की नई दिशा तय कर रही है।

प्राचीन आयुर्वेदिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान का यह संगम न केवल मरीजों के लिए अधिक सटीक, सुरक्षित और समग्र उपचार का मार्ग खोल रहा है, बल्कि वैश्विक स्तर पर भारतीय आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सा की स्वीकार्यता को भी तेजी से बढ़ा रहा है।

आचार्य सुश्रुत ने सुश्रुत संहिता में अष्टविध शस्त्रकर्म, व्रण प्रबंधन, अग्निकर्म, क्षारकर्म, रक्तमोक्षण और मर्म चिकित्सा का विस्तृत वैज्ञानिक वर्णन किया था। नाक के पुनर्निर्माण (राइनोप्लास्टी) की उनकी तकनीक को आधुनिक प्लास्टिक सर्जरी की आधारशिला माना जाता है।

यही कारण है कि विश्व चिकित्सा जगत आज भी आचार्य सुश्रुत को शल्य चिकित्सा का जनक स्वीकार करता है। इन्हीं सिद्धांतों को आधुनिक सर्जिकल तकनीकों के साथ जोड़कर आयुर्वेदिक शल्य चिकित्सा को नए स्वरूप में विकसित किया जा रहा है। इस एकीकृत माडल के तहत डायबिटिक अल्सर और जटिल घावों के उपचार में आयुर्वेदिक व्रण चिकित्सा के साथ आधुनिक ड्रेसिंग तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।

### इलाज की गुणवत्ता में होगा सुधार

फिस्टुला और बवासीर जैसी बीमारियों में क्षारसूत्र पद्धति के बेहतर परिणाम पहले से स्थापित हैं। अग्निकर्म और मर्म चिकित्सा को पुराने दर्द एवं मांसपेशियों से जुड़ी समस्याओं में आधुनिक उपचार के साथ अपनाया जा रहा है।

रिकंस्ट्रक्टिव सर्जरी में सुश्रुत की फ्लैप तकनीकों को आधुनिक माइक्रोसर्जरी से जोड़ा जा रहा है, जबकि लैप्रोस्कोपिक और रोबोटिक तकनीकों के साथ आयुर्वेदिक प्री एवं पोस्ट-आपरेटिव देखभाल के समन्वय पर भी तेजी से काम हो रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि इससे मरीजों की रिकवरी बेहतर होने और उपचार की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार की संभावना है।

### राष्ट्रपति आज करेंगी 'सौश्रुतम्-2026' का शुभारंभ

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआइआइए) में 15 से 17 जुलाई तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी 'सौश्रुतम्-2026' का शुभारंभ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु करेंगी। सम्मेलन में आयुष राज्य मंत्री प्रतापराव जाधव, दिल्ली के उपराज्यपाल, भारत सहित थाईलैंड, इजराइल, ब्रिटेन, श्रीलंका समेत कई देशों के शल्य विशेषज्ञ भाग लेंगे। इसमें रोबोटिक सर्जरी का लाइव प्रदर्शन, वैज्ञानिक सत्र, शोध पत्र प्रस्तुतियां और पैनल चर्चाएं होंगी।

# ईरान बातचीत करे नहीं तो कुछ नहीं छोड़ेंगे', ट्रंप की धमकी- जल्द पावर प्लांट और पुलों पर करेंगे हमले

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को चेतावनी दी कि अगर ईरान बातचीत की मेज पर वापस नहीं लौटा तो अमेरिका अगले हफ्ते से ईरान के बिजली संयंत्रों और पुलों को निशाना बनाएगा। ट्रंप ने यह भी कहा कि अगर तेहरान, वॉशिंगटन के साथ समझौता करने में विफल रहता है तो उसके पास कुछ नहीं बचेगा। फॉक्स न्यूज को दिए एक इंटरव्यू में ट्रंप ने दावा किया कि अगर वार्ता दोबारा शुरू नहीं होती है तो अमेरिका आने वाले दिनों में ईरान के खिलाफ अपने सैन्य अभियान को और तेज करेगा।

ट्रंप ने कहा, 'हम कल रात उन्हें बहुत जोरदार तरीके से निशाना बनाएंगे। उसके अगले दिन भी कड़ा हमला करेंगे और फिर अगले हफ्ते उनके लिए हालात और खराब हो जाएंगे। अगले हफ्ते बिजली संयंत्रों की बारी आएगी। अगर वे बातचीत की मेज पर आकर बातचीत नहीं करते तो अगले हफ्ते पुलों की बारी आएगी। हम उनके सभी बिजली संयंत्रों और पुलों को तबाह कर देंगे।'

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय आया है जब पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ा हुआ है और दोनों देश एक दूसरे के ठिकानों पर हमले कर रहे हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी और ईरानी प्रतिनिधियों के बीच संपर्क बना हुआ है। हालांकि, ट्रंप प्रशासन का कहना है कि जब



तक ईरान होर्मुज जलडमरूमध्य पर समुद्री यातायात पर प्रतिबंध जारी रखेगा, तब तक बातचीत आगे नहीं बढ़ सकती।

ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान कब तक जारी रहेगा? इस सवाल पर ट्रंप ने कहा कि हमले तब तक जारी रहेंगे, जब तक वह उन्हें रोकने का फैसला नहीं करते। अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान में जमीनी सेना भेजने की संभावना से भी पूरी तरह इनकार नहीं किया। हालांकि, उन्होंने संकेत दिया कि वह अन्य विकल्पों को प्राथमिकता देना चाहते हैं। ट्रंप ने कहा, 'कभी-कभी जमीनी अभियान की जरूरत पड़ती है, लेकिन हमारे पास ऐसे लोग हैं जो हमारी ओर से जमीनी अभियान चलाएंगे।' ट्रंप ने तेहरान पर समझौते का दबाव बढ़ाते हुए कहा कि यदि ईरान ने समझौता नहीं किया तो उसे गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। उन्होंने कहा, 'बेहतर होगा कि आप समझौता कर लें। नहीं तो आपके पास कोई नहीं बचेगा।'

ट्रंप ने ये भी कहा कि अमेरिका नागरिकों के हताहत होने की आशंका को कम करने के लिए ज्यादा सावधानी बरत रहा है। उन्होंने कहा, 'हम नागरिक आबादी को लेकर बेहद सावधानी बरत रहे हैं। लेकिन मैंने कहा है कि बेहतर होगा आप (ईरान) समझौता कर लें। नहीं तो आपके पास कुछ भी नहीं बचेगा।'

बड़ी संख्या में भारतीय थाइलैंड घूमने के लिए जाते हैं

# थाइलैंड में भारतीयों के लिए बिना वीजा के एंट्री जारी, लेकिन एक शर्त

**बैंकाक, एजेंसी।** थाइलैंड में भारतीय पासपोर्ट धारकों को बिना वीजा एंट्री मिलती रहेगी। हालांकि इसमें एक बदलाव भी किया गया है। बिना वीजा के भारतीय थाइलैंड में अधिकतम 30 दिन तक ही रुक पाएंगे। यह वजह, थाई सरकार ने एक खास वजह से लिया है। असल में भारतीयों के वीजा-फ्री एंट्री पर रोक लगाने संबंधी प्रस्ताव के बाद से भारतीय पर्यटकों की संख्या में काफी ज्यादा गिरावट आई थी। बता दें कि थाइलैंड के लिए भारत एक बड़ा मार्केट है। बड़ी संख्या में भारतीय थाइलैंड घूमने के लिए जाते हैं। थाइलैंड कैबिनेट ने मंगलवार को अपनी साप्ताहिक बैठक में भारतीय यात्रियों के लिए 30 दिन की वीजा-फ्री एंट्री को मंजूरी दे दी। पर्यटन मंत्री सुरसक पंचरोएनवोराकुल ने कहाकि इस कदम का उद्देश्य भारतीय पर्यटकों के लिए चीजों को आसान करना है। इससे देश के पर्यटन उद्योग को भी सपोर्ट मिलेगा। उन्होंने कहाकि इसलिए कैबिनेट ने भारतीय पर्यटकों के लिहाज से 30 दिन की वीजा-फ्री एंट्री को मंजूरी दी। यह थाइलैंड के लिए एक बड़ा बाजार हैं। साथ ही पर्यटन मंत्री ने यह भी कहाकि अगर भविष्य में इस कदम से कोई समस्या आती है, तो सरकार इसकी समीक्षा कर सकती है। भारतीय यात्रियों को फिलहाल बिना वीजा के थाइलैंड में 60 दिनों तक रहने की अनुमति है। लेकिन



मई में थाई कैबिनेट द्वारा वीजा-मुक्त देशों की सूची को 93 से घटाकर 54 करने और 30 दिन की अवधि तय करने के प्रस्ताव को मंजूरी देने के बाद यह पॉलिसी खत्म होने वाली थी। हालांकि, यह प्रस्ताव अभी तक लागू नहीं हुआ है। पर्यटन मंत्री के अनुसार, इस घोषणा ने भारतीय यात्रियों के बीच भ्रम पैदा कर दिया और यहां से थाइलैंड आने वालों की संख्या काफी कम हो गई। भारत इस साल चीन और मलेशिया के बाद थाईलैंड के लिए तीसरा सबसे बड़ा टूरिस्ट सोर्स है।

भारत के साथ-साथ, थाइलैंड ने क्रोएशिया, बुल्गारिया, साइप्रस, माल्टा और मालदीव के यात्रियों के लिए भी 30-दिन की वीजा-फ्री एंट्री को मंजूरी दी है। यह जानकारी डिप्टी सरकारी प्रवक्ता प्लॉयटाले लक्समीसांगचन ने दी। इस नए फैसले के बाद 30-दिन की वीजा-फ्री एंट्री के लिए योग्य देशों की संख्या बढ़कर 60 हो गई है। इसमें सभी 27 यूरोपीय संघ के सदस्य देश भी शामिल हैं। प्लॉयटाले ने कहा कि अपडेट की गई नीति थाई पासपोर्ट धारकों के लिए शेंगेन वीजा छूट हासिल करने के थाई प्रयासों को भी समर्थन दे सकती है। वीजा नीति में बदलाव ऐसे समय में आ रहे हैं जब प्रधानमंत्री अनुतिन चर्णविराकुल की सरकार उन विदेशी देशों पर कड़ी निगरानी रखना चाहती है जिन पर थाइलैंड के वीजा-फ्री सिस्टम का गलत तरीके से इस्तेमाल करके गैरकानूनी गतिविधियां करने का आरोप है।

# जिला योजना क्रियान्वयन समिति की बैठक में योजनाओं की समीक्षा

## कई प्रस्तावों को मिली स्वीकृति





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बुधवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त अजय नाथ झा की अध्यक्षता में जिला योजना क्रियान्वयन समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिला अनाबद्ध निधि से प्राप्त आवंटन तथा प्रस्तावित योजनाओं की समीक्षा की गई। इस क्रम में उपायुक्त ने वित्तीय वर्ष 25-26 के तहत लिए गए योजनाओं की प्रगति का भी समीक्षा किया गया। बैठक के दौरान एनआरईपी, स्पेशल डिवीजन, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, तेनुघाट, चास तथा लघु सिंचाई (माइनर इरिगेशन) सहित अन्य एजेंसियों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तथा सभी कार्यों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा करने का निर्देश दिया।

### अनाबद्ध निधि के व्यय का तय हुआ स्वरूप

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्राप्त आवंटन का 15 प्रतिशत पेयजल, 15 प्रतिशत शिक्षा, 30 प्रतिशत बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर, 15 प्रतिशत सिंचाई, 15 प्रतिशत आजीविका एवं स्वास्थ्य तथा 10 प्रतिशत आकस्मिक मद पर व्यय किया जाएगा।

### निर्माण के साथ रखरखाव पर भी रहेगा विशेष ध्यान

उपायुक्त ने कहा कि जिला अनाबद्ध निधि से ली जाने वाली सभी योजनाओं में निर्माण कार्य के साथ-साथ उनके रखरखाव (मेंटेनेंस) का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने निर्देश दिया कि संबंधित कार्यान्वयन एजेंसियां अपने प्राक्कलन में निर्माण कार्य के साथ तीन से पांच वर्षों तक के रख रखाव का प्रावधान भी शामिल करें, ताकि निर्मित परिसंपत्तियों की गुणवत्ता एवं उपयोगिता लंबे समय तक बनी रहे।

### नियमित समीक्षा बैठक आयोजित करने का निर्देश

उपायुक्त ने जिला योजना पदाधिकारी को निर्देश दिया कि जिला अनाबद्ध निधि से संचालित योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पखवाड़े अद्यतन प्रगति प्रतिवेदन के साथ उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में तथा प्रत्येक माह उनके अध्यक्षता में योजनाओं की समीक्षा बैठक सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विभिन्न विभागों से प्राप्त कई योजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक नाथू सिंह मीणा, उप विकास आयुक्त शताब्दी मजुमदार, प्रशिक्षु आईएएस अरविंद राधाकृष्णन, जिला योजना पदाधिकारी राज शर्मा, सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. एन.पी. सिंह, डीपीआरओ रवि कुमार, सीएसआर नोडल पदाधिकारी शक्ति कुमार, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार सिंह सहित संबंधित एजेंसियों के कार्यपालक अभियंता आदि उपस्थित थे।

# बोकारो स्टील सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना (2026-27) का नवीनीकरण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो स्टील सामूहिक दुर्घटना बीमा समिति द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए 'बोकारो स्टील सामूहिक दुर्घटना बीमा योजना' से सम्बंधित सर्कुलर जारी कर दिया गया है. बोकारो स्टील सामूहीक दुर्घटना बीमा वर्ष 2026-27 के बीमा व्याप्ति के लिए निविदा प्रक्रिया अपनाई गयी थी जिसमें बजाज जेनरल इंश्योरेंस लिमिटेड का दर सबसे कम होने पर इसके साथ बीमा पॉलिसी के लिए करार किया गया है.

वार्षिक बीमा प्रीमियम प्रति व्यक्ति प्रति लाख रुपए के लिए 56.64 /- (छप्पन रुपए चौंसठ पैसे) मात्र सभी कर सहित है। बोकारो इस्पात संयंत्र सहित माइंस एवं कोलयरीज में कार्यरत ऑन रॉल सभी कर्मचारी (अधिशासी एवं अनाधिशासी) इस योजना का लाभ ले सकते हैं. इस वर्ष बीमा कवरेज के लिए कर्मचारी के साथझ्झ साथ उनके पत्नी / पति भी पात्र हैं. बीमा अवधि के बीच कम्पनी में नियुक्त नये कर्मचारियों एवं अन्य इस्पात संयंत्र से स्थानान्तरित कर्मचारियों से यथानुपात प्रीमियम राशि की कटौती के बाद वे सामूहिक दुर्घटना बीमा की सदस्यता के पात्र होंगे. जिन कर्मचारियों द्वारा गत वर्षो/अवधियों में इस योजना से ऑप्ट आउट का आवेदन दिया गया था, वह आवेदन इस वर्ष के योजना के लिये मान्य नहीं होगा. यदि कोई कर्मचारी/सदस्य इस योजना का लाभ नहीं लेना चाहते हैं, तो 31 जुलाई 2026 तक ऑप्ट-आउट का आवेदन समिति द्वारा जारी सर्कुलर के अनुसार कर सकते हैं. अगर किसी कर्मचारी/ सदस्य का दुर्घटना से स्थाई पूर्ण अपंगता होती है, तो दुर्घटना की सूचना दुर्घटना उपरांत बीजीएच, सरकारी अस्पताल या अधिकृत अस्पताल द्वारा चिकित्सा अशक्तता प्रमाण पत्र प्राप्त होने के 25 दिनों के अंदर तथा किसी कर्मचारी की दुर्घटना से मृत्यु होने के 25 दिनों के अंदर समिति के सचिव को लिखित रूप में विभागीय अधिकारी द्वारा अग्रसारित करवाने के पश्चात विभागीय डाक या ईमेल द्वारा दिया जा सकता है. योजना की अवधि 13 सितम्बर 2026 से 12 सितम्बर 2027 तक रहेगी तथा प्रीमियम की कटौती अगस्त 2026 माह के वेतन से की जाएगी. बीमाकृत राशि कर्मचारी के लिए रुपए 25,00,000/- (पच्चीस लाख रुपए मात्र) है जबकि कर्मचारी के पति अथवा पत्नी के लिए बीमाकृत राशि रुपए 5,00,000/- (पाँच लाख रुपए मात्र है)। इसके अलावा अन्य सुविधाओं में रुपए 5,000/- (एम्बुलेंस खर्च) एवं रुपए 20,000/- (फ्यूनरल खर्च) भी शामिल है. ऑप्ट इन ऑप्शन पति/पत्नी के लिये तथा ऑप्ट-आउट आवेदन, दोनों की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2026 है. इस बीमा योजना में ऑप्ट-आउट करने के लिये नये आवेदन एचसीएम के द्वारा ही मान्य होंगे.

## संक्षिप्त समाचार

### बीएकेएस की बैठक में कर्मियों की समस्याओं पर चर्चा

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ की एसएमएस न्यू शाखा की बैठक बुधवार को कैंटीन रेस्ट रुम में आयोजित की गई। उपस्थित सदस्यों ने आरोप लगाया कि सेल बीएसएल प्रबंधन तो समस्याओं पर मौन धारण किए हुए है। दूसरी तरफ एसएमएस न्यू विभाग,जो कि प्रत्येक माह उत्पादन के कीर्तिमान पर कीर्तिमान रच रहा है, बावजूद इसके प्रबंधन कर्मियों की समस्याओं की अनदेखी कर रहा है। बैठक अध्यक्ष दिलीप कुमार, महासचिव हरिओम , कोषाध्यक्ष राहुल प्रसाद साव , उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार,विभागिय प्रतिनिधि अजय कुमार ने सभी सदस्यों को संबोधित किया।

### पंचायतों के विकास को लेकर जैनामोड़ में बैठक आयोजित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 'बोकारो एक्शन प्लान' के अंतर्गत चयनित पंचायतों को आदर्श, समावेशी एवं सतत विकास आधारित पंचायत के रूप में विकसित करने के उद्देश्य से स्वयंबर होटल, जैनामोड़ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रदान संस्था की पीयूषमयी ने ग्राम पंचायत विकास योजना एवं पी ए आई 2.0 के उद्देश्यों, पंचायतों की भूमिका तथा स्थानीय आवश्यकताओं के अनुरूप विकास योजनाओं के निर्माण पर विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बताया कि



पंचायतों के समन्वित प्रयास, जनभागीदारी एवं प्रभावी योजना निर्माण से ही सतत एवं समावेशी विकास के लक्ष्य प्राप्त किए जा सकते हैं। सूरज सेन ने राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी देते हुए झारखंड मिलेट मिशन, किसान समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री कुसुम योजना, पर ड्रॉप मोर क्रॉप , राज्य उद्यान विकास योजना तथा मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना सहित अन्य योजनाओं के उद्देश्य, पात्रता एवं लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने में पंचायतों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा पंचायतों के माध्यम से अधिक से अधिक पात्र लाभुकों को इन योजनाओं से जोड़ा जाना चाहिए। मौके पर मुखिया सरिता देवी, बबीता देवी, उर्मिला देवी, इंद्रा देवी, विजय कुमार जायसवाल, मंटू राम मरांडी, उपमुखिया मंजू देवी, पंचायत समिति सदस्य दिलीप कुमार महतो, सनातन महतो, वार्ड सदस्य चमेली देवी, एन.एस.के. सुनीता देवी, गायत्री देवी, प्रकाश कुमार महतो, सूरज सेन, जया, सुप्रतीक, पुष्पा देवी, संगीता देवी, रेखा देवी, अनिल हेम्ब्रम सहित अन्य पंचायत प्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### विशेष अभियान के तहत 62 दिव्यांग बच्चों का विद्यालय में कराया गया नामांकन : उपायुक्त

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त (डीसी) अजय नाथ झा की अध्यक्षता में समग्र शिक्षा के अंतर्गत डाहर पोर्टल के माध्यम से विद्यालय से बाहर चिन्हित दिव्यांग बच्चों को विद्यालय की मुख्यधारा से जोड़ने को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला शिक्षा



अधीक्षक अतुल कुमार चौबे ने बताया कि 21 से 24 जून तक चलाए गए विशेष नामांकन अभियान के दौरान 36 विद्यालय से बाहर चिन्हित दिव्यांग बच्चों का विभिन्न विद्यालयों में नामांकन कराया गया है। वहीं, 26 दिव्यांग बच्चों को पोर्टल के माध्यम से नामांकन किया गया। उपायुक्त ने अभियान की प्रगति की समीक्षा करते हुए शेष चिन्हित बच्चों का भी शीघ्र नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि विद्यालय के पारा शिक्षकों को अपने-अपने पोषक क्षेत्र के सभी विद्यालय से बाहर दिव्यांग बच्चों की अद्यतन सूची तैयार कर उनका नामांकन प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए। उन्होंने लॉगिन आईडी देखने लिए अधिकृत करने को कहा। पोर्टल की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। उपायुक्त ने विद्यालयवार परिणामों की समीक्षा करने, सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस की अद्यतन जानकारी उपलब्ध कराने तथा सीबीएसई एवं झारखंड बोर्ड परीक्षाओं के परिणामों का विश्लेषण कर कमजोर प्रदर्शन वाले विद्यालयों के लिए सुधारात्मक कार्ययोजना तैयार करने का निर्देश दिया।

# सांसद ढुलू महतो और विधायक अरूप चटर्जी आमने-सामने, निरसा में हुआ शक्ति प्रदर्शन





**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** धनबाद के भाजपा सांसद ढुलू महतो और निरसा विधायक अरूप चटर्जी के बीच सियासी टकराव अब खुलकर सड़क पर उतर आया है। एलिवेटेड फ्लाईओवर परियोजना को लेकर बुधवार को दोनों नेताओं ने निरसा में अलग-अलग आक्रोश मार्च निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया। महज एक किलोमीटर की दूरी पर हुए दोनों कार्यक्रमों में जमकर राजनीतिक बयानबाजी हुई और दोनों नेताओं ने एक-दूसरे पर गंभीर आरोप लगाए। एक ओर सीपीआई (एमएल) लिबरेशन के बैनर तले विधायक अरूप चटर्जी ने एलिवेटेड फ्लाईओवर का डीपीआर सार्वजनिक करने, निर्माण कार्य की निगरानी के लिए समिति बनाने, स्थानीय लोगों को रोजगार देने और कथित माफियाई एवं लूट संस्कृति के विरोध में आक्रोश मार्च निकाला। वहीं दूसरी ओर सांसद ढुलू महतो ने अपने भाई और बाघमारा विधायक शत्रुघ्न महतो के साथ विकास विरोधियों के खिलाफ विशाल पैदल मार्च और जनसभा आयोजित की। अरूप चटर्जी ने दावा किया कि उनकी रैली बिना किसी प्रचार और खर्च के हुई, जबकि भाजपा ने पिछले कई दिनों से करोड़ों रुपये खर्च कर भीड़ जुटाई। उन्होंने जिला प्रशासन पर एकतरफा कार्रवाई का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके कार्यक्रम को अनुमति नहीं दी गई, जबकि प्रशासन सांसद के पक्ष में काम कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे फ्लाईओवर के विरोधी नहीं हैं, बल्कि परियोजना में पारदर्शिता, गुणवत्ता की निगरानी और स्थानीय युवाओं को रोजगार की मांग कर रहे हैं। साथ ही उन्होंने 2029 के लोकसभा चुनाव में ढुलू महतो को हराने का लक्ष्य भी दोहराया। उधर सांसद ढुलू महतो ने पलटवार करते हुए कहा कि निरसा की जनता का आक्रोश यह साबित करता है कि विधायक विकास विरोधी हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अरूप चटर्जी और उनके पिता के कार्यकाल में क्षेत्र में कोई उद्योग स्थापित नहीं हुआ, बल्कि कई फैक्ट्रियां बंद हुईं। सांसद ने कहा कि जैसे ही उन्होंने विकास कार्य शुरू किए, विधायक उनका विरोध करने लगे। सांसद ने यह भी कहा कि एलिवेटेड फ्लाईओवर परियोजना का डीपीआर देना जिला प्रशासन का विषय है, न कि सांसद का। उन्होंने विधायक पर प्रशासन और मुख्यमंत्री को लेकर दिए गए कथित बयानों पर भी निशाना साधा और कहा कि बिना अनुमति कार्यक्रम करने के मामले में प्रशासन को कार्रवाई करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने 2029 के चुनाव में जनता द्वारा विधायक को जवाब देने का दावा भी किया। निरसा में एक ही दिन दो बड़े शक्ति प्रदर्शन ने यह साफ कर दिया है कि एलिवेटेड फ्लाईओवर का मुद्दा अब विकास से आगे बढ़कर राजनीतिक प्रतिष्ठा की लड़ाई बन चुका है। दोनों नेताओं के तीखे आरोप-प्रत्यारोप से आने वाले दिनों में धनबाद की राजनीति और अधिक गर्म होने के संकेत मिल रहे हैं। अब देखना होगा कि यह सियासी जंग विकास की दिशा तय करती है या फिर चुनावी संघर्ष का नया मैदान बनती है।

# झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति की बैठक संपन्न

## लंबित अनुकंपा नियुक्ति, पेंशन प्रकरण एवं जनहित योजनाओं की हुई विभागवार समीक्षा




**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो परिसदन के सभागार में बुधवार को झारखंड विधानसभा की सदाचार समिति की बैठक सभापति सह मनिका विधायक रामचंद्र सिंह एवं माननीय सदस्य सह सिंदरी विधायक चंद्रदेव महतो की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले में विभिन्न विभागों में लंबित अनुकंपा आधारित नियुक्ति, पेंशन प्रकरणों तथा जनहित से जुड़े अन्य महत्वपूर्ण मामलों की समीक्षा करना था।

### लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

बैठक में अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति से संबंधित लंबित मामलों की अद्यतन स्थिति, पेंशन प्रकरणों के निष्पादन, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति एवं लाभार्थियों तक उनकी प्रभावी पहुंच की विभागवार समीक्षा की गई। इस क्रम में स्थापना उप समाहर्ता ने वर्ष 2023 से 2026 तक अनुसंशित कुल 80 मामलों की जानकारी दी। कहा कि कोई भी लंबित मामला नहीं है। सभापति रामचंद्र सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने तथा विभागवार अद्यतन प्रतिवेदन अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों से जुड़े मामलों का समयबद्ध एवं पारदर्शी निष्पादन प्रशासन की प्राथमिकता होनी चाहिए। विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर बैठक के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकास योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों एवं प्रशासनिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। समिति सदस्यों ने विभागवार प्रगति की जानकारी प्राप्त करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, पारदर्शिता, जवाबदेही तथा समयबद्ध निष्पादन पर विशेष बल दिया।

### जिला स्तरीय पदाधिकारी रहे उपस्थित

बैठक में वन पदाधिकारी संदीप शिंदे, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय) पवन कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज, उप निर्वाचन पदाधिकारी सह प्रभारी जिला स्थापना पदाधिकारी प्रेमचंद सिन्हा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक अतुल कुमार चौबे, कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग (चास) राम प्रवेश राम, कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल अमृत, सदर अस्पताल बोकारो के उपाधीक्षक डॉ. एन.पी. सिंह सहित जिले के विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# सदर अस्पताल में व्याप्त कथित अव्यवस्था को लेकर आदमी पार्टी ने आवाज बुलंद की



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आम आदमी पार्टी, बोकारो जिला इकाई ने बुधवार को जिला संयोजक धर्मेंद्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त अजय नाथ झा एवं सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद को एक ज्ञापन सौंपा, जिसमें सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं की गंभीर अव्यवस्था तथा एक 10 वर्षीय बच्ची की कथित रूप से समय पर उपचार नहीं मिलने के बाद हुई दुखद मृत्यु के संबंध में जानकारी दी गई है। ज्ञापन के माध्यम से पार्टी ने जिला प्रशासन का ध्यान इस गंभीर घटना की ओर आकृष्ट करते हुए कई महत्वपूर्ण प्रश्न उठाए तथा दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई एवं स्वास्थ्य व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की। कहा गया है कि समय पर चिकित्सकीय उपचार क्यों नहीं मिला? चन्दनकियारी प्रखंड के बनगड़िया ग्राम की 10 वर्षीय बच्ची दस्त, उल्टी, पेट दर्द एवं डी-हाइड्रेशन की शिकायत लेकर परिजनों के साथ शाम को सदर अस्पताल पहुँची। आरोप है कि लंबे समय तक कोई चिकित्सक बच्ची को देखने नहीं आया, जिसके कारण पूरी रात परिजन परेशान रहे और उपचार के अभाव में बच्ची की मृत्यु हो गई। पार्टी ने पूछा कि इस लापरवाही का जिम्मेदार कौन है। घटना के बाद अस्पताल में भर्ती अन्य बच्चों के परिजन स्वास्थ्य व्यवस्था से भयभीत होकर अपने बच्चों को निजी अस्पतालों में ले जाने लगे। पार्टी का कहना है कि यह स्थिति जिले की सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था, विशेषकर बाल चिकित्सा सेवाओं, पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगाती है। कोरोना काल में बच्चों के विशेष उपचार हेतु सदर अस्पताल में 10 ऑक्सीजनयुक्त बेड एवं वेंटिलेटर सुविधा से युक्त पीआईसीयू वार्ड का निर्माण किया गया था। इसके बावजूद यह वार्ड अब तक पूर्ण रूप से संचालित नहीं हो सका है। पार्टी ने इसकी उपयोगिता, रखरखाव एवं संचालन में हो रही देरी की जांच की मांग की। आम आदमी पार्टी ने कहा कि बोकारो जिले की सबसे बड़ी सरकारी स्वास्थ्य संस्था में इस प्रकार की अव्यवस्था अत्यंत चिंताजनक है। भविष्य में किसी भी मरीज, विशेषकर बच्चों, की जान उपचार के अभाव में न जाए, इसके लिए स्वास्थ्य सेवाओं को तत्काल सुदृढ़ किया जाना आवश्यक है। साथ ही दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध निष्पक्ष जांच कर कठोर कार्रवाई की मांग की गई। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन से अविलंब सुधारात्मक कार्रवाई करने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि स्वास्थ्य व्यवस्था में शीघ्र सुधार नहीं किया गया और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो आम आदमी पार्टी बोकारो जिला इस जनहित के मुद्दे को सड़क से लेकर विधानसभा तक मजबूती से उठाएगी तथा व्यापक जनआंदोलन के लिए बाध्य होगा। प्रतिनिधिमंडल में मिथिलेश कुमार गिरी (जिला प्रवक्ता), राहुल विश्वकर्मा, मोहम्मद सेहराज खान भी शामिल रहे।

# राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शिक्षण संस्थानों में युवा प्रबोधन कार्यक्रम का आयोजन

## विद्यार्थियों ने विकसित भारत के निर्माण में नागरिक कर्तव्य निभाने का लिया संकल्प





**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के तहत आयोजित किए जा रहे कार्यक्रमों की कड़ी में बुधवार को बोकारो के श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल, सरस्वती विद्या मंदिर सेक्टर-3सी एवं बोकारो महिला कॉलेज में 'विकसित भारत के निर्माण में नागरिक कर्तव्य और स्व के मंत्र की भूमिका' विषय पर युवा प्रबोधन का आयोजन किया गया। तीनों शिक्षण संस्थानों में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत महाविद्यालयीन विद्यार्थी प्रमुख संजीत ने कहा कि राष्ट्र प्रथम की भावना संघ के कार्य का मूल आधार है। उन्होंने वर्ष 1925 में स्थापना से लेकर शताब्दी वर्ष तक संघ की यात्रा, संगठनात्मक परंपरा, अनुशासन और राष्ट्र सेवा के विभिन्न आयामों की जानकारी दी। उन्होंने शताब्दी वर्ष के अवसर पर संघ के 'पंच परिवर्तन' संकल्प का उल्लेख करते हुए युवाओं से 'स्व का भाव', कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण संरक्षण तथा नागरिक कर्तव्य को अपने जीवन में अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है। प्रत्येक नागरिक यदि अपने संवैधानिक एवं सामाजिक दायित्वों का ईमानदारी से पालन करे तो देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन से हुई। इसके बाद छात्र-छात्राओं ने 'विकसित भारत के निर्माण में नागरिक कर्तव्य और स्व के मंत्र की भूमिका' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। समापन अवसर पर उपस्थित सभी लोगों ने भारतीय संविधान में उल्लिखित 11 मौलिक कर्तव्यों एवं लोकतांत्रिक दायित्वों के पालन की शपथ ली। कार्यक्रम में अय्यपा पब्लिक स्कूल की प्रधानाध्यापिका पी. शैलजा जयकुमार, निदेशक एस.एस. महापात्रा, सरस्वती विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य संजीव कुमार, सचिव राजकुमार सिंह, बोकारो महिला कॉलेज की प्राचार्या नीलिमा मिश्रा सहित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के महानगर कार्यवाह रतन लाल महतो, महानगर प्रचारक सुधीर कुमार, मोहित कुमार तथा बड़ी संख्या में शिक्षक, प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# मुख्य डाकघर धनबाद को बम से उड़ाने की धमकी, खाली कराया गया पूरा परिसर




**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्य डाकघर, धनबाद को बम से उड़ाने की धमकी भरा एक ईमेल मिला है, जिसके बाद पूरे परिसर में अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार, यह धमकी भरा मूल ईमेल रांची ब्रांच को किसी 'मोहम्मद' नाम के व्यक्ति की आईडी से भेजा गया था। रांची ब्रांच ने बिना वक्त गंवाए इसकी सूचना तुरंत ईमेल के माध्यम से धनबाद के पोस्टमास्टर को दी। धमकी भरे इस ईमेल में दोपहर ठीक 1:00 बजे डाकघर को उड़ाने का समय दिया गया था। जैसे ही इस संवेदनशील सूचना की भनक डाकघर प्रशासन को लगी, विभाग में हड़कंप मच गया। धमकी की खबर मिलते ही डाकघर के अधिकारियों ने सूझबूझ दिखाई और तुरंत पूरे परिसर को खाली कराने का निर्देश दिया। काम कर रहे सभी डाककर्मी और अपने जरूरी कामों से पोस्ट ऑफिस आए आम नागरिक आनन-फानन में बाहर की ओर भागे। इस वक्त पोस्ट ऑफिस के बाहर लोगों की भारी भीड़ जमा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस बल तत्काल मौके पर पहुंचा और मुख्य गेट को सुरक्षा घेरे में ले लिया गया। पुलिस की टीम अंदर गहन सर्च ऑपरेशन चला रही है। राहत की बात यह है कि शुरूआती जांच में अभी तक अंदर से कोई भी संदिग्ध वस्तु या विस्फोटक बरामद नहीं हुआ है, लेकिन पुलिस कोई भी कोताही बरतने के मूड में नहीं है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com

CMYK